1986-2024 39 वर्ष स्वर्ण जयंती की ओर अग्रसर

राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र

स्वतंत्र चेतना

उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड व नई दिल्ली से प्रकाशित

प्रयागराज
वर्ष 33,अंक 317
शुक्रवार 26 जुलाई ,2024
पृष्ठ 12 ₹4.00

www.swatantrachetnanews.com

गोरखपुर , लखनऊ , प्रयागराज , कानपुर , नई दिल्ली , हरिद्वार , वाराणसी ,आजमगढ़ व अयोध्या से प्रकाशित



मनोज सिन्हा ने आईयूएसटी अवंतीपोरा के तीसरे दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

आज कारगिल में विश्व की सबसे ऊंची सुरंग के लिए मोदी करेंगे पहला विस्फोट

नयी दिल्ली/श्रीनगर,वार्ता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को 25वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कारगिल क्षेत्र का दौरा करेंगे। और इस दौरे में वह लद्दाख क्षेत्र में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विश्व की सबसे ऊंची शिंकुन ला सुरंग परियोजना का पहला विस्फोट करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के मुताबिक श्री मोदी कल सुबह लगभग 9:20 बजे कारगिल युद्ध स्मारक का दौरा करेंगे। वह कारगिल युद्ध के दौरान प्राणों की आहुति देने वाले शहीद वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

नीट-यूजी का अंतिम रिजल्ट जारी

नई दिल्ली। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट-यूजी2024 का रिवाइज्ड रिजल्ट जारी कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद यह नीट का फाइनल परिणाम है। यह रिवाइज्ड रिजल्ट 25 जुलाई को जारी किया गया है। जो छात्र नीट-यूजी 2024 की परीक्षा में बैठे थे, वे अपना रिजल्ट नीट की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

यह अपडेट सुप्रीम कोर्ट की ओर से मेडिकल प्रवेश परीक्षा को रद्द करने और दोबारा आयोजित करने की याचिकाओं को खारिज करने के बाद आया है। परीक्षा में भौतिकी के एक प्रश्न पर कुछ छात्रों को गलत अंक दिए गए थे। यहां देखिए रिजल्ट का लिंक।

नीट-यूजी- 2024 परीक्षा का आयोजन एनटीए ने 5 मई को दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:20 बजे तक किया था।

केजरीवाल को नहीं मिली राहत,8 अगस्त बढ़ी न्यायिक हिरासत

नयी दिल्ली,वार्ता। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने गुरुवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत की अवधि आगामी आठ अगस्त तक बढ़ा दी।

विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जेल में बंद श्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज धनशोधन के एक अन्य मामले में मुख्यमंत्री की हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ा दी गयी।

श्री केजरीवाल को तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया।

आवश्यक व्यावसायिक संदेश, काल पर रोक के नियम निर्देश पर सुझाव 5 तक बढ़ी

नयी दिल्ली,वार्ता। सरकार ने फोन पर अवांछित और अनुचित व्यावसायिक संदेश एवं कॉल पर रोकथाम एवं विनियमन, 2024 के दिशा-निर्देशों के प्रारूप पर सार्वजनिक टिप्पणियां एवं प्रतिक्रिया प्रस्तुत करने की समय सीमा पांच अगस्त तक बढ़ा दी है।

इसके लिए निर्धारित अवधि 21 जुलाई को पूरी हो गयी थी। इस अवधि को 15 दिन के लिए बढ़ा दिया गया है और अब ये टिप्पणियाँ अब पांच अगस्त तक प्रस्तुत की जा सकती हैं।

गुजरात व महाराष्ट्र में आसमानी आफत

● भारी बारिश से गुजरात व महाराष्ट्र के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात,गुजरात में 8 मरे ● हिमाचल में बादल फटा, अंजनी महादेव नाले में बाढ़, लेह मार्ग अवरूद्ध

नई दिल्ली। गुजरात में पिछले 3-4 दिनों से तेज बारिश का दौर चल रहा है। इससे वडोदरा, सूरत, भरूच और आणंद समेत कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। सिर्फ वडोदरा में ही 24 घंटे में 13.5 इंच बारिश हुई है। राज्य में बारिश से संबंधित घटनाओं में कुल 8 लोगों की मौत हुई है।

इन जिलों के निचले इलाकों से 826 लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट करना पड़ा है। कई जगहों पर स्कूलों-कॉलेजों की भी छुट्टी कर दी गई है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी तैनात की गई हैं। ट्रेन सर्विसेस भी बाधित हुई है।

इसके अलावा महाराष्ट्र के भी कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। एनडीआरएफ को अलर्ट पर रखा गया है। पुणे, ठाणे, रायगढ़ और पालघर में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। सिर्फ पुणे में ही बारिश संबंधित घटनाओं में 4 लोगों की मौत हो गई है।

मुंबई में जलभराव के कारण लोकल ट्रेनें 20 से 25 मिनट की देरी से चल रही हैं। मुंबई आने और मुंबई से जाने वाली एयर इंडिया की कुछ फ्लाइट्स भी कैंसिल हुई है।

एयरलाइंस ने कहा विजिबिलिटी घटने के कारण सेवाएं प्रभावित हुईं। यात्रियों को रिफंड किया जाएगा। मौसम विभाग ने कहा है कि मुंबई में देर रात से सुबह तक 100 से ज्यादा बारिश हुई है।

उधर हिमाचल प्रदेश के मनाली में सोलंगनाला से सटे अंजनी महादेव में कल देर रात बादल फटने से पलवान में भारी तबाही मच गयी है। पलवान पुल पर मलबा आने से मनाली लेह मार्ग अवरुद्ध हो गया है। बादल फटने से आई बाढ़ से पलवान में एक मकान भी ढह गया। यातायात को वैकल्पिक रूप से रोहतांग पास के माध्यम से भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार नाले में आई बाढ़ से एक मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके अलावा, केके हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट को भी नुकसान पहुंचा है। पहचान ब्रिज पर भी मलबा और पत्थरों के आने से सड़क पर काफी मलबा जमा हो गया है, जिससे इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप पड़ गई है।

राष्ट्रपति भवन का दरबार हाल व अशोक हाल बना गणतंत्र मंडप व अशोक मंडप

नयी दिल्ली,वार्ता। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ऐतिहासिक राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल और अशोक हॉल का नाम बदलकर क्रमशः गणतंत्र मंडप और अशोक मंडप कर दिया है।

राष्ट्रपति भवन की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी है।

राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में विभिन्न राष्ट्रीय पुरस्कारों और अन्य महत्वपूर्ण समारोहों का आयोजन किया जाता है.

विज्ञप्ति में कहा गया है कि स्वतंत्र भारत में दरबार शब्द अप्रासंगिक हो चूका है, गणतांत्रिक देश की भावना के अनुसार, इसका नया नामकरण करते हुये कहा गया है कि भारतीय समाज में गणतांत्रिक व्यवस्था की जड़ें प्राचीन काल से गहरी हैं। राष्ट्रपति भवन का अशोक हॉल अंग्रेजों के समय में बॉलरूम (नृत्यकक्ष) के रूप में प्रयोग में लाया जाता था।

उल्लेखनीय है कि ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन के दौरान राजधानी कलकत्ता (कोलकाता) से दिल्ली स्थानांतरित किये जाने से पहले गवर्नर जनरल कलकत्ता(अब कोलकाता) के गवर्नमेंट हाउस में रहते थे ।

यूपी पुलिस की रद्द परीक्षा की नई तारिखों का ऐलान

60 हजार पदों के लिए 5 दिन होगी परीक्षा

● परीक्षा अब 23,24, 25 , 30 व 31 अगस्त को दो पाली में होगी ● अभ्यर्थियों के रोडवेज बस मुफ्त होगी ● परीक्षा सेंटर बदलेंगे नये, एडमिट कार्ड होगें जारी, एडेड स्कूलों को ही बनाया जायेगा सेंटर ● पेपर लीक करने वालों पर कसेगा शिकंजा

स्वतंत्र चेतना

लखनऊ। पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों में लगे लाखों युवाओं के लिए अच्छी खबर है। योगी सरकार द्वारा हाल ही में निरस्त की गई पुलिस भर्ती परीक्षा की नई तारीख की घोषणा कर दी है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के 60244 पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा अब 23,24,25 अगस्त एवं 30,31 अगस्त 2024 को आयोजित कराने का निर्णय लिया गया है। पेपर लीक के आरोपो के चलते छात्रों की मांग पर यह परीक्षा निरस्त कर दी गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परीक्षा निरस्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया था कि यह परीक्षा 6 माह के अंदर शुचिता एवं पारदर्शिता के उच्चतम मानकों के अनुसार पुनः आयोजित कराई जाए। प्रदेश सरकार द्वारा परीक्षा को एक निश्चित समय सीमा के अंतर्गत शुचितापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से आयोजित करने की प्रतिबद्धता के क्रम में यह कार्यक्रम घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि चयन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से कराए जाने के संबंध में परीक्षा संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं, जिनमें परीक्षा की तैयारियों, परीक्षा केंद्रों के चयन, परीक्षार्थियों का सत्यापन, छद्मनिरूपण रोके जाने आदि के लिए विस्तृत दिशा निर्देश उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 19 जून 2024 को जारी किए गए है। यह परीक्षा इन सभी मानकों के अनुसार आयोजित की जा रही है।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के 60244 पदों पर सीधी भर्ती 2023 की लिखित परीक्षा निर्धारित तिथियों में आयोजित की जाएगी। जन्माष्टमी त्योहार के कारण परीक्षा में अंतराल दिया गया है। इन तिथियों को प्रतिदिन 2 पालियों में यह परीक्षा संपन्न कराई जाएगी तथा प्रत्येक पाली में लगभग 5 लाख अभ्यर्थी इस परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) की निःशुल्क बस सेवा की सुविधा प्राप्त होगी। अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार इसका लाभ ले सकते है, जिस-ाके लिए बस से यात्रा करने वाले अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश पत्र की अतिरिक्त दो प्रतियां डाउनलोड करनी होगी तथा उसकी एक प्रति परीक्षा केंद्र के जनपद तक की यात्रा एवं दूसरी प्रति परीक्षा के बाद अपने जनपद तक की यात्रा के लिए बस कंडक्टर को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों, जैसे प्रश्नपत्र लीक होना, उत्तर पुस्तिकाओं से छेड़छाड़ आदि को रोकने के लिए उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अध्यादेश-2024 एक जुलाई, 2024 को अधिसूचित किया गया है। इस अधिनियम में प्रावधान किया गया है कि इस अधिनियम के अंतर्गत परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करना, नकल करना या नकल कराना, प्रश्न पत्र का प्रतिरूपण करना या प्रकट करना या प्रकट करने का षड्यंत्र करना आदि कृत्य अपराध की श्रेणी में आते हैं, जो इस अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय है। ऐसे प्रकरणों में एक करोड़ तक का जुमार्ना और आजीवन कारावास तक की सजा, दोनों ही हो सकती है।

सुप्रीमकोर्ट से केन्द्र सरकार को झटका

रॉयल्टी कोई कर नहीं, खदानों पर कर लगाना राज्यों का अधिकार

● मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली बेंच ने 8-1 बहुमत से 35 साल पुराना पलटा अपना फैसला

नयी दिल्ली,वार्ता। उच्चतम न्यायालय ने करीब 35 साल पुराना अपना एक फैसला पलटते हुए गुरुवार को कहा कि रॉयल्टी कोई कर नहीं है तथा राज्यों के पास खनिजों और खदानों पर कर लगाने का अधिकार है।

शीर्ष अदालत की नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने केंद्र और विभिन्न खनन कंपनियों की आपत्तियों को खारिज करते हुए आठ-एक के बहुमत वाले फैसले से 1989 के सात सदस्यीय पीठ के फैसले (इंडिया सीमेंट लिमिटेड बनाम तमिलनाडु सरकार) को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि राज्यों के पास कर लगाने का कोई अधिकार नहीं है।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की संविधान पीठ ने यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने हालांकि, बहुमत के फैसले से असहमति जताई।

संविधान पीठ ने कहा कि खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम (खान अधिनियम) राज्यों को खनिज अधिकारों पर कर लगाने की शक्ति से वंचित नहीं करेगा। शीर्ष अदालत के बहुमत वाले इस फैसले में कहा गया है कि रॉयल्टी कोई टैक्स नहीं तथा विधानसभाओं के पास खनिजों वाली जमीन पर कर लगाने की विधायी शक्ति प्राप्त है।

गर्भ रखना या गर्भपात कराना महिला का अपना निर्णय : हाईकोर्ट

● 15 वर्षीय लड़की के 32 सप्ताह के गर्भ को हाईकोर्ट ने जारी रखने की दी अनुमति

स्वतंत्र चेतना

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बलात्कार पीड़िता 15 वर्षीय गर्भवती के मामले पर विचार करते हुए कहा है कि वह महिला का अपना निर्णय है कि वह गर्भावस्था जारी रखना चाहती है या गर्भपात कराना चाहती है।

न्यायमूर्ति शेखर बी. सर्राफ और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने पीड़िता और उसके माता-पिता से परामर्श के बाद 32 सप्ताह के गर्भ को समाप्त करने से जुड़े जोखिमों पर विचार कर गर्भावस्था जारी रखने की अनुमति दी है। कोर्ट ने कहा कि उसका मानना है कि एक महिला का यह निर्णय कि उसे अपनी गर्भावस्था को समाप्त करना है या नहीं, किसी और को नहीं बल्कि उसे ही लेना है। यह मुख्य रूप से शारीरिक स्वायत्तता के व्यापक रूप से स्वीकृत विचार पर आधारित है। राज्य का यह कर्तव्य है कि वह यह सुनिश्चित करे कि यह काम यथासंभव निजी तौर पर किया जाए और यह भी सुनिश्चित करे कि बच्चा, इस देश का नागरिक होने के नाते, संविधान में निहित मौलिक अधिकारों से वंचित न हो।

यूपी में जल्द भरे जायेंगे आयोगों, बोर्ड व निगमों के खाली पद

स्वतंत्र चेतना

लखनऊ। एक आम चलन है कि जब देश या किसी प्रदेश में सरकार बदलती है तो तमाम आयोगों, बोर्ड और निगमों की रूपरेखा भी बदल जाती है। नई सरकार इन पदों पर अपने हालोगोंह्न को बैठाने के लिये पुरानी सरकार में इन पदों पर आसीन अध्यक्षों, चेयरमैन आदि को हटा और अपने लोगों को बैठाकर यह काम किया जाता है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने कभी इस ओर ध्यान नहीं दिया कि अन्य सियासी दलों की तरह वह भी सत्ता हासिल करने के बाद अपने कार्यकताओं को ओबलाइज करने के लिये ऐसा कुछ करे। इससे बीजेपी के कार्यकताओं में नाराजगी भी देखने को मिलती है, जिसका अब योगी सरकार पर असर देखने को मिलने लगा है।

भाजपा में कार्यकताओं की उपेक्षा को लेकर घमासान के बाद अब उम्मीद जगाई जा रही है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकारी आयोग, बोर्ड और निगमों में खाली पड़े पदों पर अपने नेताओं और कार्यकताओं की नियुक्ति को लेकर बड़ा कदम उठा सकते हैं। इसी कड़ी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चैधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल ने क्षेत्रीय अध्यक्षों व क्षेत्र प्रभारियों के साथ बैठक भी की थी। इसमें गन्ना समितियों और नगर निकायों में पार्षदों के मनोनयन पर चर्चा की गई।

दरअसल, नगर निकायों में 2805 पार्षदों का मनोनयन होना है। तभी बैठक में निगमों, बोर्ड और आयोगों में समर्पित कार्यकताओं को मौका देने की बात उठी। इस पर प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री संगठन ने भी सहमति जताते हुए क्षेत्रीय अध्यक्षों से नगर निकायों में पार्षदों के मनोनयन वाले रिक्त पदों के साथ ही इन पर मनोनीत होने वाले कार्यकताओं के नाम भी प्रदेश कार्यालय को भेजने को कहा है। यह भी कहा गया है कि पार्षद के लिए मनोनीत होने वाले कार्यकताओं का चयन करते समय यह ध्यान रखा जाए कि कोई ऐसा कार्यकर्ता न छूट जाए तो वास्तविक हकदार है। इसी प्रकार गन्ना समितियों के चुनाव के लिए भी तैयारियों पर चर्चा की गई है। दोनों प्रदेश पदाधिकारियों ने कहा कि गन्ना समितियों में भाजपा की रीढ़ माने जाने वाले काडर कार्यकताओं को तरजीह दिया जाए। गन्ना समितियों के सभापति के नाम के चयन की जिम्मेदारी भी क्षेत्रीय अध्यक्षों को दी गई है।

नीट पेपर मामले की जांच करने फिर हजारीबाग पहुंची सीबीआई

● 2 संदिग्धों से पूछताछ के बाद गेस्ट हाउस में मारा छापा, हाथ लगे महत्वपूर्ण दस्तावेज

हजारीबाग। नीट पेपर लीक मामले की जांच को लेकर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम एक बार फिर से गुरुवार को झारखंड के हजारीबाग पहुंची। तीन वाहनों से पहुंची सीबीआई की टीम ने ओएसिस स्कूल और स्टेट गेस्टहाउस को खंगाला। टीम सबसे पहले दो संदिग्धों को लेकर गेस्ट-हाउस से निकली। कुछ देर के बाद तीसरे संदिग्ध को भी यहां से ले जाया गया। इस दौरान सीबीआई को कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज भी हाथ लगे हैं।

सीबीआई टीम कुछ दिन पहले भी जांच के लिए स्टेट गेस्टहाउस पहुंची थी और जांच के बाद उसे सील कर दिया था। गुरुवार को सील खोलकर सीबीआई टीम गेस्टहाउस में दाखिल हुई। जांच के दौरान टीम के करीब 12 सदस्य मौजूद थे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पटना से भी टीम के साथ पुलिस आई थी। इस दौरान सीबीआई अपने साथ तीन संदिग्धों को लेकर आई थी। सूत्रों ने बताया कि इसमें एक मुख्य आरोपित पंकज है, दूसरा गेस्टहाउस का मालिक राजू है। तीसरा व्यक्ति प्रश्न पत्र का सॉल्वर हो सकता है। करीब तीन घंटे तक सीबीआई गेस्टहाउस को खंगालती रही। इस दौरान फॉरेंसिक टीम भी उनके साथ थी।

जांच के बाद सीबीआई ने गेस्टहाउस को फिर से सील कर दिया है। सील किए गए दस्तावेजों पर बीपी राजू, अपर अधीक्षक साइबर अपराध जांच प्रभाग सीबीआई नई दिल्ली लिखा हुआ है।

व्यर्थ नहीं जायेगा कारगिल युद्ध के बहादुरों का बलिदान

● कारगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर सभी सशस्त्र बलों के सभी रैंकों को सीडीएस ने दी बधाई व शुभकामानाएं

नयी दिल्ली,वार्ता। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि कारगिल युद्ध में बहादुर सैनिकों द्वारा दिया गया सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा।

जनरल चौहान ने कारगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर सशस्त्र बलों के सभी रैंकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने संदेश में जोर देकर कहा कि कारगिल युद्ध में बहादुरों द्वारा दिया गया सर्वोच्च बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने कहा,यह न केवल सैनिकों बल्कि देश के युवाओं की भावी पीढ़ियों को भी प्रेरित करता रहेगा।

कारगिल युद्ध की विशिष्टता पर प्रकाश डालते हुए सीडीएस ने कहा कि कारगिल युद्ध में न केवल सेना के लिए बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े सभी लोगों के लिए सबक थे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि खून बह-ाकर सीखे गए सबक को नहीं भूलना चाहिए, गलतियों को दोहराया नहीं जाना चाहिए और सही सबक लेकर इरादे मजबूत करने चाहिए।

सशस्त्र बलों में सुधारों के बारे में, जनरल अनिल चौहान ने कहा कि तीनों सेनाएं एक बड़े सुधार की दहलीज पर हैं, जो संगठनात्मक, संरचनात्मक, वैचारिक से लेकर सांस्कृतिक तक है। उन्होंने कहा,इन सुधारों का अंतर्निहित उद्देश्य युद्ध दक्षता में सुधार करना और सशस्त्र बलों को हर समय लड़ाई के लिए तैयार रखना है। हमें पुरानी प्रथाओं को छोड़ने और नई प्रथाओं को अपनाने के लिए तैयार रहना चाहिए। सुधारों के आकार और रूपरेखा में भारतीय परिवेश और बुनीतियों की विशिष्टता को प्रतिबिंबित करना चाहिए।

सीडीएस ने देशवासियों को आश्वस्त किया कि सशस्त्र बल नई ऊर्जा से उत्साहित हैं क्योंकि राष्ट्र अमृतकाल में कदम रख रहा है और भारत को विकसित भारत बनाने के लिए देश के बाकी हिस्सों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

एक्ट ईस्ट नीति को बढ़ावा देगा आईआईएनसी आइजोल सामुदायिक रेडियो

● सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने किया भारत के 500वें सामुदायिक रेडियो स्टेशन का उद्घाटन

नई दिल्ली। भारतीय जन संचार (आईआईएमसी) के आइजोल परिसर में स्थित भारत के 500वें सामुदायिक रेडियो स्टेशन अपना रेडियो 90.0 एफएमह्न का उद्घाटन गुरुवार को केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू, अपर सचिव नीरजा शेखर एवं भारतीय जन संचार संस्थान की कुलपति डॉ. अनुपमा भटनागर भी उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत का 500वां सामुदायिक रेडियो स्टेशन हाअपना रेडियो 90.0 एफएमह्न आइजोल के लोगों के जीवन में बदलाव लाने और छात्रों, स्थानीय समुदाय और किसानों के जीवन को बेहतर बनाने में मुख्य भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाएक्ट ईस्टह्न की नीति अपनाई है और इस दिशा में हाअपना रेडियो 90.0 एफएमह्न मील का पत्थर साबित होगा।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव के अनुसार रेलवे की पहुंच और वैचारिक नीतियों को लागू कर उत्तर पूर्व क्षेत्र को अधिक समृद्ध बनाना हमारा लक्ष्य है और हम सभी को मिलकर इसके लिये सबसे बेहतर ईको सिस्टम बनाना होगा। शुभारंभ समारोह के दौरान केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री द्वारा 10वें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कारों की भी घोषणा की गई। वर्ष 2014 में जहां पूरे देश में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की संख्या 140 थी, वहीं पिछले दस वर्षों में यह संख्या बढ़कर अब 500 तक पहुंच गई है।

इस अवसर पर उपस्थित मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने कहा कि हम आइजोल में शुरू हो रहे 500वें सामुदायिक रेडियो स्टेशन को लेकर उत्साहित हैं। यह एक महत्वपूर्ण संख्या है। सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थानीय संस्कृति और स्थानीय लोगों के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि यह सामुदायिक रेडियो स्टेशन किसानों को सरकारी योजनाओं तथा कृषि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करने में सहायक होगा। इससे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने और हमारे समुदाय को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता और मजबूत होगी।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने आईआईएमसी को बधाई देते हुए कहा कि यह एक सुखद अवसर है कि हम आइजोल में 500वें सामुदायिक रेडियो स्टेशन की शुरूआत कर रहे हैं। सामुदायिक रेडियो पिछड़े क्षेत्रों के लोगों से संवाद करने में और प्राकृतिक आपदाओं से लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह व्यावसायिक उद्देश्य के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक उद्देश्य के लिए है। यह स्थानीय लोगों और छात्रों को शिक्षित भी करता है। हम 500वें सामुदायिक रेडियो स्टेशन तक पहुंच गए हैं। इस नाते हम सभी के लिये आज का दिन ऐतिहासिक है।

समारोह को संबोधित करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने कहा कि सामाजिक मुद्दों को उठाने में सामुदायिक रेडियो एक अहम भूमिका निभा रहा है सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, सामाजिक विकास और सशक्तीकरण के लिए सामुदायिक रेडियो की बेहतर पहुंच सुनिश्चित कर रहा है।

जिलाधिकारी ने सब रजिस्ट्रार कार्यालय प्रथम का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

प्रयागराज। जिलाधिकारी नवनीत सिंह बहल ने गुरूवार को सब रजिस्ट्रार कार्यालय प्रथम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रजिस्ट्रार कार्यालय, रिकार्ड रूम व परिसर का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने रिकार्ड रूम में रखी फाईलों को देखते हुए अव्यवस्थित ढंग से रखी फाईलों को व्यवस्थित ढंग से रखे जाने व अभिलेखों की निरंतर साफ-सफाई कराते रहने के लिए निर्देशित किया है।

साफ-सफाई का विशेष ध्यान व फाइलों को व्यवस्थित ढंग से रखने को कहा

उन्होंने कार्यालय में नियुक्त कर्मचारियों की संख्या व उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों की जानकारी प्राप्त की और कहा कि इनके अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति से कोई कार्य नहीं लिए जाये और जहां अभिलेख रखे है, वहां पर किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश न होने पाये, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने उप निबंधक सदर प्रथम को अपर जिलाधिकारी नजूल से मिलकर कार्यालय को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की कार्यवाही करने के लिए कहा। उन्होंने अभिलेखों के साथ-साथ विद्युत उपकरणों का भी ध्यान रखे जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह,उप निबंधक सदर वसुर्भुज पाण्डेय व अन्य सम्बंधित उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री बुनकर सौर ऊर्जा के लाभ हेतु करें आवेदन

प्रयागराज। परिक्षेत्र प्रयागराज के पावरलूम बुनकरों/समिति/यूनिट के उत्थान हेतु मुख्यमंत्री बुनकर सौर ऊर्जा योजना का संचालन किया जा रहा है। यूकि नियमित विद्युत आपूर्ति के अभाव में अधिकांश बुनकरों द्वारा डीजल जनरेटर का उपयोग पावरलूम के संचालन हेतु किया जाता है, जिसके फलस्वरूप वायु प्रदूशण का संकट बढता है एवं उत्पादन की लागत में वृद्धि भी होती है। इसका संज्ञान लेते हुए बुनकरों को गैर पारम्परिक ऊर्जा का लाभ दिलाने पर्यावरण की सुरक्षा एवं बुनकरों के उत्पादन क्षेत्र संयत्र दिये जाने का प्रावधान है। परिक्षेत्र प्रयागराज के पावरलूम बुनकरों/समिति/यूनिट उपरोक्त योजना का लाभ लेने हेतु किसी भी कार्यदिवस में योजना की गाईडलाइन के अनुसार आवेदन हेतु कार्यालय सहायक आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग 67 लाउदर रोड प्रयागराज से सम्पर्क कर सकते है।

सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार प्रसार के लिए झलवा में लगे कैम्प का विधायक ने किया उद्घाटन

प्रयागराज। सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार हेतु जनपद प्रयागराज के झलवा मे कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का उद्घाटन विधायक शहर पश्चिमी सिद्धार्थ नाथ सिंह द्वारा फीता काट कर किया गया। विधायक द्वारा सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अन्तर्गत स्फटप संयंत्र के बारे में जानकारी दी गयी।

विधायक ने कैम्प में मौजूद नेडा के अधिकारियों को जनता के बीच अधिकाधिक प्रचार- प्रसार हेतु निर्देश दिये। विधायक के द्वारा उनकी उपस्थिति में वृहद स्तर के कैम्प के आयोजनो के निर्देश भी दिये गए, जिससे जनता को अधिक से अधिक इस योजना का लाभ मिल सके। परियोजना अधिकारी कुमार गौरव द्वारा संयत्र स्थापित करने हेतु भी आगन्तुकों को जानकारी दी गयी। कैम्प में मुफ्त रजिस्ट्रेशन कराया गया, जिसमें लगभग 30 से 35 रजिस्ट्रेशन हुए। कार्यक्रम में पूर्व परियोजना अधिकारी नेडा मो. शाहिद सिद्दीकी, पार्षद रामलोचन साहू, राम जी शुक्ल विक्रम पटेल एवं आदि लोग उपस्थित रहे।

स्वगृहकर निर्धारण की अंतिम तिथि 31 जुलाई, शिवकुटी में गृहकर निवारण का लगा कैम्प

प्रयागराज। नगर निगम प्रयागराज द्वारा जी0आई0एस0 के आधार पर विगत वर्ष 2023-24 में जारी किये गये बिलों के समाधान के लिए नगर निगम सदन द्वारा नागरिकों के बढ़े हुए गृहकर बिल के निदान के लिए स्वकर-प्रपत्र भर कर, कर निर्धारण फाईनल किये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया था।

वरिष्ठ पार्षद कमलेश तिवारी शिवकुटी वार्ड नं0 34 के आवास पर नगर निगम के हाउस टैक्स निवारण के संदर्भ में कैंप लगाया गया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0द्विवेदी के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक जे0पी0द्विवेदी की पूरी टीम के साथ हाउस टैक्स से संबंधित समस्या का निवारण किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में स्थानीय गृहकरदाता एवं वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी रही। जिन्होंने अपने भवन के मूल्यांकन हेतु आपत्ति फार्म भर कर संशोधन/निवारण की कार्यवाही करायी गयी, साथ ही स्थानीय नागरिकों से अपील की गयी कि जिसका गृहकर मूल्यांकन अधिक हो वह आपत्ति फार्म भरकर इसका निवारण कर लें, आपत्ति फार्म भरकर जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है, जिन भवन स्वामियों द्वारा पुराने मूल्यांकन के आधार पर अपना गृहकर जमा कर दिया ऐसे नागरकि भी नगर निगम मुख्यालय में नागरिक सुविधा क्रेन्द में आकर देख ले कि उनका वित्तीय वर्ष 2022 में जी0आइएस0 सर्वे के आधार पर गृहकर का मूल्यांकन बढ़ गया है और उन्हें लगता है कि मेरा मूल्यांकन अधिक है तो तत्काल आपत्ति फार्म डालकर इस समस्या का समाधान कर ले। भवन स्वामियों के गृहकर बिलों के समाधान के लिए नगर निगम सदन द्वारा विगत फरवरी माह की बैठक में स्वकर निर्धारण की अन्तिम तिथि बढ़ाते हुए 31 जुलाई 2024 कर दी गयी है। जिससे वह स्वकर-प्रपत्र भर कर अपने बढ़े हुए गृहकर का निस्तारण करा लें तथा अपने भवन का गृहकर जमा करा दें, जिससे उन्हे अनावश्यक ब्याज आदि न भरना पडे।

हथकरघा बुनकर अपने उत्कृष्ट उत्पादों को दो सितम्बर तक करायें जमा

प्रयागराज। सहायक आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, प्रयागराज परिक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जनपद प्रयागराज फतेहपुर, बाँदा, चित्रकूट, प्रतापगढ एवं कौषाम्बी के समस्त हथकरघा बुनकर, मास्टर वीवर, डिजाईनर आदि को सूचित किया जाता है कि वर्श 2024-25 हेतु सन्त कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजनान्तर्गत हथकरघा पर निर्मित वस्त्रों में से उत्कृष्ट उत्पादो के चयन हेतु फुल साईज के सैम्पुल पूर्ण विवरण सहित जैसे वार्प, बेप्ट, सूत, रंग, डिजाईन तथा उनका तकनीकी विवरण सहित, कार्यालय सहायक आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, 67 लाउदर रोड, प्रयागराज द्वारा 2 सितम्बर तक मॉगे गये है।

पेशनर्स के नेत्र परीक्षण जॉच मे कैटरैक्ट से 72 लोग में से 24 प्रभावित पाए

प्रयागराज। गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा पेंशनर्स की आंखों की फ्री जांच एवं परामर्श का कैम्प, सिविल लाइन्स स्थित विनायक आशीर्वाद टावर के तृतीय तल पर चल रहा है। आंखों के रेटिना की,आंखों की नसों पर प्रेशर की,(एआर टी),पावर की,(एन सी टी),कैटरैक्ट की,आंखों में इन्फेक्शन आदि की मुफ्त जांच डॉ कमल जीत सिंह केंद्र निदेशक,डॉ संयोगिता गुप्ता, रिया गुप्ता,एम सोहन राव एव उनकी टीम द्वारा की जा रही है। अब तक कुल 72 सदस्यों या उनके परिवार के लोगी की आंखों की जांच हुई जिसमे 24 केट्रेक्ट से प्रभावित पाए गए। कुछ अन्य को दवाई डालने की सलाह दी गई।

गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आर एस वर्मा ने बताया कि उनके संगठन के अनुरोध पर कैम्प 31 जुलाई 2024 तक बढ़ा दिया

31 जुलाई तक जारी रहेगा पेंशनर्स की आंखों की निशुल्क जांच का कैम्प

गया है और कोई भी गवर्नमेंट पेंशनर अपने पेंशनर परिचयपत्र या पेंशनर होने का कोई भी प्रमाण दिखा कर अपना या अपने परिवार के सदस्य की आंखों की मुफ्त जांच दोपहर 2 बजे से 6 बजे विनायक आशीर्वाद टावर तृतीय तल पर करा सकता है। कैम्प में आज प्रमुख रूप से वेद प्रकाश, श्रीमती राजश्री श्रीवास्तव, रेखा वर्मा, साधु शरण उपाध्याय, गणेश शंकर, शशि बाला सिंह, स्वाधीन कुमार अधिकारी, अरविंद मालवीया आदि उपस्थित रहे।

इविवि के रासेयो स्वयं सेवकों ने एक पौध मां के नाम किया रोपित

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा चलाये जा रहे एक वृक्ष माँ के नाम अभियान के तहत चल रहे वृक्षारोपण के अन्तर्गत इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रो. मनमोहन कृष्ण ने भी वृक्षारोपण किया। उनके साथ-साथ समाजशास्त्र विभाग के प्रो. आशीष सक्सेना और अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. जावेद अख्तर जी ने भी वृक्षारोपण किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. राजेश कुमार गर्ग के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के अंतर्गत फलदार वृक्षों का रोपण किया जा रहा है।

इस अवसर पर प्रो. राजेश कुमार गर्ग ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी कार्यक्रम अधिकारियों और स्वयंसेवकों से इस अभियान के तहत अपने अपने आवासों के आस-पास एक-एक पेड़ लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण कर हमें प्रकृति के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन अवश्य करना चाहिये।

मेसर्स किट प्लाई इंडस्ट्रीज को राहत

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मेसर्स किट प्लाई इंडस्ट्रीज के खिलाफ चेक अनादर केस में जारी सम्मन आदेश रद कर बड़ी राहत दी है।

कोर्ट ने कहा कंप्लेंट कंपनी के ,एम डी गौरव गोयनका, सचिव शबनम जमाल,व मैनेजर कार्मिक देवेन्द्र सिंह व जी एम प्लांट सुरेश वंद वरनावत के खिलाफ दाखिल की गई है। मुख्य अभियुक्त कंपनी को अभियुक्त नहीं बनाया गया है। शिकायतकर्ता ने कंपनी को पक्षकार बनाने की अर्जी ट्रायल कोर्ट में दी है। जिसपर कंपनी के वेयरमैन पी के गोयनका ने आपत्ति दाखिल की है ।यह अर्जी अभी तय नहीं की गई है। ऐसे में ट्रायल कोर्ट द्वारा कंपनी को सम्मन जारी करना सही नहीं है।

कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को नियमानुसार कंपनी को पक्षकार बनाने की लंबित अर्जी दो माह में तय करने का निर्देश दिया है और कहा है कि नये सिरे से आदेश जारी किया जाय।

यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने मेसर्स किट प्लाई इंडस्ट्रीज की याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है। मालूम हो कि पाषर्वनाथ बुड प्रोडक्स रामपुर ने कंपनी को किट प्लाई आपूर्ति की। कंपनी ने पांच लाख रूपए का चेक जारी किया। कंपनी के खाते में बैलेंस न होने के कारण चेक का अनादर हो गया तो परक्राम्य विलेख एक्ट की धारा 138मे कंप्लेंट दायर की गई सी जे एम रामपुर ने 133अमस्त 12को कंपनी के अधिकारियों को सम्मन जारी किया जिसके खिलाफ पुनरीक्षण अर्जी सुप्रीम कोर्ट के अनीता हांडा केस के आधार पर स्वीकार करते हैं कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट का सम्मन रद कर नये सिरे से आदेश जारी करने का निर्देश दिया। पुनरीक्षण अर्जी पर तर्क दिया गया कि मुख्य अभियुक्त कंपनी पक्षकार नहीं है। इसलिए अधिकारियो के खिलाफ केस नहीं चल सकता इसके बाद शिकायतकर्ता ने कंपनी को पक्षकार बनाने की ट्रायल कोर्ट में अर्जी दी है जो लंबित है याचिका की पोषणीयता पर भी आपत्ति की गई कि प्रस्तावित अभियुक्त कंपनी को याचिका दायर करने का विधिक अधिकार नहीहै ।सम्मन स्तर पर उसे सुने जाने का अधिकार नहींहै ।केस ट्रायल कोर्ट को रिमांड किया जा चुका है।

◻ चेक अनादर मामले में बिना पक्षकार बनाये जारी सम्मन आदेश रद◻ ट्रायल कोर्ट को कंपनी को पक्षकार बनाने की अर्जी तय करने का निर्देश

ट्रांसफार्मर जल जाने से नैनी बाजार में अंधेरा, जनता परेशान

प्रयागराज। ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण प्रयागराज नैनी बाजार की विद्युत सप्लाई देर रात से अभी तक है घड़ाम, उमस भरी गर्मी से जनता परेशान, नैनी बाजार के व्यापारियों का पूरे दिन का व्यापार हुआ चौपट। इतने बड़े एरिया में अगर डबल ट्रांसफार्मर की होती व्यवस्था तो शायद अभी तक लोगों को न झेलनी पड़ती दिक्कतें, विभाग की लापरवाही उत्तर प्रदेश की बीजेपी सरकार को पड़ सकती है महंगी। अधिकारियों के मनमानी से जनता है त्रस्त। हर रोज की बन चुकी है लोगों की यह समस्या, सरकार बदलने के बाद शायद मिल जाए इस समस्या से निजात।

मुलायम सिंह यादव ने फूलन देवी को चंबल से निकालकर पहुँचाया था संसद में

प्रयागराज। आज समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय इलाहाबाद में फूलन देवी की पुण्यतिथि मनाई गयी। सपा के यमुनापार जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। मिडिया प्रभारी सूर्यदीप यादव सूरज ने बताया की कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ मान सिंह यादव और मुख्य वक्ता सपा के यमुनापार जिला उपाध्यक्ष जय शंकर भारतीय उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने कहा की फूलन देवी के साथ उस हद तक यातनायें हुई थी जिसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल है लेकिन हमारे मुलायम सिंह यादव ने फूलन देवी को चंबल से निकालकर संसद तक पहुँचाने का काम किया और देश में फूलन देवी को एक अलग नाम दिया।

वहीं एमएलसी डॉ मान सिंह यादव ने कहा की फूलन देवी महिलाओ के लिए वो उदाहरण है जिससे सीखा जा सकता है की आपके साथ कितना भी अन्याय हो लेकिन भीतर की आत्मा को नहीं मरने देना है और अन्याय के खिलाफ लड़ते रहना है मान सिंह ने और कहा की उस वक्त ना तो किसी पार्टी ने और ना ही किसी नेता ने फूलन देवी का साथ दिया लेकिन हमारे नेता मुलायम सिंह जी ने बिना किसी की परवाह किये फूलन देवी को टिकट देकर चुनाव लड़वाया और उस बेटी को संसद में बिठाया। इस दौरान सपा गंगापार जिलाध्यक्ष अनिल यादव, बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू पासी, समाजवादी अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय महासचिव राकेश यादव, क्षियाकर विजमा यादव, महबूब उस्मानी, राम सुमेर पाल, जगदीश यादव, आशुतोष तिवारी, सविता वैश्यवास आदि लोग उपस्थित रहे।

कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर पूर्व सैनिकों ने वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर दी सलामी

प्रयागराज। वीर सेनानी पूर्व सैनिक कल्याण समिति प्रयागराज के तत्वावधान में पूर्व सैनिकों ने कारगिल विजय दिवस(26 जुलाई 1999) की 25वीं वर्ष गांठ की पूर्व संध्या पर सैन्य युद्ध स्मारक स्मृतिका डी एस ओ आई पोनपा रोड न्यू कैंट प्रयागराज में वीर शहीदों को नमन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर सलामी दिया ,जय हिंद कहा तथा वीर शहीद अमर रहे ,वीर शहीदों की कुर्बानी याद करेगा हिंदुस्तानी, भारत माता की जय ,वंदे मातरम आदि नारे लगाए साथ ही कारगिल विजय की खुशी में राष्ट्र ध्वज तिरंगा लहराते हुए वंदे मातरम, वंदे मातरम ,वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत गा कर कारगिल विजय के खुशी का इजहार किया कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व सूबेदार कारगिल युद्ध विजेता श्याम सुंदर सिंह पटेल संरक्षक वीर सेनानी पूर्व सैनिक कल्याण समिति प्रयागराज ने किया संयोजन पूर्व सूबेदार कारगिल युद्ध विजेता ईश्वर चंद तिवारी अध्यक्ष ,महामंत्री पूर्व सूबेदार कारगिल युद्ध विजेता जी यादव आदि ने किया सर्वप्रथम न्यायमूर्ति कैप्टन डी पी एन सिंह (से.नि.) ने पुष्पमाला रीथ शहीदों को अर्पित कर उन्हें सलामी दिया तत्पश्चात सभी पूर्व सैनिकों ने शहीदों को सामूहिक रूप से पुष्पांजलि अर्पित कर सलामी दिया।

शिव भगवान का स्वरूप है और शंकर है स्वभाव-सतानंद जी महाराज

प्रयागराज। कर्तव्य पथ परिवार के तत्वाधान में आयोजित में मुंशी राम प्रसाद की बगिया नारायण वाटिका मुट्ठीगंज में श्री शिव महापुराण की कथा के द्वितीय दिवस पर कथा का रसपान कराते हुए सदानंद महाराज ने कहा कि मन एवं चरित्र को पवित्र करती है शिव महापुराण की कथा और मनुष्य का मनुष्यता ना बिगड़ जाए इसलिए कथा का श्रवण करना चाहिए क्योंकि कथा मनुष्य को राष्ट्र के प्रति निष्ठा उत्पन्न कराती है और जन्म और मरण से मुक्त करता है और कहा कि शिव भगवान का स्वरूप है और शंकर भगवान का है स्वभाव और प्रयंकर भगवान का प्रभाव है जो जगत का कल्याण करते हुए पूज्य व्यास जी ने आगे कहा शिव महापुराण में 24000 श्लोक हैं जो गायत्री मंत्र के 24 अक्षर की व्याख्या करता है कथा के मुख्य यजमान सपना आर्या रही।

मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि कथा स्थल नारायण वाटिका में 26 जुलाई को सुबह 9:00 बजे से 11000 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जाएगा और महा रुद्राभिषेक का आयोजन कथा की आरती में कुमार नारायण, सतीश चंद्र केसरवानी, मोहित केसरवानी, राम जी केसरवानी शौर्य मिश्रा, आदि सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

मां पर क्रूरता की चश्मदीद नाबालिग बेटी के अखंडित साक्ष्य तलाक देने के लिए पर्याप्त : हाईकोर्ट

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि नाबालिग बेटी के मां द्वारा लगाए गए क्रूरता के आरोपों को पुष्ट करने वाले अखंडित साक्ष्य हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 के तहत तलाक के लिए पर्याप्त आधार हैं।

दोनों पक्षों ने 1999 में शादी की और 2000 और 2003 में उनके दो बच्चे हुए। पारिवारिक न्यायालय के समक्ष, यह स्थापित हुआ कि दोनों पक्ष 2011 तक साथ-साथ रहते थे। दक्षिण अफ्रीका में रहते हुए, प्रतिवादी पति ने अपीलकर्ता पर हमला किया। अपीलकर्ता पर व्यभिचार का भी आरोप लगाया। हालांकि अपीलकर्ता दक्षिण अफ्रीका वापस नहीं जाना चाहती थी, लेकिन प्रतिवादी ने उसे अपने साथ आने के लिए राजी किया। एक बार जब अपीलकर्ता अपने बच्चों के साथ दक्षिण अफ्रीका लौट गई, तो आरोप है कि क्रूर व्यवहार जारी रहा ।प्रतिवादी पति की अनुपस्थिति के कारण, फेमिली कोर्ट ने एकपक्षीय कार्यवाही की। साक्ष्य में, नाबालिग बेटी ने मां और बच्चों पर शारीरिक हमलों का वर्णन करते हुए क्रूरता के आरोपों का समर्थन किया। बेटी ने कहा कि प्रतिवादी पति अपीलकर्ता और उसके बच्चों को कई दिनों तक बंद करके रखता था। इसलिए वे 2013 में स्थायी रूप से वापस आ गए। न्यायालय ने पाया कि प्रतिवादी द्वारा किसी भी स्तर पर इस तरह के साक्ष्य से इन्कार नहीं किया गया और इस तरह के साक्ष्य के खिलाफ कोई सामग्री पेश नहीं की गई।

बरेली केपारिवारिक न्यायालय/फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या 1 के न्यायाधीश ने तलाक की याचिका इस आधार पर खारिज कर दी थी कि क्रूरता के आरोप अस्पष्ट प्रकृति के थे। न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति दोनाडी रमेश की पीठ ने कहा कि हालांकि तलाक के आधार के रूप में 'क्रूरता' को परिभाषित करने के लिए कोई सीधा फार्मूला नहीं है, लेकिन क्रूरता के संबंध में नाबालिग बेटी का साक्ष्य पर्याप्त साक्ष्य है। क्योंकि इसे कभी चुनौती नहीं दी गई या इसका खंडन नहीं किया गया।

कोर्ट ने कहा कि तलाक के लिए एक आधार के रूप में क्रूरता को परिभाषित करना कठिन है और साथ ही कोई सीधा-सादा फार्मूला नहीं अपनाया गया है, लेकिन एक बार जब पक्षों की नाबालिग बेटी ने विशेष रूप से यह बयान दे दिया कि प्रतिवादी ने कई बार उसकी मां का गला घोंटने की कोशिश की थी।

मुक्त विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर आज

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा एवं तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में 26 जुलाई को पूर्वाह्न 11:00 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर में होना सुनिश्चित हुआ है।

यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने बताया कि इसी क्रम में विनीता अस्पताल, फाफामऊ, प्रयागराज एवं स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के संयुक्त तत्वाधान में 27 जुलाई को पूर्वाह्न 11:00 बजे सरस्वती परिसर में ही स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें विश्वविद्यालय के निदेशक, प्रभारी, अधिकारी, शिक्षक, परामर्शदाताओं,कर्मचारियों एवं शोध छात्रों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी।

हैंड ग्रेनेड जैसी संदिग्ध वस्तु मिलने से मचा हड़कम्प

प्रयागराज। शहर के अल्लापुर में हैजा अस्पताल के बगल झोपड़ बस्ती में गुरुवार शाम खलबली मच गई। हैंड ग्रेनेड जैसी संदिग्ध वस्तु के मिलने की खबर पर जार्जटाउन पुलिस मौके पर पहुंची।

◻ प्रयागघाट रेलवे लाइन के बगल नाला सफाई के दौरान मिला ◻ सफाईकर्मी उठा ले गया हैजा अस्पताल स्थित अपने घर

आसपास के घरों को खाली कराकर बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया। इसके बाद संदिग्ध वस्तु को परेड मैदान में लाकर डेमोलेशन सेट के जरिए डिस्पोज किया गया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

पुलिस के मुताबिक प्रयागघाट रेलवे लाइन (थाना दारागंज) के बगल नाला सफाई के दौरान सफाई कर्मी चंदन कुमार निवासी हैजा अस्पताल, बउवा एवं विकास निवासी परेड दारागंज(झोपड़ी) को यह हैंड ग्रेनेड जैसी वस्तु मिली। चंदन कुमार इसे अपने घर हैजा अस्पताल के बगल झोपड़ बस्ती में ले आया गया। कुछ लोगों ने उसे हैंड ग्रेनेड होने की जानकारी दी तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। जार्जटाउन पुलिस ने हैंड ग्रेनेड जैसी वस्तु को देखकर तत्काल कंट्रोल रूम और बीडीएस टीम को सूचना दी। आसपास के घरों को खाली करा लिया गया। हैंड ग्रेनेड मिलने की खबर से लोग सकते में आ गए। बीडीएस टीम के पहुंचने के बाद उसे कब्जे में लिया गया। इसके बाद परेड मैदान में गड्ढा खुदवाकर बम निरोधक दस्ते ने डेमोलेशन सेट के जरिए इसे निष्क्रिय किया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि यह संदिग्ध वस्तु देखने हैंड ग्रेनेड जैसी थी। यह लगभग दस साल से जमीन में दबे होने की वजह से जंग लगा हुआ था। यह पूरी तरह से निष्प्रयोज्य था। लेकिन एहतियातन इसे निष्क्रिय करा दिया गया।

कारगिल विजय दिवस के पूर्व संध्या पर भाजपा युवा मोर्चा ने निकाला मशाल जुलूस

प्रयागराज। कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर भाजपा युवा मोर्चा प्रयागराज महानगर के द्वारा मशाल जुलूस निकालकर कारगिल के वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मशाल जुलूस का नेतृत्व युवा मोर्चा अध्यक्ष रोहित पप्पू पांडे ने किया। मशाल जुलूस कटरा मनमोहन पार्क से शुभारंभ की गई जो बालसन चौराहा से होते हुए आजाद पार्क की प्रतिमा पर समाप्त हुई। इस अवसर भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, राजेश केसरवानी,नीरज त्रिपाठी, सचिन मिश्रा, सोनू सिंह, सिद्धार्थ पांडे ,अभिनव चौधरी, अंकुज अभिषेक सिंह हर्षित एवं युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उमरे महाप्रबंधक ने प्रयागराज कानपुर खण्ड का किया विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

प्रयागराज। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे, उपेंद्र चन्द्र जोशी ने प्रयागराज मंडल के प्रयागराज- कानपुर खण्ड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि विंडो-

अमृत भारत स्टेशन में चयनित फतेहपुर, पनकी, कानपुर, अनवरगंज, गोविन्दपुरी स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों का लिया जायजा कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर चल रहे रिडेवलपमेंट कार्यो का किया निरीक्षण

ट्रेलिंग निरीक्षण भारतीय रेल में एक विशेष निरीक्षण है, जिसमें चलती ट्रेन से एक निरीक्षण कार की पिछली खिड़की से ट्रैक और उसके आसपास के प्रतिष्ठानों जैसे सिग्नल, ओएचई, प्लेटफॉर्म आदि का निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान, मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों की सफाई और समग्र स्थिति, विशेष रूप से प्वाइंट और क्रॉसिंग पर ट्रेन की सवारी की गुणवत्ता, ट्रैक ज्योमेट्री इंडेक्स (टीजीआई) में सुधार, ओएचई स्थिति, समपार फाटकों की स्थिति जैसे महत्वपूर्ण पैरामीटर आदि महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा देखे गए।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे ने अमृत भारत स्टेशन के अंतर्गत चयनित फतेहपुर, पनकी धाम, गोविंदपुरी, कानपुर अनवरगंज स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों और कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर चल रहे रिडेवलपमेंट कार्यों का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने सर्वप्रथम अमृत स्टेशन के

रूप में चयनित फतेहपुर स्टेशन का निरीक्षण किया, इस दौरान महाप्रबंधक ने स्टेशन और सकुर्लेटिंग एरिया में सुचारु ड्रेनेज सिस्टम, कार्य की गुडवत्ता बनाये रखने और निर्धारित समय में कार्य को पूरा करने के निर्देश दिये। महाप्रबंधक ने कानपुर क्षेत्र के पनकी धाम, गोविंदपुरी, कानपुर अनवरगंज स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया और निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता मान को के उच्च स्तर को बनाये रखने के साथ निर्धारित समय में पूर्ण करने के लिए निर्देश दिये। महाप्रबंधक ने कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर स्टेशन रिडेवलपमेंट के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और संबन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रगति कार्यों की समीक्षा की। इसी क्रम मे उप मुख्य इंजीनियर/ निर्माण ने कानपुर सेंट्रल के रिडेवलपमेंट की कार्य योजना को एक पीपीटी और वॉक थ्रू के माध्यम से महाप्रबंधक को अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि, चल रहे कार्यों से रेल यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, कार्य की उच्चतम गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्यो का संपादन किया जाए।

महाप्रबंधक ने कानपुर क्षेत्र के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और कानपुर क्षेत्र मे चल रहे विकास कार्यों की प्रगति के बारे में कानपुर क्षेत्र के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि कानपुर क्षेत्र में बहुत से अप ग्रेडेशन के कार्यो का कार्यावयन होना है। सभी अधिकारियों की अपनी भूमिका को समझते हुए अपना 100% देना होगा। महाप्रबंधक ने यूनियन के पदाधिकारियों के साथ भी बैठक कर विभिन्न विषयों पर बातचीत की और हो रही समस्याओं का हर संभव निराकरण करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मण्डल हिमांशु बडोनी, वरिष्ठ मण्डल परिचालन प्रबंधक श्री कृष्ण शुक्ला सहित उनकी टीम तथा कानपुर क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान उप मुख्य यातायात प्रबंधक, कानपुर आशुतोष सिंह कानपुर क्षेत्र ने अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

रेलकर्मियों को प्रयागराज जं. छिवकी एवं सूबेदारगंज में दिया गया फायर एण्ड सेफ्टी प्रशिक्षण

प्रयागराज। कुम्भ मेला 2025 को ध्यान में रखते हुये प्रयागराज मण्डल के प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी एवं सूबेदारगंज सहित विभिन्न स्टेशनों पर 8 से 25 जुलाई तक फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण 2025 से सम्बंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण जिसमे सभी विभागों के लगभग 1000 कर्मचारियों शामिल हुये।

सूबेदारगंज स्टेशन के वेटिंग हॉल में

सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर संरक्षा मीटिंग का आयोजन

फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण 2025 से संबंधित संरक्षा एवं फायर फाइटिंग का आयोजन किया गया, जिसमे रेलवे के विभिन्न विभागों के 51 कर्मचारियों ने भाग लिया। संरक्षा-प्रशिक्षण के बाद सभी कर्मचारियों को फायर फाइटिंग भी कराया गया। संरक्षा प्रशिक्षण से सम्बंधित निम्न विषयो पर चर्चा किया गया। संरक्षा (सी&ए) एक तकनीकी, तरीका, आइडिया, नियम या जुगाड़ है, जिसका उपयोग करके हम स्वयं की रक्षा करते हैं, दूसरो की रक्षा करते हैं, रेलवे के सम्पति की रक्षा करते हैं और रेल परिसर के वातावरण की रक्षा करते है। संरक्षा/सी&ए से काम करने पर हमारे स्वास्थ्य में सुधार होता है, सिस्टम में सुधार होता है, कोई होने वाली घटना-दुर्घटना से बचते एवं बचाते हैं जिससे रेलवे की अर्थ व्यवस्था में बढ़ोत्तरी होगी। संरक्षा करना हमारी भैतिक जिम्मेदारी, कानूनी जिम्मेदारी तथा रेलवे की अर्थ व्यवस्था को मजबूत करना भी जिम्मेदारी है। संरक्षा की जिम्मेदारी हम सबकी होती है जैसे कर्मचारी की, खुपरवाइजर की तथा अधिकारी की, एक सतर्क कर्मचारी संरक्षा का सर्वोत्तम साधन होता है। आग के बारे में सभी कर्मचारियों को निम्नवत बिन्दुओं पर बताया

गया।

आग एक रासायनिक प्रतिक्रिया है जो ऑक्सीजन, ऊष्मा और ईन्धन के मिलने एवं उसमे होने वाली लगातार प्रतिक्रिया से उत्पन्न हो जाती है। आग बुझाने के लिये किसी एक सप्लाई को बन्द कर देते हैं, जिससे आग बुझ जाती है। जैसे ऑक्सीजन को रोकना कहते है, ईन्धन को हटाकर या कम करके आग बुझाते हैं उसे कहते हैं, इसी तरह हम आग पर पानी डालकर बुझाते हैं उसे कुलिंग मेथड कहते हैं। आग के प्रकार जैसे ठोस, द्रव, गैस, धात्विक पदार्थो एवं बिजली से लगने वाली आग को बुझाने के लिये अलग-अलग अग्निशामक यन्त्रो का प्रयोग करना। अग्निशामक यन्त्र कितने तरह के होते हैं, तथा उसका प्रयोग कैसे करते हैं। स्टेशन परिसर में ड्यूटी के दौरान आग लगने पर तुरन्त साइट पर पहुचना, बचाव का कार्य करना तथा आग भी बुझाना चाहिये। फायर और सेफ्टी ट्रेनिंग फॉर मेला 2025 के दौरान संरक्षा सलाहकारचन्द्रिका प्रसाद ने उपरोक्त विषयो पर संरक्षा-प्रशिक्षण/काउंसलिंग, तथा प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विस्तार से समझाया एवं विभिन्न प्रकार के अग्निशामक यन्त्रो की फायर फाइटिंग भी कराया गया। फायर और सेफ्टी ट्रेनिंग के दौरान सूबेदारगंज प्रशिक्षण केंद्र के मुख्य अनुदेशक, नन्द लाल; वरिष्ठ अनुदेशक, राम बिहारी वर्मा; स्टेशनअधीक्षक, कौशलेंद्र प्रसाद; मुख्य टिकट निरीक्षक, अनुराग कपूर; निरीक्षक/रेलवे सुरक्षा बल, अनिरुद्ध जाजीड; वरर्ष खंड अभियंता/लोको, एस.के. सिंह, रजा हैदर एवं शुभम जैसवाल भी उपस्थित थे।

उदयभान की रिहाई को लेकर सपा विधायक बिजमा हाईकोर्ट में देगी चुनौती

प्रयागराज। भाजपा के पूर्व विधायक उदयभान करवरिया के आचरण को देखते हुए उनकी समय पूर्व रिहाई को प्रतापपुर से सपा विधायक विजमा यादव ने अनुचित बताया है। सरकार के निर्णय पर सवाल उठाते हुए कहा कि दिनदहाड़े एके-47 से गोलियां बरसाकर उनके पति विधायक जवाहर यादव उर्फ जवाहर पंडित की हत्या की गई थी। उदयभान उसमें आरोपी हैं। इनका परिवार कई पीढ़ी से अपराध में लिप्त है। ऐसे व्यक्ति का जेल में आचरण कैसे अच्छा हो सकता है?

अशोकनगर स्थित अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार ने 2018 में भी उदयभान की सजा वापस ली थी, जिस पर हाई कोर्ट ने रोक लगाई है। यह मामला अभी हाई कोर्ट में लंबित है। इसके बावजूद सरकार ने उन्हें रिहा कर दिया है। इस निर्णय को हाई कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। वहां से मुझे न्याय की पूरी उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अगर हत्या करके आजीवन कारावास की सजा पाने वाले व्यक्ति का आचरण इतना अच्छा हो जाता है तो ऐसे सारे कैदियों को रिहा कर देना चाहिए।

बाढ़ आपदा से बचाव के लिए डीएम की अगुवाई में हुआ राज्यस्तरीय मॉक ड्रिल अभ्यास

बाढ़ पीड़ितों जनमानस, पशुओं को रेस्क्यू करके कैसे बचाया जाए इसका हुआ रिहर्सल

प्रयागराज। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम क्षेत्र के वी.आई.पी घाट पर जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के तत्वाधान में

राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। जिसके तहत कोई आपदा आती है, तो कितना जल्दी उससे बचाव किया जा सकता है, के बारे में मॉक एक्सरसाइज के माध्यम आम जनमानस एवं वार्डन्स को जानकारी दी गयी। ई0ओ0सी बाढ़ द्वारा बताया गया कि अतिवृष्टि के कारण घूस्सा घाट पर जलस्तर बढ़ रहा है संगम किला के पास नाव पलट गयी, जिसके बचाव के लिए एस0डी0आर0एफ0, जल पुलिस, पी0ए0सी0 की टीमे एवं आर्मी की टीम घटना स्थल के लिए रवाना कर बाढ़ पीड़ितों एवं बाढ़ से प्रभावित पशुओं एवं आमजनमानस को रेस्क्यू करके कैसे बचाव किया जा सकता है, का रिहर्सल/मॉकड्रिल किया गया। सेना के जवानों एवं गोताखोरों की मदद से खोज एवं बचाव कार्य सम्पादित किया गया, जिसके पश्चात प्रभावित व्यक्तियों एवं पशुओं को मेडिकल कैम्प पर पहुंचाया गया एवं कैम्प पर उपस्थित चिकित्सकों द्वारा बाढ़ प्रभावित पशुओं एवं

व्यक्तियों का इलाज का रिहर्सल किया गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह, कर्नल विकास खरे, मेजर विनोद भलोटिया, होमगार्ड टीम, सीफ वार्डन अनिल कुमार, उप नियन्त्रक नीरज मिश्र, एडीसी(गजटेड) राकेश कुमार तिवारी जल पुलिस के नेतृत्व में एस0डी0आर0एफ0 व उनकी टीम, पी0ए0सी 4 वी बटालियन, पी0ए0सी 42 वी बटालियन, मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यालय से डॉ0 संजय बरनवाल व उनकी टीम, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी कार्यालय से डॉ0 प्रेम कुमार सिंह, डॉ0 एम0पी0 सिंह व उनकी टीम आपदा प्रबंधन सहायक अनिम कुमार, पूर्व जल पुलिस निरीक्षक कड़ेदीन यादव, सिविल डिफेंस के स्टाफ आफिसर एवं वालेंटियर्स वार्डन सहित सम्बंधित विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।

ट्रेनों के संरचना में स्थायी रूप से किया परिवर्तन

प्रयागराज। रेल प्रशासन यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ियों के गाड़ी संरचना मे स्थाई रूप से परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी सं.14124/14123 कानपुर- प्रतापगढ़ इंटरसिटी एक्सप्रेस एसएलआरडी -2 सामान्य -9 =11 डिब्बे, एसएलआरडी -2 सामान्य - 10 =12 डिब्बे कानपुर से 25 जुलाई से प्रतापगढ़ से 26 जुलाई को परिवर्तन होगा। गाड़ी सं.14110/14109 कानपुर- चित्रकूटधाम इंटरसिटी एक्सप्रेस कानपुर से 26 जुलाई चित्रकूटधाम से 28 जुलाई, गाड़ी सं.14102/14101 कानपुर- प्रयागराज संगम इंटरसिटी एक्सप्रेस कानपुर से 27 जुलाई, प्रयागराज संगम से 26 जुलाई गाड़ी सं.22442/22441 कानपुर- चित्रकूटधाम इंटरसिटी एक्सप्रेस कानपुर से 28 जुलाई, चित्रकूटधाम से 26 जुलाई को स्थायी परिवर्तन होगा।

रेल प्रशासन विशेष गाड़ियों का अतिरिक्त फेरे में करेगा संचालन

प्रयागराज। रेल प्रशासन यात्रियों की सुविधा हेतु विशेष गाड़ियों का अतिरिक्त फेरो का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 03007 हावड़ा खातीपुरा रविवार 28 जुलाई से 29 अगस्त तक संचालन होगा। इस गाड़ी में कुल 21 कोच होंगे। 03008 खातीपुरा हावड़ा मंगलवार 30 जुलाई से 1 सितम्बर तक 03509 आसनसोल खातीपुरा मंगलवार 30 जुलाईई से 27 अगस्त तक विस्तार किया है इस गाड़ी में कुल 24 डिब्बे होंगे। 03510 खातीपुरा आसनसोल 03409 मालदा टाउन खातीपुरा 03410 खातीपुरा मालदा टाउन 03131 सियालदह गोरखपुर 03132 गोरखपुर सियालदह 05289 मुजफ्फरपुर पुणे साप्ताहिक 05290 पुणे मुजफ्फरपुर साप्ताहिक का संचालन होगा।

भाजपा के पूर्व विधायक उदयभान करवरिया नैनी जेल से रिहा

प्रयागराज। भाजपा के पूर्व विधायक उदयभान करवरिया को प्रातः 7.30 बजे नैनी सेन्ट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। जवाहर पंडित हत्याकांड में उदयभान अपने बड़े भाई कपिलमुनि करवरिया एवं सूरज

राज्यपाल के आदेश पर समय से पूर्व छूटे, हुआ भव्य स्वागत, घर पर समर्थकों का लगा तांता

भान करवरिया के साथ आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के आदेश पर समय से पूर्व श्री करवरिया को रिहा करने का आदेश जारी किया था। राज्यपाल ने यह आदेश जिला प्रशासन की उस संस्तुति पर जारी किया था। जिसमें जेल में श्री करवरिया का आचरण अच्छा बताया गया था। जिसके आधार पर उन्हें राहत देते हुए

समय से पूर्व रिहायी का आदेश दिया गया।

गौरतलब है कि जवाहर पंडित हत्या काण्ड में उदयभान करवरिया समेत उनके भाई कपिलमुनि करवरिया और सूरजभान करवरिया भी आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। वृहस्पतिवार को सुबह जेल के गेट पर उनकी पत्नी पूर्व विधायक नीलम करवरिया उनके बेटे सहित परिजन रिहायी के लिए पहुंच गये थे। बीती रात जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने उनके रिहायी के आदेश पर हस्ताक्षर करके नैनी जेल भेज दिया था। कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद उन्हें गुरुवार को सुबह 7.30 बजे रिहा कर दिया गया।

एसएसएफ की तीसरी बटालियन के लिए बारा मे उपसेनानायक ने निरीक्षण करं भूमि किया चिन्हित

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स (यूपीएसएसएफ) कि

40 एकड़ भूमि में लगभग 500 करोड़ की लागत से बटालियन भवन का होगा निर्माण

तृतीय वाहिनी प्रयागराज की स्थापना हेतू तहसील बार' के ग्राम देवरिया में तथा तहसील फूलपुर के ग्राम मानेचु तथा कनेहटी में भूमि की तलाश की गई। एक ही स्थल पर टोटल 40 एकड़ भूमि में लगभग 500

करोड़ की लागत से बटालियन का निर्माण होना है, वर्तमान में 39 बिटालियन यूपीएसएसएफ का कार्य अस्थाई रूप से चतुर्थ वाहिनी धूमनगंज परिसर से ही संचालित किया जा रहा है' यूपीएसएसएफ तृतीय वाहिनी में 903 पुलिसकर्मी नियुक्त हो चुके हैं 'यूपीएसएसएसएफ के पुलिस कर्मियों के द्वारा सिविल एयरपोर्ट प्रयागराज, चित्रकूट एयरपोर्ट, कानपुर मेट्रो सुरक्षा तथा कानपुर के जनपद न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था में ड्यूटी प्रारंभ कर दी गई है। गुरूवार को 39बिटालियन यूपीएसएसएफ के अधिकारी सुरेश चंद्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक / उपसेनानायक, प्रेम प्रकाश सहायक सेनानायक, केशव चंद्र राय प्रभारी निरीक्षक तथा इंजीनियर शिवम तिवारी के साथ जमीनों की उपयुक्तता का सर्वे किया गया। अभी जमीन की तलाश की जा रही है कही पर भी अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

फूलपुर और

फर्जी मेडिकल रिपोर्ट पर चल रही आपराधिक कार्यवाही रद

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कोर्ट आदेश पर शंकरगढ़, प्रयागराज के पहाडी कला गांव में तालाब भूमि पर अतिक्रमण के निरीक्षण के दौरान प्रधानपति धर्मेन्द्र सिंह द्वारा दर्ज एफआईआर की विवेचना में हस्तक्षेप करने व व्यवधान डालने पर शिकायतकर्ता पर 50हजार रूपए का हर्जाना लगाया है और झूठी मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर ए सी जे एम प्रयागराज की अदालत में राज्य बनाम आत्मा प्रसाद सिंह व अन्य केस कार्यवाही रद कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी ने उसी गांव के अधिवक्ता प्रवीण कुमार सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। मालूम हो कि यायी की याचिका पर कोर्ट ने मौके की जांच करने का जिलाधिकारी को आदेश दिया था जब तालाब के अतिक्रमण का निरीक्षण अधिकारी कर रहे थे तो विवाद के कारण पूरा नहीं हो सका और दोनों तरफ से एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने दोनों में चार्जशीट दाखिल की। कोर्ट ने सम्मन भी जारी किया है जिसे याचिका में चुनौती दी गई थी।

कोर्ट ने कहा सरकार की झूठी है कि वह कानून व्यवस्था कायम रखे किंतु इस मामले में वह विफल रही। कोई कार्रवाई नहीं की गई हुनी हुई प्रधान रबर स्टैम्प बनी हुई है और प्रधानपति सारा काम कर रहा है। यायी का कहना था कि फर्जी मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर शिकायतकर्ता ने एफआईआर दर्ज कराई है और विवेचना अधिकारी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों का बयान नहीं लिया और चार्जशीट दाखिल कर दी।

कई विशेष ट्रेनों का होगा अतिरिक्त फेरों में संचालन अवधि में संशोधन

प्रयागराज। रेल प्रशासन ने पूर्व सूचित गाड़ी सं. 02525/02526 कामाख्या-आनंद विहार ट. विशेष गाड़ी के अतिरिक्त फेरो की संचालन अवधि में संशोधन करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी सं. 02525/02526 कामाख्या-आनंद विहार ट. विशेष गाड़ी कामाख्या से गाड़ी सं 02525, प्रति शुक्रवार 2 एवं 9 अगस्त 02 फेरे आनंद विहार ट. से गाड़ी सं 02526, प्रति रविवार 4 एवं 11 अगस्त तक 02 फेरे संचालन होगा।

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु निम्न विशेष गाड़ी के अतिरिक्त फेरों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी सं 03109/03110 सियालदह -वडोदरा -सियालदह विशेष गाड़ी वाया डानकुनी- 03109 सियालदह-वडोदरा 03110 वडोदरा-सियालदह का अतिरिक्त फेरों में संचालन होगा।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन संख्या 628ए मीरापुर प्रयागराज स्थित भवन को 19 सितम्बर 2019 को विनोद कुमार मेहरोत्रा से क्रय किया था। रजिस्ट्री के समय मकान का पूर्व के सभी पेपर्स लिया था जिसमें वसीयतनामा श्यामजी सोनी पुत्र रामजी सोनी ने किया था जिसे क्रेता ने प्राप्त किया था। बैंक से लोन लेने के लिए मूल दस्तावेज वसीयत को दिखाने ले जा रहा था कि रास्ते में मकान के मूल दस्तावेजों वाला बैग कही गिर गया था। बहुत खोजने पर नहीं मिला तो मूल वसीयतनामा व दस्तावेज खोने का 24 जुलाई को ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करा दिया है।

अजय कुमार दुबे नि. 207/230 शिव कुंज अपार्टमेंट फ्लैट नं. द्वितीय तल-3 बहादुरगंज, प्रयागराज।

कारगिल विजय दिवस पर आज प्रज्वलित होगा एक दीप शहीदों के नाम

प्रयागराज। शिव शक्ति सेना केतत्वावधान में चौक लोकनाथ चौराहे पर 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शुक्रवार की शाम 7 बजे लोकनाथ चौराहे पर एक दीप शहीदों के नाम प्रज्ज्वलित करने के कार्यक्रम का शुभारंभ योगी जी महाराज द्वारा मां भारती की आरती के साथ किया जाएगा। कारगिल युद्ध में शहीद हुए शहीद रणबांकुरों के याद में दीप प्रज्ज्वलन के साथ दो मिनट का मौन विधायक हर्षवर्धन के नेतृत्व में करके श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

कारगिल विजय दिवस पर सी.बी.सी. आज करेगा नवाबगंज में जागरूकता कार्यक्रम

प्रयागराज। देश में हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारतीय सेना ने 1999 में कारगिल युद्ध में विजय हासिल की। कारगिल युद्ध में विजय के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज द्वारा कारगिल विजय दिवस-रजत जयंती पर राम दुलारी बच्चू लाल जायसवाल महाविद्यालय नवाबगंज परिसर में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुरू प्रसाद मौर्य विधायक फाफामऊ उपस्थित होगें।

केन्द्रीय संचार ब्यूरो के कार्यक्रम प्रभारी राम मूरत ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जागरूकता रैली, संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिताओं के विजेता को ब्यूरो की ओर से मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया जायेगा। जिसका पूर्व प्रचार आज किया गया।

पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की अपील पर राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का कोर्ट ने दिया दो हफ्ते का समय

प्रयागराज। कानपुर से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी ने महिला का घर जलाने के केस में मिली सात साल की सजा के खिलाफ अपील पर राज्य सरकार को दो हफ्ते में जवाब दाखिल करने का समय दिया है।और अगली सुनवाई की तिथि 83अगस्त नियत की है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा ने दिया है। सरकारी वकील का कहना था कि सोलंकी बंधुओं को सात साल की सजा मिली है।और इनके खिलाफ अन्य आपराधिक केस है। इसलिए इरफान सोलंकी की जमानत अर्जी की सुनवाई टाली जाय।और सरकार को अपना जवाब दाखिल करने का समय दिया जाय।अपील में विशेष अदालत कानपुर नगर द्वारा दी गई सजा को रद्द किए जाने की मांग की गई है।इसके अलावा अंतिम फैसला आने तक सजा पर रोक लगाए जाने और जमानत पर रिहा किए जाने की भी मांग

सात साल की कैद की सजा के खिलाफ दायर की है अपील

की गई है।सोलंकी के वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल स्वरूप चतुर्वेदी व अधिवक्ता अफ्रेंद्र उपाध्याय व अपर शासकीय अधिवक्ता जे के उपाध्याय ने पक्ष रखा।कानपुर की अदालत से मिली सजा के कारण सोलंकी की विधानसभा सदस्यता चली गई है।इदि सजा पर रोक की रहत मिलती है तो विधायकी वापस हो सकती है।

कानपुर की स्पेशल एमपी एमएलए कोर्ट ने इसी साल सात जून को सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत पांच लोगों को सात साल की कैद व? जुर्माने की सजा सुनाई है। जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में फातिमा नाम की एक महिला का घर जलाए जाने के मामले में दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई गई है। सोलंकी सीसामऊ सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधायक चुने गए थे ।सजा के बाद विधायकी छिन? गई है।इरफान सोलंकी अभी महाराजगंज जेल में बंद है।

एसडीएम कुलपहाड़ ,महोबा हाईकोर्ट में हुए हाजिर

प्रयागराज।इलाहाबाद हाईकोर्ट में महोबा जिले के कुलपहाड़ तहसील के एसडीएम अनुराग प्रसाद ने हाजिर होकर याचिका की प्रति ली और कल तक जवाब दाखिल करने का समय मांगा। कोर्ट ने सुनवाई 26जुलाई के लिए टाल दी है। पति की मौत के बाद पारिवारिक पेंशन के लिए भटक रही झमाम खातून की याचिका की न्यायमूर्ति जेके मुनीर ने सुनवाई की।

याची के पति एक सरकारी कर्मचारी थे।वह 31 दिसंबर 2014 को सेवानिवृत्त हो गए। यायी सरकारी कर्मचारी की कानूनी रूप से विवाहित पत्नी है। पति की मौत के बाद उसने पारिवारिक पेंशन की मांग की। याची को पारिवारिक पेंशन और पति की सेवानिवृत्ति के कुछ बकाया का भुगतान नही किया गया ।जिसपर यह याचिका दायर की गई है। कोर्ट ने 16 जुलाई को एसडीएम से याचिका पर जवाब मांगा था। एस डी एम द्वारा जवाब दाखिल किया गया।कोर्ट ने कहा था कि एसडीएम ने जो जवाब दिए हैं, वह जले पर नमक छिड़कने के अलावा कुछ नहीं है। कहा था कि ऐसा लगा रहा है कि एसडीएम को आज तक याचिका की प्रति ही नहीं मिली है। ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि याचिका की कॉपी एसडीएम को दी जाय। एसडीएम 25 जुलाई को दोपहर दो बजे कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया था, ताकि उन्हें याचिका की प्रति व्यक्तिगत रूप से दी जाए। और सही जवाब दाखिल कर सके।जिसका अनुपालन किया गया।

न्यायिक सेवा परीक्षा 22के परिणाम की वैधता चुनौती याचिका पर राज्य सरकार व आयोग से जवाब तलब

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उ प्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज की न्यायिक सेवा भर्ती परीक्षा 2022के घोषित परिणाम की वैधता की चुनौती याचिका पर अंतरिम राहत देने से इंकार कर दिया है।और राज्य सरकार व आयोग से छः हफ्ते में याचिका पर जवाब मांगा है। याचिका की अगली सुनवाई 16 सितंबर के हफ्ते में होगी।यह आदेश न्यायमूर्ति एस डी सिंह तथा न्यायमूर्ति दोनादी रमेश की खंडपीठ ने सुनेता राय की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने उत्तर पुस्तिका की जांच को लेकर पहले से लंबित मीनाक्षी की याचिका के साथ इस याचिका को भी संबद्ध कर दिया है।

कोर्ट ने कहा यायी ने कोर्ट आने में देरी की और आयोग उत्तर पुस्तिका के निरीक्षण की कार्यवाही कर रही है।इसलिए

अंतरिम रोक की अर्जी निरस्त ,कहा आयोग कर रहा उत्तर पुस्तिका का निरीक्षण

अंतरिम स्थगन जारी करने का औचित्य नहीं है।और अर्जी निरस्त कर दी। मालूम हो कि याची का कहना है कि उसे एक अंक मिल जाए तो वह भी चयनित हो जायेगी।उसे एक या अधिक अंक कम दिया गया है।कोर्ट ने कहा 23अगस्त 23 को परिणाम घोषित हुआ और याची 1महीने बाद कोर्ट आई है। 4जुलाई 24को जारी उत्तर कुंजी को लेकर एक याचिका लंबित है।जिसपर आयोग निरीक्षण का काम कर रहा है।4जून 24को आयोग ने इस आशय की अधिसूचना भी जारी कर दी है और निरीक्षण कार्य शुरू कर दिया है। 30अगस्त 24तक पूरा किया जाना है। इसलिए अभी हस्तक्षेप नही किया जा सकता।

पांच साल में पांचवां तबादला, हाईकोर्ट ने लगाई रोक राज्य सरकार से मांगा जवाब

प्रयागराज।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि पांच साल में पांच तबादला।प्रथम दृष्टया दुर्भावना पूर्ण है। और याची के तबादला आदेश पर रोक लगा दी।तथा राज्य सरकार से तीन सप्ताह में याचिका पर जवाब मांगा है। याची का तबादला अपर निदेशक कृषि निदेशालय लखनऊ ने किया था।कोर्ट ने कहा याची अपने कर्तव्यों का निर्वहन नियमित रूप से करेगा और नियमित वेतन भुगतान जारी रहेगा। यह आदेश न्यायमूर्ति जेके मुनीर ने अनुकंपा कोटे में नियुक्त पुनीत सिंह की याचिका पर दिया है।

बुलंदशहर का याची 2019 में अनुकंपा नियुक्ति के तहत नियुक्त किया गया था। उन्हें पहली बार जिला गौतम बौद्ध नगर में तैनात किया गया था, जहां वह वर्ष 2022 तक तैनात रहे। वर्ष 2022 में ही गौतम बौद्ध नगर से कासगंज, एटा में स्थानांतरित कर दिया गया। फिर उन्हें वर्ष 2022 में कासगंज से मेरठ में स्थानांतरित कर दिया गया। पुनः 3 सितंबर 2022 को याची को मेरठ से बुलन्दशहर स्थानांतरित कर दिया गया। वहीं 29 जून 2024 को याची का पांच साल की छोटी अवधि में पांचवां स्थानांतरण कर दिया गया। इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। कोर्ट ने तबादला आदेश पर रोक लगाते हुए अगली सुनवाई की तिथि 12 अगस्त नियत की है।

पत्रकारों ने एसीएम को सौंपा ज्ञापन

सोरांव प्रयागराज भारतीय राष्ट्रीय एकता सेवा संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों के नेतृत्व में गुरुवार को प्रयागराज जिलाधिकारी के नाम से संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में अपर नगर मजिस्ट्रेट मदनलाल को सौंपा गया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल भारतीया द्वारा अपनी कई शिकायतों को लेकर प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई गई और तत्काल प्रभाव से जनहित एवं न्यायिक के संदर्भ में न्याय की मांग भी की गई बता दे कि राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल भारतीया का आरोप है कि मेरी रजिस्ट्री की भूमि पर विपक्ष गणों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है और मुझे एवं मेरे परिवार को धमकी भी दी जा रही है जिसे लेकर उपलाधिकारी सोरांव गणेश कन्नौजिया एवं स्थानीय पुलिस थाना होलागढ़ से

शिकायत की गई जहां मामले को लेकर प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों से भी शिकायत की गई सूत्रों की माने तो उच्च अधिकारियों द्वारा उप जिलाधिकारी एवं संबंधित पुलिस को मामले के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया परंतु अधीनस्थ प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा नजर अंदाज ही किया गया जहां राहुल भारतीया का आरोप है कि विपक्षी द्वारा प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की मिली भगत से अतिक्रमण भी किया जा रहा है और धमकी भी दी जा रही है उपरोक्त मामलों को लेकर डीएम की अनुपस्थिति में अपर नगर मजिस्ट्रेट एवं डीसीपी गंगानगर को अपनी मांग में कहा गया कि यदि समयावधि मांग न पूरी की गई तो जनपद से लेकर स्थानीय तहसील के प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के खिलाफ बाध्य होकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा इसी के साथ ही पत्रकारिता की छवि धूमिल हो रही है तो वहीं योगी सरकार में न्याय को लेकर न्यायोचित रूप में न्याय नहीं माना जाएगा।ज्ञापन मे पत्रकार राजा त्रिपाठी सुभाष पटेल अनिल सोनकर रूपेंद्र पटेल सहित सैकड़ो पत्रकार मौजूद रहे

बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष ने नए कानून की किताबों का किया वितरण

सोरांव प्रयागराज बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान सदस्य देवेंद्र मिश्र नगरहा ने गुरुवार को तहसील के बार कार्यालय में नए प्रभावी होने वाले कानूनों को लेकर किताबों का वितरण किया गया जानकारी के अनुसार उक्त तहसील के बार कार्यालय में उस समय खुशियों का दौर दौड़ पड़ा जहा इस बात को लेकर सुनते ही कि बार काउसिल आफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान सदस्य देवेंद्र मिश्र नगरहा के सौजन्य से 1 जुलाई 2024 से प्रभावी होने वाले नए कानून की किताबों का वितरण किया जाएगा बता दें कि पूर्व अध्यक्ष द्वारा लगभग 200 किताबों का वितरण किया गया और प्रभावी होने वाले कानूनो को लेकर कहा गया कि संसद से पास हुए तीन नए आपराधिक कानून पूरे देश में 1 जुलाई से लागू किया गया है जिसमें भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम शामिल है उल्लेखनीय है कि किताबों के वितरण उपरांत अधिवक्ताओ से उन्होंने कहा कि वादकारियों का हित ही अधिवक्ताओ के लिए सर्वोपरि है और बार एवं बेंच आपसी सामंजस्य के साथ न्याय हित को लेकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें जिससे वाद कारियों के अटूट विश्वास पर पानी ना फिर सके।और हमेशा वह अटूट विश्वास कायम रहे जहां वितरण में पूर्व महामंत्री राजीव ओझा अच्युतानंद मिश्र महामंत्री रमेश नारायण मिश्र कोषाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला कुलदीप मिश्र सहित सैकड़ो अधिवक्ता गण मौजूद रहे

न्यायिक सेवा परीक्षा 22के परिणाम की वैधता चुनौती याचिका पर राज्य सरकार व आयोग से जवाब तलब

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उ प्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज की न्यायिक सेवा भर्ती परीक्षा 2022के घोषित परिणाम की वैधता की चुनौती याचिका पर अंतरिम राहत देने से इंकार कर दिया है।और राज्य सरकार व आयोग से छः हफ्ते में याचिका पर जवाब मांगा है। याचिका की अगली सुनवाई 16 सितंबर के हफ्ते में होगी।यह आदेश न्यायमूर्ति एस डी सिंह तथा न्यायमूर्ति दोनादी रमेश की खंडपीठ ने सुनेता राय की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने उत्तर पुस्तिका की जांच को लेकर पहले से लंबित मीनाक्षी की याचिका के साथ इस याचिका को भी संबद्ध कर दिया है।

कोर्ट ने कहा यायी ने कोर्ट आने में देरी की और आयोग उत्तर पुस्तिका के निरीक्षण की कार्यवाही कर रही है।इसलिए अंतरिम स्थगन जारी करने का औचित्य नहीं है।और अर्जी निरस्त कर दी। मालूम हो कि याची का कहना है कि उसे एक अंक मिल जाए तो वह भी चयनित हो जायेगी।उसे एक या अधिक अंक कम दिया गया है।कोर्ट ने कहा 23अगस्त 23 को परिणाम घोषित हुआ और याची 1महीने बाद कोर्ट आई है। 4जुलाई 24को जारी उत्तर कुंजी को लेकर एक याचिका लंबित है।जिसपर आयोग निरीक्षण का काम कर रहा है।4जून 24को आयोग ने इस आशय की अधिसूचना भी जारी कर दी है और निरीक्षण कार्य शुरू कर दिया है। 30अगस्त 24तक पूरा किया जाना है। इसलिए अभी हस्तक्षेप नही किया जा सकता।

दो सहेलियों समेत चार ने गंगा-यमुना में कूदी,एक को जल पुलिस ने बचाया, दूसरी सहेली की तलाश जारी

प्रयागराज। जिले में गुरुवार को गंगा स्थित शास्त्री ब्रिज और नए यमुना पुल से चार लोगों ने कूदकर जान देने का प्रयास किया। इनमें दो सहेलियां भी शामिल हैं। एक सहेली को जल पुलिस ने बचा लिया है जबकि दूसरे की तलाश जारी है। जल पुलिस के मुताबिक धूरपुर थाना क्षेत्र के सेमरा निवासी 20 वर्षीय नम्रता और चिल्ला गोहनी निवासी 16 वर्षीय वर्षा पटेल सहेलियां हैं। दोनों गुरूवार की सुबह नए यमुनापुल पर पहुंचीं और कूद गईं। यह देखकर नीचे मौजूद गोताखोर दोनों को बचाने के लिए यमुना में कूदे। गोताखारों ने नम्रता को बचा लिया, जबकि वर्षा की देरशाम तक तलाश जारी रही। वहीं शाम करीब पांच बजे के लगभग एक बुजुर्ग ने भी नए पुल से छलांग लगा दी। राहगीरों ने देखा तो शोर मचाया। जल पुलिस ने उसे सकुशल बचा लिया। वहीं शास्त्री पुल से गोरखपुर निवासी साठ वर्षीय बुजुर्ग गंगा नदी में कूद गया। जल पुलिस ने उसे निकालकर बाहर भेजा। लेकिन अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। मृतक गोरखपुर के सदर बाजार जंगल डुमरी निवासी दीना था। जल पुलिस प्रभारी जनार्दन साहनी ने बताया कि यमुना एवं गंगा में चार लोग कूदे थे। दो को सुरक्षित बचा लिया गया है। जबकि एक बुजुर्ग की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। एक युवती की तलाश जारी है।

पीड़ितों को न्याय पहली प्राथमिकता- थाना प्रभारी

कोरांव (प्रयागराज) थाना प्रभारी रहे राकेश भारतीय का लाइन हाजिर हो जाने से नवागन्तुक थाना प्रभारी नितेन्द्र शुक्ला ने कोरांव थाना प्रभारी बनाया गया। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता है। कोई भी फरियादी रहे दलालों के चक्कर न आके सीधे हमसे सम्पर्क करें। नवागन्तुक थाना प्रभारी ने कहा कि इलाके में कही भी अवैध खनन, अवैध मादक पदार्थों की बिक्री हो रही है तो शिकायत करे, नाम गुप्त में रखकर कार्यवाही की जाएगी।

अपराधियों के हौंसला और घोंसला तोड़ने के साथ सख़्त कानूनी कार्यवाही करें पुलिस प्रशासन -विनोद प्रजापति

भाजपाइयों ने इस प्रकरण में नगरपंचायत कोरांव चेयरमैन व पूर्व चेयरमैन के संग बैठक की

कोरांव(प्रयागराज)। यमुनापार के कोरांव क्षेत्र में लगातार बढ़ रहें लव-जेहाद के मामलों के बीच नगर पंचायत कोरांव में हिन्दू बच्ची के साथ चार दिन पूर्व हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस प्रशासन के लापरवाही पूर्ण रवैया एवम उचित कार्यवाही न होने के कारण हिन्दू समाज में व्याप्त भारी आक्रोश को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी यमुनापार जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति के नेतृत्व में दर्जनों भाजपाईयों एवं जनप्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने कोरांव उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह से मिलकर सख़्त कार्रवाई की मांग की।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह ने इंस्पेक्टर कोरांव नितेन्द्र शुक्ला को तलब कर दो नामजद को जेल भेजने के बाद अन्य अज्ञात आरोपितों की पहचान कर सख़्त कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने अज्ञात आरोपितों पर कार्यवाही, घटना में प्रयुक्त वाहन के साथ घटना का खुलासा करने, कांशीराम आवास योजना अपरांधियों का जो अड्डा बना है अवैध लोगों की पहचान कर बाहर करने। लगातार चल रहें लव-जेहाद रैकेट के माध्यम से हिन्दू बच्चियों को शिकार बनाए जा रहे रैकेट का खुलासा कर सार्वजनिक करने की मांग की गई। दुष्कर्म के दोनों नामजद अभियुक्तों के अवैध मकान के ध्वस्तीकरण की मांग के साथ गोपाल विद्यालय का सीसीटीवी सही कराने, मनचलों के जमावड़ो को खतम करने के साथ नगर पंचायत हल्के में तैनात दरोगा अबू तालिब जैदी द्वारा लव-जेहाद रैकेट के संरक्षण का आरोप लगाते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की गई। जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने कहा पुलिस प्रशासन को तत्काल अपराधियों के हौसले और घोंसले तोड़ने का कार्य करना चाहिए ऐसे प्रकरणों में पुलिस प्रशासन की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के कड़े निर्देशों के बावजूद कार्यवाही ना होना बड़ा प्रश्नचिन्ह

खड़ा कर रहा है। प्रतिनिधि मंडल मे प्रमुख रूप से काशी क्षेत्र किसान मोर्चा उपाध्यक्ष रमाकांत विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष भाजपा राजेश्वरी तिवारी,जय सिंह पटेल,जिला महामंत्री राजेश शुक्ल, जिला मंत्री प्रकाश शुक्ला प्रवंज, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, चेयर मैन कोरांव ओम प्रकाश केशरी,ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल,पूर्व चेयरमैन नरसिंह केसरी, मंडल अध्यक्ष कोरांव संजय पटेल,रवि दुबे,बिजेंद्र तिवारी सभासद, तुलसी दास राणा ,राकेश पाण्डेय,सुमित पांडेय, मनोज गुप्ता,सतीश विश्वकर्मा आदि के साथ भारी संख्या में भाजपा जिला, विधानसभा, मंडल के कार्यकर्ता पदाधिकारी रहें।

समाज के दबे-कुचलों की आवाज थी स्व .फूलन देवी :जाहिद

पूर्व सांसद स्व .फूलन देवी की शहादत पर सपाइयों ने किया उनको याद

भदोही। समाजवादी पार्टी की पूर्व सांसद स्व .फूलन देवी की 23वीं शहादत दिवस पर गुरुवार को पार्टी द्वारा नगर के पकरी स्थित फूलन देवी तिराहा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर सपाइयों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनके जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया।

इस दौरान विधायक जाहिद बेग ने कहा कि स्व .फूलन देवी का जीवन काफी संघर्षों भरा रहा। भदोही-मिजार्पुर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी ने अपना उम्मीदवार बनाया तो यहां की जनता ने उन्हें पार्लियामेंट में भेजने का काम किया। सांसद रहते हुए वे हमेशा इस लोकसभा के विकास के लिए सोचती थी। सांसद रहते उन्होने जनपद का काफी विकास किया। उन्होंने कहा कि राजनीति में वें समाज के दबे-कुचले, शोषितों-वंचितों, पिछड़ों व अल्पसंख्यकों की आवाज बन कर उभर रही थी। तभी वर्ष 2001 में भाजपा की सरकार के समय उनकी हत्या कर दी गई। जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि पार्टी के संस्थापक श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव ने फूलन देवी को बीहड़ से लाकर भदोही-मिजार्पुर

स्व .फूलन देवी की शहादत दिवस मनाते सपाई

का सांसद बनाया। सांसद बनने के बाद वह हमेशा गरीबों व महिलाओं के लिए खड़ी रहती थी। जिला प्रवक्ता अलीशेर खां ने कहा कि पूर्व सांसद स्व .फूलन देवी एक साहसिक एवं निडर महिला थी। जब तक सूरज व चांद रहेंगा। तब तक फूलन देवी को लोग याद करते रहेंगे।इस मौके पर शोभनाथ यादव, लालचंद बिंद, पन्नालाल यादव, मो .जावेद खां, डॉ .सरिता बिंद, संतोष यादव, राजेश राय, धर्मेंद्र मिश्र पप्पू, राशिद बेग मिट्टू, गुलाब राईन, बदरे आलम, संतोष जायसवाल देवा, इमरान खां, रामशिरोमणि बिंद, राजकुमार यादव, जईम बेग, सोहनलाल यादव, अयूब अंसारी बाबू, मनोज यादव, अशरफ अली, सूरज यादव, सुनील यादव लायन, विजय बिंद व रमाशंकर यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

डीघ सीएचसी में वाटर कूलर का डीएम ने किया शुभारंभ

कोइरौना(भदोही)। समाज विकास मंव द्वारा सामाजिक सेवा के क्रम में जिले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डीघ परिसर और बसगोती मवैया स्थित पश्चिम वाहिनी श्री कृष्ण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में एक-एक सेट वाटर कूलर स्थापित किये गए।

गुरुवार को सीएचसी डीघ में समाज विकास मंव के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे जिलाधिकारी विशाल सिंह ने फीता काटकर वॉटर कूलर सेट का जनहित में शुभारंभ किया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में समाज विकास मंव व अध्यक्ष सहित उसके सदस्यों के पहल की सराहना की। कहा कि यह प्रयत्न न सिर्फ स्वास्थ्य केंद्र पहुँचने वाले ग्रामीणों को शीतल व शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में मददगार साबित होगा,अपितु तमाम समाजसेवियों व सामाजिक संगठनों को प्रेरणादायक होगा। डीएम विशाल सिंह ने संस्था की ओर से उपलब्ध कराए गए नोटबुक व अन्य शिक्षण सामग्रियों को कार्यक्रम में पहुंचे कुछ प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों को भेंट किया। जिन्हें स्कूल केबच्चों में वितरित किया जाएगा। कई विद्यालयों के स्टाफ एवं सीएचसी के स्टॉफ ने भी अपनी तरफ से संस्था के फल को उम्दा व सकारात्मक सोच का नतीजा बताते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ के तहत बालिकाओं को किया जागरूक

ज्ञानपुर(भदोही)। निदेशालय महिला कल्याण विभाग, लखनऊ एवं जिलाधिकारी भदोही के आदेशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 21 जून से 04 अक्टूबर 2024 तक चल रहे 100 दिन के विशेष जागरूकता अभियान का कार्यक्रम के तहत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ थीम पर जनपद स्तर पर गुरूवार को श्री बृजभूषण सिंह सर्वोदय इण्टर कालेज, रेमराज एवं नारायण इण्टरमीडिएट कालेज, महमूदपुर सेमराघ में बालिकाओं को टोपी, टीशर्ट आदि वितरण कर केंद्र व प्रदेश सरकार की समस्त योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर संरक्षण अधिकारी मीना गुप्ता ने बताया कि महिला कल्याण विभाग की समस्त योजनाएं पति के मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19), मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, स्पॉन्सरशिप योजना 1098 चाईल्ड लाईन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम में परिवीक्षा अधिकारी मीना गुप्ता, प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर सोनी वैरारिया, प्रधानाचार्य, शिक्षिका एवं जिला प्रोबेशन कार्यालय से अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

पकरी में 24 .22 लाख की लागत से होगा भूमिगत नाला का निर्माण

भदोही। नगर के वार्ड संख्या 4 पकरी में नगर पालिका परिषद द्वारा जल निकासी के लिए 24 .22 लाख रुपए की लागत से भूमिगत नाला का निर्माण कराया जाएगा। गुरुवार को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष के पति एवं सभासद डॉ .मो .अतहर अंसारी द्वारा होने वाले नाला निर्माण कार्य का फावड़ा चलाकर शिलान्यास किया गया।

इस दौरान पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ .मो .अतहर अंसारी ने कहा कि पकरी वार्ड में जल निकासी की समस्या को देखते हुए मल्लू यादव के मशीन से लेकर उनकी कम्पनी तक भूमिगत नाला का निर्माण कराया जाएगा। जिसके निर्माण पर कुल 24 .22 लाख रुपए की लागत आएगी। नाला निर्माण के बाद यहां के लोगों को काफी सहूलियत हो जाएगा। जल निकासी की कोई समस्या नही रह जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद लगातार नगर का विकास किया जा रहा है। नगर के अंदर जो भी समस्याएं थी। उसका एक-एक करके समाधान किया जा रहा है।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय को राहत, 50 हजार रूपए छात्र को मुआवजा देने के एकलपीठ का आदेश रद

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने छात्र अजय सिंह को अनावश्यक रूप से मुकदमेबाजी में धकेलने के एवज में एकल पीठ द्वारा इलाहाबाद विश्वविद्यालय को 50 हजार रूपए छात्र को बतौर मुआवजा देने के आदेश को रद करते हुए बड़ी राहत दी है।साथ ही छात्रअजय सिंह की याचिका और विशेष अपील खारिज कर दी है।

यह आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंडारी तथा न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय व अन्य की विशेष अपील को स्वीकार करते हुए दिया है।

विश्वविद्यालय ने याची छात्र को पी जी कोर्स महिला अध्ययन में प्रवेश देने से इंकार कर दिया था।छात्र की याचिका पर एकलपीठ ने सत्र समाप्ति की ओर होने के कारण उसे प्रवेश देने का आदेश तो नही दिया किंतु विश्वविद्यालय को 50 हजार रूपए का याची को बतौर मुआवजा भुगतान करने का आदेश दिया। जिसे विश्वविद्यालय ने रद करने की मांग में अपील दाखिल की।छात्र अजय सिंह ने भी अपील दायर कर उसे प्रवेश देने की मांग की थी। कोर्ट ने क्राइटेरिया बदलने के एकलपीठ के निष्कर्ष को सही नहीं माना।

अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय प्रधान पारिवारिक न्यायाधीश इलाहाबाद
वैवाहिक वाद सं0-596 सन् 2023

1.प्रियंका पटेल उम्र 23 वर्ष पत्नी केसर प्रताप पटेल निवासिनी ग्राम सहसों तहसील फूलपुर थाना सरायं इनायत जिला प्रयागराज हाल मुकाम पूरेपुर पो0 सर्सौगा बला उतरौव जिला प्रयागराज, 2. हर्ष पटेल उम्र 5 वर्ष पुत्र केशर प्रताप पटेल संरक्षिका नैसर्गिक माता प्रियंका पटेल निवासी ग्राम खेड़ासा पो0 सोहांसा तहसील मछलीशहर थाना मुँगरा बादशाहपुर जिला जौनपुर हाल मुकाम पूरेपुर पो0 सर्सौगा थाना उतरांव, जिला प्रयागराज

बनाम

केशर प्रताप पटेल पुत्र श्याम नारायण पटेल निवासी ग्राम बहसों, एसएचओ सिंह चॉली क्लीनिक सहसों, थाना सरायनानत जनपद प्रयागराज

धारा 125 दण्ड प्रक्रिया संहिता

चूंकि उपर्युक्त ..... ने इस न्यायालय से यह आवेदन किया है कि अवादत आपकी एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आज उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2024 के 09 के 12 दिवस को 10 बजे पूर्वाह्न में स्वयं या सम्यक रूपेण अनष्टि अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाकिया और अग्रग्रारित किया जायेगा

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज .... के ... के 2024..... दिवस को निकाला गया।

नियत तिथि- 12.09.2024
न्यायाधीश

शार्ट सर्किट से इलेक्ट्रानिक दुकान का लाखों का सामान जलकर हुआ राख

स्वतंत्र चेतना

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के प्रयागराज लखनऊ राज मार्ग के आलापुर मे बुधवार की रात लगभग साढ़े बारह बजे बिजली की शार्ट सर्किट से चन्द्रिका इलेक्ट्रानिक की दुकान जिसके मालिक संदीप कुमार पांडे की दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया जो किराये पर अपनी इलेक्ट्रानिक की दुकान खोले हुए थे।

रात को जलने की बदबू लगने पर दुकान के मकान मालिक बबलू भैया ने फोन से रेलवे फाटक के निकट अपने घर पर रह रहे संदीप को बताया।

काफी मशक्कत के बाद पाया गया आग पर काबू

जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंच गये और किसी तरह दुकान की शटर का ताला खोला तो अचानक हवा पाकर आग तेज हो गई और अफरा तफरी मच गई। बगल में बलराम जायसवाल की कपड़े की दुकान किराये पर लेकर खोल रखी है। इनके दुकान की बिजली की केबिल सुलग रही थी। किसी तरह कालाकांकर पावर हॉउस से आलापुर की बिजली बन्द कराई गई। उसके बाद आस पास के लोगो ने किसी तरह आग पर काबू पाया। दुकान मे आग लगने की जानकारी होने पर कालाकांकर पावर हाउस के लाइन मैन भी पहुंच गये। सूचना मिलने पर कुंडा से फायर ब्रिगेड की गाडी पहुंची तब तक आग बुझ चुकी थी। आग लगने के दौरान कुछ देर के लिए राजमार्ग बाधित रहा जिसमे कुछ ही आई पी को रुकना पड़ा हालाकि जल्द ही आवगमन को मौके पर पहुंची नवाबगंज पुलिस ने बहाल किया। इस आगजनी मे दुकान मालिक संदीप के मुताबिक लगभग 20 लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। अपनी आखो के सामने धू धू करके जल रही दुकान को देख संदीप का गला भर आया लोग आश्वासन दे रहे थे।

शार्ट सर्किट से जलकर राख हुआ दुकान का सामान

साकेत एक्सप्रेस पर युवक ने किया पथराव

स्वतंत्र चेतना

प्रतापगढ़। यात्रियों द्वारा धक्का देकर चलती ट्रेन से नीचे उतारे जाने से खफा युवक ने ट्रेन पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। लेकिन अफरातफरी मच गई। यात्री कोच की खिड़की और दरवाजे बंद कर लिए।मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन से छूटने के बाद साकेत एक्सप्रेस भंगवा क्रासिंग पार कर चुकी थी। इसी बीच जनरल कोच से एक युवक को धकलते हुए राहगीरों ने देखा। युवक जान जोखिम में डालकर कर नीचे कूद पड़ा। उसके बाद उसने ट्रैक पर पड़ी मिट्टियां उठा कर कोच पर फेंकना शुरू कर दिया। आरपीएफ का कहना है कि घटना की जानकारी नहीं है। किसी ने शिकायत नहीं की है। युवक का आरोप था कि उसे चढ़ने नहीं दिया गया। धक्का दिया गया। वह प्रतापगढ़ का रहने वाला है।

रजिस्ट्री आफिस के बाहर एसडीएम के विरुद्ध नारेबाजी करते अधिवक्ता

बदसलूकी से नाराज अधिवक्ताओं ने एसडीएम सदर को घेरा

स्वतंत्र चेतना

प्रतापगढ़। आखिरकार एसडीएम सदर उदयभान सिंह आज नाराज अधिवक्ताओं के घेरे में आ ही गये। उनके द्वारा दो दिन पहले अधिवक्ताओं के साथ

जमकर की एसडीएम के विरुद्ध नारेबाजी

की गई कथित बदसलूकी के विरोध में आज अधिवक्ताओं ने रजिस्ट्री आफिस में एसडीएम सदर को घेर लिया और लगभग आधे घंटे तक उन्हें रजिस्ट्री आफिस में रोक रखा और आफिस के बाहर अधिवक्ता एसडीएम सदर के विरुद्ध नारेबाजी करते रहे।

इसकी सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल रजिस्ट्री आफिस पहुंच गया। पुलिस ने एसडीएम सदर को वहां से किसी तरह निकाला। इस बारे में अधिवक्ताओं का कहना है कि दो दिन पहले वह भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक ज्ञापन देने के लिये एसडीएम सदर के पास गये थे। उस दौरान एसडीएम सदर ने अपने पद का रौब दिखाते हुए अधिवक्ताओं से बदसलूकी कर दी थी जिससे अधिवक्ता नाराज हैं और उनके विरुद्ध विगत तीन दिनों से अधिवक्ता आंदोलन कर रहे हैं। समाचार भेजे जाने तक इस सम्बन्ध में अभी कोई रिपोर्ट की सूचना नहीं है।

ट्रेनर ने मारी ई रिक्शा को टक्कर, चालक सहित तीन घायल

स्वतंत्र चेतना

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के आलापुर नवाबगंज व लवान क्षेत्र मे ई रिक्शा की बढ़ती संख्या से नवाबगंज परियावा बाजार मे आये दिन रेलवे फाटक व भारी वाहन के आ जाने से दोनो तरफ अच्छा खासा जाम लग जाता है ई रिक्शा की बढ़ती संख्या से आये दिन छिट पुट घटनाये होती रहती है बिना ड्राइविंग लाइसेंस के ई रिक्शा की ड्राइविंग सीट पर बैठकर चालक फराटें मार रहे है। जिसमे नाबालिक ड्राइवर भी है, जिसका ताजा उदाहरण गुरुवार की सुबह लगभग नौ बजे नवाबगंज थाना क्षेत्र के प्रयागराज लखनऊ नेशनल हाइवे पर अहमदगंज सोनामऊ पर देखने को मिला।

गांव के बीच नहर के पास परियावां निवासी फिरदौस आलम पुत्र महमूदुल हसन (35) वर्षीय अपनी ई रिक्शा से ऊंचाहार दवा के लिए दो महिला सवारी को लेकर बुकिंग पर जा रहे थे कि सामने से प्रयागराज की तरफ जा रही मालवाहक ट्रेनर ने ई रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें ऑटो पर सवार थाना नवाबगंज के मुरस्त्तापुर निवासी शहीरून बानो पुत्री नन्हे सलमानी (20) वर्षीय व अखतरी बानो पत्नी नन्हे सलमानी (60) वर्षीय व ऑटो चालक फिरदौस घायल हो गये। जिनको परिजन लोग उपचार के लिए सी एच सी ऊंचाहार ले गयें जंहा चिकित्सको ने दोनो मां बेटी अख्तरी बानो व बेटी शहीरुन बानो को गंभीर चोट होने पर जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रिफर कर दिया और ऑटो चालक फिरदौस आलम को उपचार करके घर भेज दिया। ऑटो पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रेनर चालक साइड मारने के बाद कुछ पल के लिए खड़ा देखता रहा फिर गाडी लेकर फरार हो गया जिसकी तहरीर पीड़ित ई रिक्शा चालक ने फिरदौस ने पुलिस को दी। ट्रेनर गाडी का नम्बर भी पुलिस को दिया है पुलिस पता लगाने मे लगी हुई है।

मुठभेड़ में चार अपराधी गिरफ्तार, दो पिस्टल व दो तमंचा बरामद

स्वतंत्र चेतना

लालगंज, प्रतापगढ़। लीलापुर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान चार अपराधियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने अपराधियों के कब्जे से दो पिस्टल, दो तमंचा, कारतूस, रिवाल्टर कर की बरामदगी भी की है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने गुरूवार को आरोपियों को जेल भेज दिया। लीलापुर एसओ नरेन्द्र सिंह गुरूवार को पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे कि इसी बीच मुखबिर से मत्तूपुर बोझी के पास कार सवार लोगों को रोकने का प्रयास किया तो कार सवार पुलिस पर फायरिंग कर भागने लगे। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए कार समेत उस पर सवार चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल किया। सीओ रामसूरत सौनकर ने बताया कि लीलापुर पुलिस द्वारा नगर कोतवाली के नरायनपुर निवासी सत्यम सिंह उर्फ मोण्टी पुत्र सतीश सिंह सुल्तानपुर जनपद के कोतवाली नगर अन्तर्गत नरायनपुर निवासी रौनक मिश्र पुत्र विनीत मिश्र व इसी जनपद के कोतवाली देहात के उदरा निवासी मो. दिलदार पुत्र मो. शानुन तथा अमेठी जनपद के रामगंज थाना अन्तर्गत मंगरा निवासी नसीम खान पुत्र ताजिब खान को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो के पास से दो पिस्टल व दो तमंचा व एक कार की बरामदगी भी की गयी है। इनके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमें भी दर्ज है। मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

निरीक्षण कर करते एसडीएम पट्टी व सीओ

एसडीएम पट्टी व सीओ ने रजिस्ट्री आफिस का किया औचक निरीक्षण

पट्टी, प्रतापगढ़। बृहस्पतिवार को दोपहर एसडीएम पट्टी तनवीर अहमद एवं सीओ आनंद कुमार राय औचक निरीक्षण के लिए अचानक उप निबंधक कार्यालय पहुंच गए उनके साथ कोतवाल आलोक कुमार व दर्जनों पुलिसकर्मी भी थे। एसडीएम के साथ सीईओ ने रजिस्टर पट्टी उदयेंद्रनाथ सिंह से जानकारी ली। साथ ही उन्होंने यहां पर काम करने वाले कर्मचारियों के संदर्भ में भी रजिस्ट्रार से जानकारी ली। उन्होंने यहां पर प्रतिदिन होने वाले बैनामा एवं एक माह में कुल किए गए बैनामा अनुबंध के संदर्भ में भी जानकारी ली। लगभग 45 मिनट तक रुकने के बाद फोर्स के साथ दोनों अधिकारी यहां से वापस चले गए। जिस समय निरीक्षण चल रहा था उसे समय निबंधन कार्यालय में आम लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित था। लोग अवरज भरी निगाह से बाहर से ही देख रहे थे।

पिछड़े वर्ग के लाभार्थियों को शादी अनुदान योजना से करायें लाभान्वित: सीडीओ

स्वतंत्र चेतना

प्रतापगढ़। मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहरा की अध्यक्षता में अन्य पिछड़े वर्ग व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी अनुदान स्वीकृत किये जाने हेतु जनपद स्तरीय शादी अनुदान स्वीकृति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी आशीष द्विवेदी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) शादी अनुदान योजनान्तर्गत 3204 आवेदकों को लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसे हेतु रुपए 640.80 लाख (20 हजार प्रति लाभार्थी) का वित्तीय आवंटन लक्ष्य जनपद को प्राप्त हुआ है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजनान्तर्गत 1602 लाभार्थियों हेतु रुपए 320.40 लाख का प्रथम आवंटन प्राप्त हुआ है। उन्होने बताया है कि शादी अनुदान योजनान्तर्गत आवेदक 30प्र0 शासन द्वारा अधिसूचित पिछड़ी जाति से सम्बन्धित होना चाहिये, वित्तीय वर्ष में आय सीमा को संशोधित करके रुपए 1 लाख वार्षिक कर दी गयी है, आवेदक अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान प्राप्त कर सकतो है। आवेदक शादी अनुदान का आवेदन पत्र शादी की तिथि से 90 दिन पूर्व तथा 90 दिन पश्चात तक आनलाइन कर सकता है। उन्होने बताया कि आवेदक पोर्टल पर आधार आधारित प्रमाणीकरण की नई व्यवस्था (ई-केवाईसी) की शुरूआत वित्तीय वर्ष से की गयी है जिसके माध्यम से आवेदक अपना तथा अपनी पुत्री (जिसकी शादी हेतु आवेदन किया जा रहा है) का आधार पोर्टल पर दर्ज करेगा तथा आधार से लिंक मोबाइल पर ओटीपी का उपयोग कर ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण करेगा जिसके माध्यम से यूआईडीएआई (भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) से आवेदक तथा उसकी पुत्री के नाम, पिता का नाम, पता, आयु तथा उनकी फोटो आवेदन में स्वतः अंकित हो जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि शादी अनुदान योजना के अन्तर्गत अन्य पिछड़े वर्ग के लाभार्थियों को लाभान्वित करायें तथा योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करें जिससे पिछड़े वर्ग के लाभार्थियों को जानकारी मिल सके। सीडीओ ने विधायक सदर एवं विधायक विश्वनाथगंज के प्रतिनिधियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के अन्तर्गत पिछड़े वर्ग के गरीब, असहाय व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी में मिलने वाले अनुदान के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक करें जिससे लोग आनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ उठा सके।

बैठक में बोलते सीडीओ नवनीत सेहारा

बाबा धाम के लिये रवाना होता कांवरियों का जत्था

कांवरियों का जत्था बाबा धाम के लिये रवाना

पट्टी, प्रतापगढ़। श्रावण माह के चार दिन बीत जाने के बाद गुरुवार को जगह-जगह से कांवरियों का जत्था बाबा बैजनाथ धाम समेत विभिन्न शिवालयों में जल चढ़ाने के लिए रवाना हुआ। इस दौरान भक्ति से ओतप्रोत श्रद्धालुओं ने जमकर जयकारा किया। रवानगी से पूर्व ढोल-नगाड़े डीजे की धुन पर जमकर थिरकने के साथ उद्घोष हुआ। पूरा वातारण शिवमय हो गया। अन्य क्षेत्रों से कांवरियों का आगमन होता रहा। कांवरियां पूरे रास्ते पर नाचते गाते व बोलबम का उद्घोष करते देखे गए। इन कांवरियों के उमंग व जोश देखते ही बन रहा था। बुधवार को दयाल गंज बाजार से मा शक्ति पीठ के दर्शन कर कांवरियों के जत्थे में कमलेश गुप्ता, गुड्डू तिवारी, प्रदीप तिवारी, सूरज तिवारी, राजू शर्मा, जयप्रकाश पांडे, अरुण वर्मा, नीरज मिश्रा, वर्धन मंडल, अंकुश तिवारी, आदि शामिल रहे।

एसडीएम का आदेश नही मानते लालगंज कोतवाल

स्वतंत्र चेतना

लालगंज, प्रतापगढ़। स्थानीय कोतवाल के लिए एसडीएम का आदेश कोई खास मायने नहीं रखता है। सप्ताह भर बाद भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगाई गई बैरिकेडिंग को पुलिस नही हटवा पाई।मामले में सख्ती दिखाते हुए एसडीएम ने पुलिस को कार्रवाई का आदेश दिया था।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के नगर स्थित लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर मदरमेरी व सरोजनी कॉन्वेंट स्कूल के सामने बैरिकेडिंग लगाकर लोगो की यात्रा में बाधा उत्पन्न की जा रही है, जो एनएच के नियमों के विरुद्ध है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिना उच्चाधिकारियों के अनुमति के बिना बैरिकेडिंग लगाना नियम विरुद्ध है, फिर भी कुछ लोग नियमों को दरकिनार करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर लोगो की यात्रा में अवरोध पैदा कर रहे है।जब की एनएच पर किसी भी प्रकार के ब्रेकर के साथ किसी भी प्रकार का अवरोध न किया जाए जिससे की लोगो की यात्रा में बाधा

▯ सप्ताह भर बाद भी नही हटाई गई एनएच से बैरिकेडिंग▯ एसडीएम ने दिया था कार्रवाई का आदेश

उत्पन्न हो, लेकिन यहां तो लगभग पांच सौ मीटर की दूरी पर दो स्थानों पर बैरिकेडिंग लगाकर शासन के नियमों को मजाक बना दिया गया है। प्रशासन की लापरवाही के चलते एनएच पर आने-जाने वालो की यात्रा में अवरोध पैदा होने के साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की भी संभावनाएं बढ़ती हुई दिखाई दे रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम एनएच पर अवरोध उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का आदेश तो दिया,लेकिन लालगंज कोतवाल साप्ताह भर बाद भी आदेश का अनुपालन नहीं करा सके। इस संबंध में एसडीएम से पुनः बात की गई,लेकिन उन्होंने कोई जवाब देना उचित नहीं समझा।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

स्वतंत्र चेतना

पट्टी, प्रतापगढ़। संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए लेकर सीएचसी पहुंचे जहां पर चिकित्सक ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। कंधई थाना क्षेत्र के वारी खुर्द गांव की रहने वाली रेखा देवी पत्नी राम मूरत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन उसे आनन-फानन में लेकर सीएचसी पहुंचे जहां चिकित्सक ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर चिकित्सक द्वारा सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पट्टी पुलिस घटनास्थल कंधई थाना क्षेत्र होने के चलते कंधई पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर मंगरौरा पुलिस वैकी इंचार्ज भूपेश नाथ सिंह, महिला उपनिरीक्षक शालिनी देवी मय हमराह के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक विवाहिता के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतका के तीन बच्चे हैं जिनमें बेटा अंश जिसकी उम्र 11 वर्ष है, मझली बेटी अंशिका उम्र 8 वर्ष व छोटी बेटी अनीशा उम्र पांच वर्ष है। सूचना पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का खुलासा होगा।

बचे हुए आरोपितों के घर पहुंचा बुलडोजर, फरार हुए परिजन

राजस्व कर्मी पुलिस बल के साथ करते रहे नाप जोक

स्वतंत्र चेतना

पट्टी, प्रतापगढ़। रानीगंज थाना क्षेत्र की किशोरी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में बचे हुए आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए प्रशासन पूरी तरह एक्शन में रहा। दोपहर तक दबिश देने के बाद जब बचे हुए आरोपितों का पता न चला तो पुलिस टीम व राजस्व कर्मी बुलडोजर लेकर गांव पहुंच गए। शाम लगभग चार बजे बेलसांडी गांव पहुंचकर आरोपितो के घरों को चिन्हित कर राजस्व विभाग की टीम उनके घरों की नाप जोख शुरू कर दी है।

गांव में बुलडोजर और राजस्व टीम द्वारा नाप जोख देख घर के लोग सहमे हुए हैं। बचे हुए आरोपितों के परिवार व गांव के उनकी करतूतों पर शर्मिंदा है। पुलिस टीम गांव में तीन घंटे खड़ी रही। नायब तहसीलदार बृजेश कुमार ने बताया कि एसडीएम पट्टी के निर्देश पर बेलसांडी गांव पहुंचकर आरोपितों के घरों की नाप जोख की जा रही है। अभी कुछ निष्कर्ष नहीं निकला है। राजस्व टीम में बृजेश कुमार नायब तहसीलदार अरुण प्रताप सिंह राजस्व निरीक्षक राम यश मौर्य खुर्शीद आलम रजनीश पांडे लेखपाल मौजूद रहे। इसके अलावा इंचार्ज कोतवाल दीप नारायण, उप निरीक्षक अजीत सिंह, इंदेश कुमार लक्ष्मी कांत सिंह, संतोष पासवान, महिला उप निरीक्षक अर्चना समेत भारी पुलिस बल गांव में मौजूद रही। मौके पर दो बुलडोजर खड़ा करके आरोपियों के परिजनों को एक घंटे का समय दिया गया है। परिजन आरोपियों को हाजिर करने की बात कर रहे हैं। राजस्व टीम व पुलिस कार्यवाही के कारण गांव के ज्यादातर घरों में ताला लटका हुआ है और लोग अपना घर छोड़कर फरार हो गए हैं।

बच्चों के सिर से उठा पिता का साया,बच्चा बैंक ने अपनाया

स्वतंत्र चेतना

प्रतापगढ़। लल्लू विश्वकर्मा की मौत के बाद उसके तीन मासूम बच्चों का सहारा बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी बनेगा। उनकी पढ़ाई का सारा खर्च अब बैंक उठाएगा। गुरुवार को बच्चों को स्कूली बैग और स्टेशनरी ग्रुप की तरफ से दिया गया। जिसे पाकर बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं था। जोगापुर के रहने वाले लालू विश्वकर्मा अपना पुरुसैनी कंधा करके अपना और परिवार का पालन पोषण करता था। उसके तीन बच्चे काजल, आंचल और अनुराग पढ़ रहे हैं। कुछ दिनों पहले लल्लू की कुएं में गिरने से मौत हो गई थी। मौत के बाद परिवार पर पहाड़ टूट गया था। बच्चों की पढ़ाई ठप्पा पर है। उनके जीवन में शिक्षा का अंधेरे न होने पाए। इसके लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप ने पहल की है। गुरुवार को ग्रुप की तरफ से तीनों बच्चों को स्कूली बैग और स्टेशनरी दी गई। ग्रुप के सदस्योंगी मोहम्मद अनीश और वीकेतिवारी ने कहा है कि इन बच्चों की पढ़ाई नहीं रुकेगी।

ट्रक की चपेट मे आने से बाइक सवार युवक की मौत

स्वतंत्र चेतना

प्रतापगढ़। जिले के संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के खनवारी के पास गुरुवार की सुबह अभिनय कुमार गौतम उर्फ विक्की पुत्र देवीदीन गौतम खनवारी संग्रामगढ़ निवासी बाईक से अमित कुमार राजकुमार खनवारी निवासी बाइक से कहीं जा रहे थे।

इसी दौरान सामने से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दिया जिससे मौके पर अभिनय उर्फ विक्की की मौत हो गई और बाइक पर सवार दो अन्य अमित व राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गये जिनको उपचार के लिये सी एच सी संग्रामगढ़ ले गये जहां चिकित्सकों ने दोनों घायलों को जिला

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

अस्पताल के लिए रिफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक अभिनय के घर मे कोहराम मच गया। सभी परिजन व गांव के लोग घटना स्थल पहुंच गये। मौके पर संग्रामगढ़ पुलिस भी पहुंच गई। आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणो ने खनवारी सड़क पर लकड़ी रखकर सड़क जाम कर दिया जिससे पुलिस के पसीने छूट गये। काफी मशक्कत के बाद परिजन लोग शांत हुए और शव को पीएम के लिए पुलिस को दिया। पुलिस ने जिला पढ़ी करके पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उधर पुलिस ने चालक सहित ट्रक को कब्जे मे ले लिया है। पीड़ित परिजनों की तरफ से तहरीर मिलने पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

किसान संगठनों के संयुक्त मोर्चा का विद्युत विभाग पर प्रदर्शन

भदोही। किसान संगठनों के संयुक्त मोर्चा द्वारा गुरुवार को अधिशासी अभियंता विद्युत कार्यालय के समक्ष बिजली समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया गया। जहां पर उनके द्वारा जमकर नारेबाजी की गई। किसान नेताओं ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन विभाग के सहायक अभियंता धीरज मिश्र को ने सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान उत्तर प्रदेश किसान सभा के जिला मंत्री इंद्रदेव पाल ने कहा कि विद्युत उपयोग में स्मार्ट मीटर का प्रयोग न किया जाए। विद्युत की मनमानी कटौती पर रोक लगे। लो वोल्टेज की समस्या को समाप्त किया जाए। उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाए।

उन्होंने कहा कि बिजली की दर न बढ़ाए। इसको नो प्राफिट-नो लास के अनुसार विद्युत दर निर्धारित की जाए। विद्युत बिलों में गलत रीडिंग के आधार पर भुगतान न कराए जाएं। विद्युत उपभोक्ताओं पर बगैर जांच-पड़ताल किए मुकदमा न किया जाए। साथ ही भयंकर सूखे को देखते हुए निर्बाध रुप से बिजली आपूर्ति की जाए। श्री पाल ने कहा कि जनहित की समस्या को देखते हुए इन मांगो को पूरा किया जाए इस मौके रामचंद्र पटेल, सुशील कुमार श्रीवास्तव, भुलाल पाल, पंधारी यादव, बनारसी सोनकर, कबूतरा देवी, ज्ञानप्रकाश प्रजापति, रामजीत यादव, बेचूलाल, मानसिंह, रामपति गौतम, हृदय लाल, पूजा देवी, संगीता देवी व घनश्याम गौतम आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

स्वतंत्र चेतना
www.swatantrachetnanews.com
प्रयागराज। शुक्रवार। 26 जुलाई 2024

संपादकीय

नीट अब क्लीन

नीट परीक्षाओं को लेकर देशव्यापी हंगामे व राजनीतिक बयानबाजियों के बावजूद यह सुखद ही है कि देश की शीर्ष अदालत ने चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश के लिये आयोजित हुई नीट परीक्षा को दुबारा कराने की मांग खारिज कर दी है। हालांकि, मंगलवार को आए फैसले का मानवीय पक्ष यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने 24 लाख अभ्यर्थियों को होने वाली परेशानी को प्राथमिकता दी है। इसके बावजूद शीर्ष अदालत का फैसला भारत में परीक्षा प्रक्रियाओं में प्रणालीगत सुधार की आवश्यकता को रेखांकित करता है। कोर्ट के व्यावहारिक फैसले के बावजूद इस विवाद ने हमारी शैक्षिक व परीक्षा प्रणाली के भीतर व्याप्त विसंगतियों को भी उजागर किया है। बहरहाल, मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की यह टिप्पणी कि लीक परीक्षा प्रणाली का उल्लंघन नहीं है, एक अस्थायी राहत जरूर प्रदान करता है। लेकिन इस सिस्टम में अंतर्निहित कमजोरियों को संबोधित किया जाना जरूरी है। इसके बावजूद राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी यानी एनटीए और आईआईटी दिल्ली द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के अनुसार बिहार के हजारीबाग और पटना में लीक महत्वाकांक्षी चिकित्सा पेशेवरों के लिये होने वाली महत्वपूर्ण परीक्षा आयोजन के तौर-तरीकों की विश्वसनीयता पर प्रश्न तो उठाते ही हैं। प्रभावित छात्रों के मामलों को निपटाने के लिये, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी पर न्यायालय की निर्भरता समस्या के दीर्घकालीन समाधान के बजाय एक कामचलाऊ दृष्टिकोण को ही दशार्ती है। वहीं दूसरी ओर गत जून माह में यूजीसी-नेट परीक्षा का रद्द होना भी चिंताओं को और बढ़ा देता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को अज्ञात स्रोतों से मिले तथ्यों के आधार पर शिक्षा मंत्रालय ने स्वतः संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई की थी। हालांकि यह कदम छात्रों के हितों की तात्कालिक रक्षा की दृष्टि से सार्थक है लेकिन यह घटनाक्रम हमारी परीक्षातंत्र के बुनियादी ढांचे की कमजोरी को ही उजागर करता है। कह सकते हैं कि परीक्षा तंत्र की संवेदनशीलता के मद्देनजर ऐसे तदर्थवाद व पारदर्शिता की कमी छात्र समुदाय में अविश्वास व चिंता को बढ़ाते हैं। बहरहाल, हाल की ये घटनाएं प्रतियोगी परीक्षाओं तथा परीक्षाएं आयोजित करने वाले तंत्र के ढांचे में व्यापक बदलाव की जरूरत को बताती हैं। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि एन.टी.ए. की संरचना की समीक्षा के लिये एक उच्च स्तरीय समिति की स्थापना की जाएगी, निश्चित रूप से यह संस्था की विश्वसनीयता बनाये रखने की दिशा में एक उचित कदम है। हालांकि, इसके साथ ही परीक्षाओं में सुरक्षा, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिये मजबूत उपायों को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए। निस्संदेह, गाहे-बगाहे होने वाले परीक्षा घोटाले न केवल शैक्षणिक संस्थानों की विश्वसनीयता को कमजोर करते हैं बल्कि शिक्षा और कैरियर के नाजुक मोड़ पर खड़े युवा उम्मीदवारों के भविष्य को भी प्रभावित करते हैं। भारत एक युवाओं का देश है। ऐसे में अपने जनसांख्यिकीय लाभांश का सदुपयोग करने के लिये प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। इस घटनाक्रम के बाद सरकार को परीक्षा व्यवस्था में विश्वास बहाल करने और युवाओं की आकांक्षाओं को संबल देने के लिये इस क्षेत्र में सुधारों को वरीयता देनी चाहिए। निस्संदेह, मेडिकल प्रवेश परीक्षा के मामले के निस्तारण में सर्वोच्च न्यायालय की सक्रियता की सराहना की जानी चाहिए। बड़ी संख्या में याचिकाएं परीक्षा दोबारा आयोजित कराने के लिये दायर किये जाने के बावजूद, लाखों छात्रों के हित व वक्त की जरूरत के मुताबिक कोर्ट ने तार्किक फैसला दिया। जिसमें इस बात पर ध्यान दिया गया कि किसी गड़बड़ी से परीक्षा किस सीमा तक प्रभावित हुई है। कोर्ट ने इस बाबत ठोस व तार्किक पक्ष को प्राथमिकता दी। साथ ही परीक्षा के सामाजिक पक्षों को भी ध्यान में रखा। निश्चित रूप से जिन परीक्षार्थियों का चयन हो चुका था, उन्हें पुनः परीक्षा देने को बाध्य करना न्यायोचित नहीं कहा जा सकता। बहरहाल, इस मामले में सीबीआई द्वारा तत्परता से की गई कार्रवाई और संदिग्धों की गिरफ्तारी उन लोगों में भय पैदा करेगी, जो लंबे अर्से से परीक्षा लीक के काले धंधे में धंसे हुए थे। जाहिर है कि शासन-प्रशासन की सक्रियता, सख्ती व समय रहते कार्रवाई किसी भी क्षेत्र में शुचिता स्थापित करने में सहायक हो सकती है।

सेहत

ब्रेकफास्ट में ओट्स कई लोग खाते हैं, लेकिन सभी का तरीका अलग-अलग होता है



ओट्स खाने के सही तरीके को लेकर कई लोग अक्सर कन्फ्यूज रहते हैं। कुछ चीजें ऐसी हैं जिन्हें कच्चा खाने पर सेहत को ज्यादा फायदा मिलता है, लेकिन क्या ओट्स के साथ भी ऐसा ही नियम लागू होता है? दरअसल, कई लोग इसका सेवन करने के लिए एक रात पहले या इन्हें दूध में भीगने के लिए रख देते हैं और इसके बाद बिना पकाए ही इसे खा लेते हैं। हालांकि, कई लोग इस तरीके (फ्ढ़ ड्ड२ रीड्ढ) को गलत बताते हैं और कहते हैं कि ऐसा करने से पाचन तंत्र को नुकसान (ल्ीं ॅ केवूड्ड डा फ्ढ़ ड्ड३) पहुंच सकता है। चलिए बिना इधर-उधर की बात किए इस आर्टिकल में आपको आसान शब्दों में बताते हैं कि किस तरीके से ओट्स का सेवन करना सेहत के लिहाज से ज्यादा बेहतर होता है।

सेहत के लिए कौन-सा ओट्स है बेहतर?

रोल्ड ओट्स आज काफी चलन में हैं। इन्हें बनाने के लिए पारंपरिक तरीके का इस्तेमाल होता है लेकिन इंस्टेंट ओट्स को पहले कई टुकड़ों में काटा जाता है और फिर स्टीम्ड और रोल किया जाता है, जिससे इन्हें पकाने में कम से कम वक्त लगता है। दो-तीन प्रोसेस से गुजरने के बाद इनमें फाइबर की मात्रा कम हो जाती है और ग्लाइसेमिक इंडेक्स बढ़ जाता है। ऐसे में, रोल्ड ओट्स इंस्टेंट ओट्स के मुकाबले ज्यादा हेल्दी होते हैं।

क्या कच्चा ओट्स खाना सेफ है?

ओट्स को पकाने पर इसमें रोगजनक सूक्ष्मजीवों की मौजूदगी का जोखिम कम हो जाता है, लेकिन ऐसा करने से इसमें मौजूद पोषक तत्व भी कम हो जाते हैं। यही वजह है कि इन्हें कच्चा भी खाया जाता है। अगर आप रात भर भिगोए हुए ओट्स का सेवन कर रहे हैं, तो इससे कोई नुकसान नहीं है। इन्हें खाना पूरी तरह से सुरक्षित है, लेकिन अगर आपका पाचन तंत्र ज्यादा सेंसिटिव है या फिर आप पहली बार कच्चा ओट्स अपनी डाइट में शामिल कर रहे हैं, ऐसा एकदम से न करके धीरे-धीरे करें और किसी भी तरह के नुकसान से बचने के लिए इसके साथ दूध की भी अच्छी मात्रा लें, यानी इन्हें बिना पकाए सूखा खाने की भूल बिल्कुल न करें।

ओट्स खाने का सही तरीका

अगर इन्हें खाने से पहले रातभर दूध में भिगोकर रख रहे हैं, तो फ्रिज में ही स्टोर करें।

ओट्स को बिना पकाए खा रहे हैं, तो इसके साथ अच्छी क्वाटिटी में दूध को भी मिक्स करें।

ओट्स को हेल्दी बनाने के लिए इसमें चीनी डालने से बचें।

ओट्स के फायदों को दोगुना करने के लिए आप इसमें ड्राई फ्रूट्स और नट्स को शामिल कर सकते हैं।

ओट्स को एयर टाइट डिब्बे में स्टोर करके आप इसमें कीड़े लगने से बचा सकते

ऐसा कोई काम मिले, जिसे हम कर नहीं सकते हैं तो उसे और ज्यादा अच्छी तरह करने की कोशिश करें

रोजगार के नए अवसर और आर्थिक विकास की गति देगा आम बजट

ऐसे भी कई निर्णय लिए जा रहे हैं जिनसे आने वाले समय में घरातल पर युवाओं को लाभ होता दिखाई देगा। एक करोड़ युवाओं को आगामी 5 वर्षों के दौरान इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत काम दिया जाएगा। ताकि ये युवा वर्ग के नागरिक रोजगार प्राप्त करने हेतु सक्षम हो सकें। हाल ही में लोकसभा के लिए सम्पन्न हुए चुनाव में भारतीय नागरिकों ने लगातार तीसरी बार एनडीए की अगुवाई में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को सत्ता की चाबी आगामी पांच वर्षों के लिए इस उम्मीद के साथ पुनः सौंपी है कि आगे आने वाले पांच वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा देश में आर्थिक विकास को और अधिक गति देने के प्रयास जारी रखे जाएंगे। भारत की वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने 23 जुलाई 2024 को मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट भारतीय संसद में पेश किया है। इस बजट के माध्यम से भारत की आर्थिक विकास दर को उच्च स्तर पर ले जाने का प्रयास किया गया है। केंद्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 9 प्राथमिकताएं तय की है। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता को बढ़ाना, युवाओं के लिए रोजगार के अधिकतम अवसर निर्मित करना एवं उनके कौशल को विकसित करना, गरीब नागरिकों को भी विकास में हिस्सेदारी देना एवं उन्हें सामाजिक न्याय देना, विनिर्माण इकाइयों को बढ़ावा देना, शहरी क्षेत्रों को विकसित करना, ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करना, आधारभूत ढांचा विकसित करना, नवाचार, शोध एवं विकास करना तथा नई पीढ़ी के सुधार कार्यक्रमों को लागू करना। केंद्र सरकार एवं कुछ राज्य सरकारों द्वारा पूंजीगत खर्चों में लगातार की जा रही वृद्धि के चलते भारत की आर्थिक विकास दर को पंख लगते दिखाई दे रहे हैं। वर्ष 2022-23 के बजट में केंद्र सरकार द्वारा 7.5 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था, वित्तीय वर्ष 2023-24 में इसमें 33 प्रतिशत की भारी भरकम वृद्धि करते हुए इसे बढ़ाकर 10 लाख करोड़ रुपए का कर दिया गया था। अब वित्तीय वर्ष 2024-45 के लिए इसे और आगे बढ़कर 11.11 लाख करोड़ रुपए का कर दिया गया है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 3.4 प्रतिशत है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था में न केवल स्थिरता दिखाई देने लगी है बल्कि यह लगातार तेज गति से आगे बढ़ रही है। आज पूरे विश्व में केवल भारतीय अर्थव्यवस्था ही एक चमकते सितारे के रूप में दिखाई दे रही है। बजट का गहराई से अध्ययन करने पर ध्यान में आता है कि केंद्र सरकार ने अब भारत में रोजगार के अधिकतम अवसर निर्मित करने की ठान ली है। भारत के युवाओं एवं महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं कौशल विकसित करने की दृष्टि से 2 लाख करोड़ रुपए की 5 योजनाओं के एक पैकेज की घोषणा की है। शिक्षा, रोजगार एवं कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपए की राशि इस बजट में आबंटित भी कर दी गई है। प्रधानमंत्री पैकेज के अंतर्गत एढ्ढक्क के प्रथम बार सदस्य बनने पर औपचारिक क्षेत्र के कर्मचारियों के खातों में एक माह का वेतन जमा किया जाएगा। इन कर्मचारियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना के अंतर्गत एक माह का वेतन (15000 रुपए की अधिकतम राशि तक) तीन किश्तों में उनके खातों में जमा किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत एक माह में एक लाख रुपए तक का वेतन पाने वाली कर्मचारी ही पात्र होंगे। इससे 2.1 करोड़ युवाओं को लाभ होने की सम्भावना बजट में व्यक्त की गई है। ऐसे भी कई निर्णय लिए जा रहे हैं जिनसे आने वाले समय में घरातल पर युवाओं को लाभ होता दिखाई देगा। एक करोड़ युवाओं को आगामी 5 वर्षों के दौरान इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत काम दिया जाएगा। ताकि ये युवा वर्ग के नागरिक रोजगार प्राप्त करने हेतु सक्षम हो सकें। इन युवाओं को प्रति माह 6,000 रुपए तक का वाजीफा सम्बंधित कम्पनियों द्वारा अदा किया जाएगा। वजीफे की इस राशि को कम्पनियों के लिए लागू निगमित सामाजिक दायित्व योजना के अंतर्गत किया गया खर्च माना जाएगा। भारत की सबसे बड़ी 500 कम्पनियों को इस योजना के अंतर्गत युवाओं को इंटर्नशिप की सुविधा देनी होगी। साथ ही, केंद्र सरकार द्वारा भी इन युवाओं को प्रतिमाह 5000 रुपए अदा किए जाएंगे। यह केंद्र सरकार का एक सूझबूझ भरा निर्णय कहा जा सकता हैं। साथ ही, विनिर्माण के क्षेत्र के रोजगार के नए अवसर निर्मित करने की पहल भी की जा रही है। नए कर्मचारियों के एढ्ढक्क खाते में जमा होने वाली राशि को आगामी 4 वर्षों तक केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा, इससे कर्मचारी एवं नियोक्ता दोनों को ही लाभ होगा। इस योजना का लाभ 30 लाख युवाओं को होने जा रहा है। एक अन्य योजना के अंतर्गत नियोक्ता को अपने नए कर्मचारियों के एढ्ढक्क खातों में जमा की जाने वाली राशि की प्रतिपूर्ति आगामी 2 वर्षों तक केंद्र सरक-र द्वारा की जाएगी। इससे रोजगार के 50 लाख नए अवसर निर्मित होने की सम्भावना है। केंद्र सरकार द्वारा हाल ही के समय में भारतीय सनातन संस्कृति के संस्कारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से धार्मिक पर्यटन को देश में बढ़ावा दिया जा रहा है। धार्मिक पर्यटन से देश में रोजगार के लाखों अवसर निर्मित हो रहे हैं एवं गरीब वर्ग की आय में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। श्री विष्णुपाद मंदिर कोरिडोर, गया, बिहार एवं श्री महाबोधि मंदिर कोरिडोर बोधगया, बिहार को विकसित किए जाने की घोषणा की गई है। इसे काशी विश्वनाथ मंदिर कोरिडोर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसी प्रकार देश में अन्य मंदिरों को भी विकसित किया जा रहा है ताकि देश में इन मंदिरों में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो तथा भारत को वैश्विक पटल पर एक बहुत बड़े धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में दिखाया जा सके। भारत के ग्रामों में निवास कर रहे नागरिक रोजगार प्राप्त करने के उद्देश्य से शहरों की ओर पलायन करते हैं। अतः ग्रामों में ही रोजगार के अधिकतम अवसर निर्मित करने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास की मद पर 2.66 लाख करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान इस बजट में किया गया है। साथ ही, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुद्रा लोन योजना के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली ऋण राशि की सीमा को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रुपए कर दिया गया है। यह सुविधा तरुण श्रेणी के अंतर्गत प्राप्त ऋण के व्यवसाईयों को प्राप्त होगी एवं जिन्होंने पूर्व में लिए गए 10 लाख रुपए के ऋण की राशि को समय पर अदा कर दिया है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए भी ऋण की सीमा को बढ़ाकर 100 करोड़ रुपए तक कर दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत एक करोड़ आवासों का निर्माण किया जाएगा। इन एक करोड़ आवासों पर 10 लाख करोड़ रुपए की राशि का निवेश होगा, इसमें केंद्र सरकार की भागीदारी 2.2 लाख करोड़ रुपए की रहेगी। साथ ही, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 3 करोड़ आवासों का निर्माण करने की घोषणा पूर्व में ही की जा चुकी है। देश के आर्थिक चक्र को गति देने के उद्देश्य से नई कर प्रणाली के अंतर्गत वेतनभोगी/पेंशनधारी कर्मचारियों के लिए सामान्य छूट की सीमा को 50,000 रुपए से बढ़ाकर 75,000 रुपए कर दिया गया है। साथ ही, आय कर की दरों में कुछ इस प्रकार का संशोधन किया गया है कि 15 लाख रुपए तक की कर योग्य आय वाले कर्मचारियों को प्रतिवर्ष 17,500 रुपए का लाभ होगा। इस निर्णय से मध्यम वर्गीय नागरिकों के हाथों में कुछ अधिक राशि बचेगी और इस राशि इस इनकी क्रय शक्ति बढ़ेगी ताकि देश की अर्थव्यवस्था के चक्र में मजबूती आएगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में कुल आय का अनुमान रुपए 31.07 लाख करोड़ रुपए का लगाया गया है, इसमें ऋण की राशि शामिल नहीं है परंतु, करों के मद से प्राप्त होने वाली 25.83 लाख करोड़ रुपए की राशि शामिल है। जबकि, कुल खर्च का अनुमान 48.21 लाख करोड़ रुपए का लगाया गया है।

- प्रहलाद सबनानी

बजट में रक्षा क्षेत्र के साथ हुआ न्याय

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का साल 2024-25 का बजट पेश करते हुए रक्षा क्षेत्र के लिए 4.54 लाख करोड़ का प्रस्ताव किया। यह संयोग ही है कि कारगिल विजय दिवस (26 जुलाई) से चंदेक दिन पहले ही संसद में पेश आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए ठीक-ठाक राशि का ही प्रस्ताव किया गया। भारत अपने रक्षा बजट की किसी भी सूरत में अनदेखी नहीं कर सकता। कारण हम सबको पता है। हमारे दो गैर-जिम्मेदाराना हरकतों के लिये कुख्यात पड़ोसी- चीन और पाकिस्तान भारत के कट्टर शत्रु देश हैं। इनसे भारत के कई युद्ध भी हो चुके हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान तो भारत में आतंकवाद को लगातार हवा-पानी देता रहता है। यह हमने हाल ही में जम्मू में भी देखा। जम्मू क्षेत्र में आतंकी हमलों में वृद्धि के मद्देनजर, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 20 जुलाई को जम्मू का दौरा भी किया। उन्होंने आला सैनिक अफसरों के साथ आतंकवाद को कुचलने की रणनीति पर बातचीत की। जम्मू में इस साल छह अलग-अलग आतंकी हमलों में 11 सशस्त्र बल कर्मियों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा, पिछले महीने आतंकियों ने रियासी में एक बस पर फायरिंग की थी। इसके बाद बस के खाई में गिरने से 9 यात्रियों की मौत हो गई थी। इसके अलावा अक्टूबर 2021 से आतंकवादी डोडा, कठुआ और रियासी जैसे क्षेत्रों में और भी अंदर तक पहुंच गए हैं। पिछले महीने जनरल मनोज पांडे से सेना प्रमुख के रूप में पदभार संभालने के बाद से जनरल द्विवेदी का जम्मू क्षेत्र का यह दूसरा दौरा था। तो बहुत साफ है कि भारत के रक्षा क्षेत्र के सामने बहुत चुनौतियां है। उसे पाकिस्तान और चीन की करतूतों से लगातार लड़ना पड़ता है। भारत की पाकिस्तान से 1947, 1965, 1971 और फिर करगिल में जंग हुई। चीन से भी हमारी भीषण जंग 1962 में हुई। कुछ साल पहले चीन से डोकलम में भी लड़ाई की ही नौबत आ चुकी थी। लेकिन, भारत की कुशल कूटनीति से युद्ध टल गया था। भारत के चीन और पाकिस्तान से कई विषयों पर विवाद हैं। इसीलिए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने समझदारी पूर्वक रक्षा बजट के लिए एक बड़ी राशि देने का प्रस्ताव रखा। चीन ने 1962 की जंग के बाद हमारे अक्सईचिन पर अपना जबरदस्ती कब्जा जमा लिया था। यह क्षेत्र 37,244 वर्ग किलोमीटर है जिसमें अनेक गलैशियर भरे पड़े हैं। यह पूरे कश्मीर घाटी जितना बड़ा इलाका है। भारत को उस चीन द्वारा जबरदस्ती ढंग से कब्जाए क्षेत्र को वापस तो लेना ही है। चीन हमारे अरुणाचल प्रदेश पर भी गिद्ध दृष्टि रखता है। तो भारत को अपने रक्षा बजट को निरंतर बढ़ाने के साथ सेना के सभी अंगों को और मजबूत तो करना ही होगा। इस बारे में कोई बहस संभव नहीं है। भारत लगातार अपने रक्षा क्षेत्र को बदलते वक्त के साथ तैयार भी कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त, 2019 को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीए) पद सर्जित करने की घोषणा की थी। यह कदम भारतीय सशस्त्र बलों में आपसी तालमेल को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। हालांकि यह पहल कारगिल युद्ध के 18 साल बाद हुई। आप जानते हैं कि कारगिल युद्ध में भारत ने पाकिस्तान के गले में अंगूठा डाल दिया था। कारगिल युद्ध भारतीय सेना और राष्ट्रीय खुफिया एजेंसियों के लिए एक बड़ा झटका था। 84 दिनों तक चला यह युद्ध 15,000 फीट की ऊंचाई पर 200 किलोमीटर लम्बी सीमा पर लड़ा गया। यह युद्ध भारतीय सेना के लिए प्रमुख सुधारों और नवीनीकरण का उत्प्रेरक बना। देश की सरहदों की निगहबानी करने वालों के लिए कारगिल का सबसे बड़ा सबक था-अप्रत्याशित की उम्मीद करना। भारतीय सेना ने कभी नहीं सोचा था कि जनरल परवेज मुशर्रफ के नेतृत्व में पाकिस्तान की सेना कारगिल सेक्टर में घुसपैठ करेगी। कारगिल युद्ध का एक महत्वपूर्ण सबक यह भी था कि भारत को आधुनिक हथियारों और गोला-बारूद में आत्मनिर्भर होना होगा। यह तो जाहिर है कि भारत सरकार रक्षा क्षेत्र के सामने कभी धन की कमी महसूस नहीं होने देती। जब देश के इर्द-गिर्द दो बड़े शत्रु राष्ट्रों की सरहदें मिलती हों तब भारत से यह अपेक्षा करना उचित ही नहीं होगा कि वह अपने रक्षा बजट में कटौती करने की सोचे भी। अगर बात आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए धन की आवंटन से हटकर करें, तो भारत को अपने रक्षा क्षेत्र में लगातार सुधार करते ही रहना होगा। यह अलग बात है कि सरकार सेना, नौसेना और वायु सेना के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो संकट के समय में उनके बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेगा। पहले तीनों सेनाएं अपने-अपने स्तर पर काम करती थीं। मौजूदा सरकार ने उनके एकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया, जो लीक से हटकर कर एक अलग कदम था और यह समय की मांग भी थी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा भी था सेना के तीनों अंगों में समन्वय का काम थोड़ा कठिन था; लेकिन, अब हमारी सेना बेहतर समन्वय के साथ हर चुनौती से निपटने के लिए मिलकर काम करने को तैयार रहती है। कुछ लोगों का विचार था, स्वदेशी हथियार विश्वस्तरीय नहीं होंगे; लेकिन, वर्तमान सरकार घरेलू उद्योग की क्षमताओं में विश्वास करती है। यह जान लीजिए कि कोई भी सेना बाहर से आयातित उपकरणों से अपने देश की रक्षा नहीं कर सकती है और आज के समय में भारत के लिए रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता आवश्यक है। आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत सरकार के लगातार प्रयास अब लाभ देने लगे हैं, क्योंकि; भारत का रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा औद्योगिक गलियारे स्थापित करने जैसी पहल के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि आधुनिक सैन्य साजो-सामान न केवल भारत में निर्मित हो, बल्कि उन्हें मित्र देशों को भी निर्यात किया जाए। पहले भारत को हथियार आयातक राष्ट्र के रूप में जाना जाता था। लेकिन, आज भारत अपने कम्फर्ट जोन से बाहर आ गया है और हमने हथियार निर्यातक शीर्ष-25 देशों की सूची में जगह बना ली है। कुछ साल पहले तक भारत के रक्षा क्षेत्र का निर्यात 1,000 करोड़ रुपये तक भी नहीं पहुंच पाता था, जबकि आज यह 16,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। सरकार को 2028-29 तक वार्षिक रक्षा उत्पादन तीन लाख करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की आशा है। संक्षेप में इतना ही कहना काफी होगा कि भारत सरकार को अपने रक्षा क्षेत्र पर लगातार फोकस देते रहना ही उचित होगा।

आर.के. सिन्हा

ऑनलाइन स्टडी के चलते घबराहट और तनाव के शिकार होते बच्चे

यदि अध्ययन कताओं की मानें तो कोविड 19 अर्थात कोरोना के बाद हालात तेजी से बिगट हुए हैं। खासतौर से पैसों वालों व बुजुर्गों की बीमारी से बच्चे प्रभावित होने लगे हैं। बैचेनी, घबराहट, हाथों में कंपन, नींद ना आना, विछविछापन, तनावग्रस्त, कुंठा आदि लक्षण दिखने लगते हैं। देखा जाए तो कोरोना के बाद से बच्चों में डिप्रेशन और एंजाइटी का रोग तेजी से बढ़ता जा रहा है। कोरोना की दहशत के हालात, लॉकडाउन, वर्क फ्राम होम और बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई के साइड इफेक्ट सामने आने लगे हैं। ऑनलाइन स्टडी के चलते बच्चे मोबाइल के अधिकांश इस तरह के ऐप्स से रुबरु होने लगे जो बालपन को कहीं ना कहीं सीधे सीधे प्रभावित करने लगा। एक और जहां चाहे-अनचाहे आनलाइन गेमों की बच्चों में लत लगी वहीं सोशियल मीडिया साइट्स भी बच्चों में लत के रुप में लगने के साथ ही बच्चों के दिलो दिमाग पर नकारात्मक प्रभाव डालने में सफल रही है। देखा जाए तो खेल खेल में बच्चे ना चाहते हुए भी तनाव और एंजाइटी के दौर में प्रवेश कर गए हैं। बदलती जीवनशैली और सामाजिक आर्थिक सिनेरियों में सदी जुकाम की तरह एंजायटी यानी कि घबराहट और डिप्रेशन यानी कि अवसाद आज के बच्चों में आम होता जा रहा है। जानी मानी साइक्रेटिर्क मैगजीन जामा साइक्रेट्री में हालिया प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। मनोवैज्ञानिकों ने अध्ययन के दौरान 11 से 15 साल के बच्चों के बीच अध्ययन किया और खासतौर से यह समझने की कोशिश की गई कि जिस तरह से सर्दी जुकाम संक्रामक बीमारी है और एक से दूसरे में फैल जाती है उसी तरह से एंजायटी या डिप्रेशन भी एक बच्चे से दूसरे बच्चे को प्रभावित कर सकता है क्या? अध्ययन में पाया गया कि घबराहट या एंजाइट प्रभावित बच्चे के लक्षण साथ वाले बच्चे में भी विकसित होने के देखे गए हैं। यह अध्ययन भी एक दो नहीं बल्कि सात लाख बच्चों में किया गया है। चिंता की बात यह है कि सर्दी जुकाम संक्रामक रहा है व संपर्क में आने वालों को गिरफ्त में लेने की प्रबल संभावनाएं रहती है, लगभग यही हालात एंजाइटी और डिप्रेशन को लेकर देखी जाने लगी है। हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि फिनलैंड विश्वविद्यालय के शोधार्थियों के अध्ययन में यह साफ हुआ है कि छह में से एक व्यक्ति बैचेनी यानि कि एंजायटी से प्रभावित रहने लगा है। कोरोना के बाद इस तरह के मरीजों की संख्या में 60 फीसदी तक की बढोतरी देखी जा रही है। यदि अध्ययन कताओं की मानें तो कोविड 19 अर्थात कोरोना के बाद हालात तेजी से बिगट हुए हैं। खासतौर से पैसों वालों व बुजुर्गों की बीमारी से बच्चे प्रभावित होने लगे हैं। बैचेनी, घबराहट, हाथों में कंपन, नींद ना आना, विछविछापन, तनावग्रस्त, कुंठा आदि लक्षण दिखने लगते हैं। इससे बच्चों में नकारात्मकता भी आती जा रही है। अधिक चिंता की बात यह है कि यह बीमारी बच्चों में संक्रामक रोग की तरह फैलती जा रही है।

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

चर्चित चेहरा

भारत के ग्लेडस्टोन कहे जाते थे गोपाल कृष्ण गोखले

महान समाज सुधारक, शिक्षाविद, नरम दल के नेता गोपाल कृष्ण गोखले का जन्म हुआ था। यह एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। गोखले ने सामाजिक सशक्तिकरण, शिक्षा के विस्तार और तीन दशकों तक भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अहम योगदान दिया। बता दें कि खुद राष्ट्रपित महात्मा गांधी गोखले को अपना राजनीतिक गुरु मानते थे। महात्मा गांधी ने अपनी आत्मकथा ह्यसत्य के साथ मेरे प्रयोगह्न में उन्होंने इसका उल्लेख किया है। आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर गोपाल कृष्ण गोखले के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

जन्म और शिक्षा

महाराष्ट्र के रत्नागिरी में 09 मई 1866 को गोपाल कृष्ण गोखले का जन्म हुआ था। उनके पिता का नाम कृष्णा राव गोखले और मां का नाम वलूबाई गोखले था। वह एक साधारण परिवार में जन्मे थे। बता दें कि गोखले मेधानी छात्र थे और इनके पिता पेशे से क्लर्क थे। गोखले को पराधीनता का भाव बहुत सताता था। लेकिन उनके अंदर राष्ट्रभक्ति की धारा हमेशा प्रवाहित होती थी। वहीं साल 1881 में गोपाल कृष्ण गोखले ने मैट्रक की परीक्षा पास की। जिसके बाद साल 1882 में कोल्हापुर के राजाराम कॉलेज में एडमिशन लिया। लेकिन कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के लिए गोखले को एलफिंस्टन कॉलेज जाना पड़ा था। पढ़ाई में अच्छे और जूनूनी रवैया होने के कारण हर महीने उनको स्कॉलरशिप भी मिलती थी।

कांग्रेस के अध्यक्ष बने गोखले

साल 1889 में गोपाल कृष्ण गोखले अपने गुरू समाज सुधारक एम जी रानाडे से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हो गए। वह हमेशा ह्यनरम दलह्न के नेता के रूप में काम करते रहे। वहीं साल 1893 में वह बंबई प्रांतीय सम्मेलन के सचिव बने। फिर साल 1895 में उनको बाल गंगाधर तिलक के साथ संयुक्त सचिव के तौर पर कार्य किया। साल 1905 में हुए बनारस अधिवेशन में गोखले को कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया।

इसी अधिवेशन के दौरान काशी हिंदू विश्वविद्यालय की नींव पड़ी थी। हालांकि बाद में नरम और गरम दल के बीच हुए मतभेदों के बाद साल 1907 में पार्टी के दो टुकड़े हो गए। वैचारिक मतभेद होने के बाद भी गोखले ने ह्यगरम दलह्न के नेता लाला लाजपत राय की रिहाई के लिए अभियान चलाया था। बता दें कि गोखले को वित्तीय मामलों की अद्वितीय समझ और उस पर अधिकारपूर्वक बहस करने की क्षमता के कारण उनको भारत का ह्यग्लेडस्टोनह्न कहा जाता है।

मृत्यु

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में सबसे बड़ा योगदान देने वाले गोपाल कृष्ण गोखले का 9 फरवरी साल 1915 को मुंबई में निधन हो गया था।

दैनिक पंचांग

26 जुलाई 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह	स्थिति	नक्षत्रादि समय
सूर्य	वृत्त में	सिंह 07.08 घटी तक
चंद्र	वृत्त में	मघा 26.17 घटी तक
मंगल	वृत्त में	सुला 11.18 घटी तक
बुध	सिंह में	पुष्टिपक्ष 15.44 घटी
गुरु	वृत्त में	बुध 18.50 घटी तक
शुक्र	कर्क में	मकर 18.32 घटी तक
शनि	वृत्त में	कुंभ 10.50 घटी तक
राहु	मीन में	मीन 21.03 घटी तक
केतु	कन्या में	मेष 23.54 घटी तक

राहुकाल 12.00 से 13.36

शुक्रवार 2024 वर्ष का 206 वाँ दिन
विशाखा नक्षत्र अहर्ष योग
विक्रम संवत 2081 शक संवत्

कैसे बनें कंटेंट राइटर और क्या होगी सैलरी

हर कंपनी के पास एक ऐसी टीम होती है। जो कंपनी का सोशल मीडिया, ब्लॉग्स और वेबसाइट आदि को मैनेज करती है। ऐसे में आप भी इस क्षेत्र में अपनी स्किल्स को बढ़ाकर अपने कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं।

आज के दौर में हर कोई सोशल मीडिया का इस्तेमाल जमकर कर रहा है। वहीं आपने भी देखा होगा कि छोटी-बड़ी कंपनियों के भी सोशल मीडिया पर प्रोफाइल बने हैं, जिन पर हर रोज कुछ न कुछ अपडेट आता रहता है। सोशल मीडिया एप पर आप कंपनियों के बारे में विस्तृत जानकारी ले सकते हैं। आज के समय में कंपनी के यू-ट्यूब अकाउंट, ट्विटर, इंट्राग्राम, टेलीग्राम समेत तमाम पेजों को नियमित तौर पर मैनेज किया जाता है। हालांकि जब पहले सोशल मीडिया का जमाना नहीं था, तब कंपनी की पहचान सीमित हुआ करती थी। लेकिन सोशल मीडिया के इस दौर में हर कंपनी की अपनी पहचान लोकल से ग्लोबल तक है। इन सबमें कंटेंट राइटिंग का रोल सबसे ज्यादा अहम होता है। दरअसल, कंपनी को लोकल से ग्लोबल तक पहुंचाने में कंटेंट राइटिंग का रोल महत्वपूर्ण है, जिसके लिए हर कंपनी के पास एक ऐसी टीम होती है। जो कंपनी का सोशल मीडिया, ब्लॉग्स और वेबसाइट आदि को मैनेज करती है। इस हिसाब से देखा जाए, तो टीम में कंटेंट राइटर का पद सबसे ज्यादा अहम होता है।

बता दें कि कंटेंट राइटर कंपनी की पहचान, उसके प्रोडक्ट और कंपनी के बारे में जो लिखता है। उसी के आधार पर कंपनी मार्केट में ब्रांड बनकर उभरती है। यदि आप किसी कंपनी के बारे में अच्छे से जानना चाहते हैं, तो सोशल मीडिया या वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जा रहे कंपनी द्वारा कंटेंट से तय होता है। इसके अलावा कंपनियां कंपनी के बारे में ई बुक, कंपनियों की वार्षिक विवरण पुस्तिका, प्रोडक्ट का यूजर मैनुअल या दीक्षांत समारोह का न्यूज लेटर आदि सब कंटेंट राइटर की तैयार करते हैं।

वर्तमान समय में तमाम वेबसाइट्स कंटेंट राइटर्स को मोटी पगार पर हायर करती हैं। यही कारण है कि 12वीं और ग्रेजुएशन पास अभ्यर्थी कंटेंट राइटिंग कर लाखों रुपए कमा रहे हैं। इसी वजह से लोग इसको एक प्रोफेशन को देख रहे हैं। ऐसे में इस फील्ड में आगे बढ़ने की तमाम संभावनाएं हैं। ऐसे में आप भी कंटेंट राइटिंग का कोर्स कर अपने सपने को साकार कर सकते हैं।

सैलरी

शुरूआत में एक कंटेंट राइटर के तौर पर कंपनी आपको सालान 2-3 लाख रुपए अदा करती हैं। वहीं समय के साथ अनुभव बढ़ने पर कंटेंट राइटर को सालान 4-5 लाख तक का पैकेज आसानी से मिल जाता है। बता दें कि आमतौर पर एक कंटेंट राइटर को 20 हजार से लेकर 35 हजार रुपए प्रतिमाह सैलरी मिलती है।

ऐसे बनाएं कॅरिअर

अगर आप भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं, तो अभ्यर्थी डिजिटल मार्केटिंग, ग्रॉफिक्स डिजाइनिंग जैसे फील्ड में अपना कॅरियर बना सकते हैं। अभ्यर्थी घर बैठकर कई टेक्निकल कोर्सेस के साथ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं।

आर्टिस्टिक होने के साथ लॉजिकल थिंकर होते हैं प्रोडक्ट डिजाइनर्स



स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स, बच्चों के खिलौने से लेकर ड्राइंग रूम के स्टाइलिश व स्मार्ट फर्नीचर्स तक आज जहां भी नजर दौड़ाए, टेक्नोलॉजी इनोवेशंस की एक से बढ़कर एक मिसालें देखने को मिल जाती है। फिर चाहे वह कोई गैजेट हो, डिजाइनर वॉच या होम अप्लायंस। ऐसे में कई बार सोचने में आता है कि इन्हें डिजाइन कौन करता है, इनका क्रिएटर ये काम प्रोडक्ट डिजाइर्स करते हैं जो कि इमेजिनेटिव पॉवर और एस्थेटिक सेंस की बदौलत टेक्निकल प्रोडक्ट्स बनाते हैं। इंजीनियरिंग का एडवांस ब्रांच है प्रोडक्ट डिजाइनिंग जिसमें इन दिनों युवाओं का अच्छा रुझान देखा जा रहा है।

वर्क प्रोफाइल

प्रोडक्ट डिजाइनर्स कमर्शियल मैन्युफैक्चरिंग फर्म्स के लिए आर्टिकल्स, प्रोडक्ट्स, मटीरियल्स डिजाइन करते हैं। कोई भी चीज डिजाइन करने से पहले ये उसकी विजुअल अपील और प्रैक्टिकल यूज का पूरा ध्यान रखते हैं। एक प्रोडक्ट डिजाइन को कार, होम अप्लायंस, कम्प्यूटर, मेडिकल इक्विपमेंट, ऑफिस या रिक्रिएशन इक्विपमेंट, खिलौने आदि कुछ भी डिजाइन करने पड़ सकते हैं। उन्हें मार्केट रिसर्चर्स, एडवरटाइजिंग टीम और प्रोडक्शन मैनेजर्स से इंटरेक्ट करने के अलावा ग्राफकि डिजाइनर्स के साथ काम करना होता है।

स्किल्स

प्रोडक्ट डिजाइनर को आर्टिस्टिक होने के साथ लॉजिकल थिंकर होना भी जरूरी है। आपके पास आउट ऑफ बॉक्स आइडियाज होंगे तो अलग पहचान बना सकेंगे। इसी तरह ऑब्जर्वेशन स्किल और विजुअल इमेजिनेशन बेहतरीन होनी चाहिए। आपको ड्राइंग के माध्यम से अपने आइडियाज को एक्सप्रेस करना, कंज्यूमर गुड्स के प्रोडक्शन और मार्केटिंग की समझ होनी चाहिए।

शैक्षणिक योग्यता

अगर आपके पास आर्किटेक्चर या इंजीनियरिंग में डिग्री होगी, तो आप आईआईटी से इंडस्ट्रीयल डिजाइनिंग में मास्टर्स कर सकते हैं। इससे करियर ग्रोथ अच्छी रहेगी। वैसे, साइंस स्ट्रीम से बारहवीं करने वाले नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन या आईआईटी से इंडस्ट्रियल डिजाइन का कोर्स कर, प्रोडक्ट डिजाइनिंग की फील्ड में आ सकते हैं।

मार्केट में अवसर

मैन्युफैक्चरिंग फर्म्स के डिजाइन डिपार्टमेंट में प्रोडक्ट डिजाइनर्स की अच्छी मांग होती है। आप इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट डिजाइनर, वॉच डिजाइनर, फुटवियर डिजाइनर, डिजिटल डिजाइनर, आदि के रूप में करियर शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा कंसल्टिंग फर्म्स में जॉब की जा सकती है।

प्रमुख संस्थान

- इंडस्ट्रियल डिजाइन सेंटर, आईआईटी बॉम्बे
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद
- एमआईटी इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे



काम आएगी अखबार पढ़ने की आदत

अखबार पढ़ने की आदत बैंकिंग परीक्षा के करंट अफेयर्स सेक्शन तथा इंग्लिश सेक्शन दोनों ही में आपकी मदद करेगी। बैंकों में भर्ती के लिए होने वाली परीक्षा में यह परखा जाता है कि उम्मीदवार सीमित समय में समस्याओं को हल करने में कितना सक्षम है। इसमें न्यूनतम समय में उम्मीदवार की लॉजिकल रीजनिंग क्षमता तथा निर्णय क्षमता का आंकलन किया जाता है। साथ ही अपने आसपास की घटनाओं और अंगरेजी भाषा के ज्ञान की कसौटी पर भी उम्मीदवार को कसा जाता है। इसमें करंट अफेयर्स तो ऐसा विषय है, जिस पर आपकी पकड़ को रिटर्न टेस्ट ही नहीं, पर्सनल इंटरव्यू में भी जांचा जाता है।

पढ़ने की आदत पड़ती है

परीक्षा के लिहाज से, पढ़ने की आदत विकसित करना बहुत जरूरी है। इससे इंग्लिश लैंग्वेज पेपर को हल करने में बहुत मदद मिलती है। रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन व पैसेज वाले हिस्से में अच्छे अंक लाने के लिए अच्छी रीडिंग स्किल जरूरी है। इसका अभ्यास करने के लिए अखबार एक अच्छा मंच है। आप अखबार में जो भी पढ़ें, उसका अर्थ अच्छी तरह समझें और उसे एक कागज पर लिख लें। यह भी देखें कि ऐसा आपने कितने समय में किया।

सेंटेंस फॉर्मेशन की जानकार

अंग्रेजी भाषा में लिखने का कोई तयशुदा फ्रेम नहीं है। इसमें वाक्य बिल्कुल सरल भी हो सकते हैं और बेहत जटिल भी। जो उम्मीदवार खुद को इंग्लिश में कमजोर महसूस करते हैं और इस भाषा को बस अभी-अभी समझने लगे हैं, उनके लिए इंग्लिश अखबार पढ़ना बहुत ही फायदेमंद रहेगा। अखबारों में काफी सरल वाक्य रचना होती है। इन्हें पढ़कर आप एक्टिव/ पैसिव वॉइस, वर्बस, ग्रामर, टेन्स आदि को बेहतर समझ सकते हैं।

राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय समाचार एकत्र करना

न्यूज एंड करंट अफेयर्स बैंकिंग एग्जाम्स का एक महत्वपूर्ण घटक है क्योंकि जनरल नॉलेज पेपर में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय महत्व की ताजा घटनाओं से जुड़े प्रश्न पूछे जाते हैं। आपको चाहिए कि आप रोज अखबारों में महत्वपूर्ण न्यूज आइटम चिह्नित कर लें और फिर आने वाले दिनों में इनका फॉलो-अप लेते रहें। सबसे महत्वपूर्ण समाचारों को खास तौर पर नोट करें और परीक्षा की तैयारी करते हुए इन्हें रिवाइज करते रहें।

इंटरव्यू राउंड में करंट अफेयर्स का लाभ

समसामयिक घटनाक्रम से अवगत रहना इसलिए भी जरूरी है कि पसर्नल इंटरव्यू राउंड में इंटरव्यू पैनल इसके प्रति आपकी जागरूकता की परीक्षा ले सकता है। यदि आप नियमित रूप से अखबार पढ़ते रहे हैं, तो इन घटनाओं की जानकारी आपको मुंह-जुबानी याद होगी।

बढ़ता है आत्मविश्वास

रोज अखबार पढ़ने की आदत आपके आत्मविश्वास से भी भर देती है। आपको राजनीति, अर्थतंत्र, खेल आदि विषयों की जानकारी मिलती है। इससे आप रिटन एग्जाम, पर्सनल इंटरव्यू या ग्रुप डिस्कशन का सामना भी पूरे आत्मविश्वास के साथ कर सकते हैं। जानकारी होने पर आप स्पष्टता के साथ तथ्यों का विश्लेषण भी कर सकते हैं। बैंकिंग एग्जाम क्रैक करना साल-दर-साल मुश्किल होता जा रहा है। कारण यह कि सीमित संख्या के पदों के लिए आवेदन करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसकी तैयारी के लिए बहुत परिश्रम करना पड़ता है और ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित करना पड़ता है। अखबार इस ज्ञान का बहुत ही अहम स्रोत साबित होते हैं और कई तरह से आपकी मदद करते हैं।

राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात, बिहार से लेकर दक्षिण के कई राज्यों की ऐतिहासिक इमारतें और धरोहरें हमेशा से घरेलू व विदेशी पर्यटकों को अपनी ओर खींचती रही हैं।ऐसे में इन धरोहरों को सहेजना, उनका संरक्षण करना जरूरी हो जाता है। यही जिम्मेदारी संभालते हैं कंजर्वेशन मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट, जो स्मारकों, किलों, महलों, मंदिरों के अलावा बेशकीमती पांडुलिपियों, मूर्तियों, सिक्कों या वॉल पेंटिंग्स जैसे म्यूजियम ऑब्जेक्ट्स को सहेजकर रखते हैं।

हेरिटेज और कल्चरल टूरिज्म की रीढ़ है कंजर्वेशन मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट

भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विविधता बेमिसाल मानी जाती है। राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात, बिहार से लेकर दक्षिण के कई राज्यों की ऐतिहासिक इमारतें और धरोहरें हमेशा से घरेलू व विदेशी पर्यटकों को अपनी ओर खींचती रही हैं। अगर आपको भी ऐतिहासिक विरासतों के संरक्षण में दिलचस्पी है, तो म्यूजियोलॉजी या हेरिटेज मैनेजमेंट का कोर्स करने के बाद इस उभरते हुए क्षेत्र में करियर संवार सकते हैं।

जॉब स्कॉप

यूनेस्को की ओर से देश की 32 धरोहरों को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स का दर्जा मिला हुआ है। ये सभी देश के कल्चरल टूरिज्म के बड़े गंतव्य हैं लेकिन बेतरतीब शहरीकरण व व्यवसायीकरण से इन धरोहरों के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। इनके रखरखाव की जरूरत महसूस की जाने लगी है, जो सिर्फ प्रशिक्षित और हुनरमंद हेरिटेज कंजर्वेटर ही कर सकते हैं। यही कारण है कि हाल के वर्षों में हेरिटेज कंजर्वेटर, आर्ट रिस्टोरर और म्यूजियोलॉजिस्ट जैसे पेशे का महत्व काफी बढ़ गया है। संग्रहालयों का भी सामाजिक और शैक्षणिक महत्व दिनो-दिन बढ़ता जा रहा है। देश में आर्ट म्यूजियम, आर्कियोलॉजिकल म्यूजियम, वैक्स म्यूजियम, विज्ञान/ तकनीक/ मैरिटाइम म्यूजियम तथा मिलेट्री व वॉर म्यूजियम के रूप में कई तरह के म्यूजियम्स संचालित हो रहे हैं, जिनमें हेरिटेज एक्सपर्ट्स की अच्छी डिमांड है।

करियर के अवसर

भारत में हेरिटेज मैनेजमेंट सेक्टर भले ही अभी नया है लेकिन इसमें जॉब के अवसर कम नहीं हैं। म्यूजियोलॉजी और हेरिटेज मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स के लिए टीचिंग और रिसर्च वर्क के अलावा नेशनल/ स्टेट म्यूजियम्स, आर्कियोलॉजिकल म्यूजियम्स, आर्ट गैलरीज, कंजर्वेशन लैब्स, लाइब्रेरी, आर्काइव्स, आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ आर्कियोलॉजी, पर्यटन विभाग तथा एनजीओ में जॉब के ढेर सारे मौके हैं। ऐसे जानकारों की सेवाएं विदेश मंत्रालय की हिस्टोरियन डिविजन, शिक्षा मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार, इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टोरिकल रिसर्च आदि में भी ली जाती हैं। यूनेस्को और यूनिसेफ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों में भी जॉब की अच्छी संभावनाएं हैं। म्यूजियोलॉजी या हेरिटेज मैनेजमेंट के विद्यार्थी वर्तमान में बड़ी संख्या में इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्ट एंड कल्चर, इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट, कल्चर एंड हेरिटेज तथा म्यूजियम्स में कंजर्वेटर, हेरिटेज मैनेजर, क्यूरेटर, प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर, रिसर्च एसोसिएट या आर्ट कंसल्टेंट जैसे पदों पर सेवाएं दे रहे हैं।

वर्क प्रोफाइल

म्यूजियोलॉजी यानी म्यूजियम से जुड़ा विज्ञान। इस कोर्स के अंतर्गत मुख्य रूप से म्यूजियम के प्रशासन तथा मैनेजमेंट से जुड़े पहलुओं का अध्ययन किया जाता है। पाठ्यक्रम के रूप में संग्रहालय विरथापन, वैज्ञानिक/ कलात्मक/ ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण वस्तुओं की देखभाल/ संरक्षण, कलाओं का प्रस्तुतिकरण, म्यूजियम कलेक्शन, डिजाइनिंग तथा डॉक्यूमेंटेशन आदि विषयों की जानकारी दी जाती है, जबकि हेरिटेज कंजर्वेशन एंड मैनेजमेंट कोर्स एक इंटर-डिसिप्लिनरी स्पेशलाइज्ड कोर्स है। इसके अध्ययन का दायरा दो हिस्सों में बंटा है: हेरिटेज कंजर्वेशन तथा हेरिटेज मैनेजमेंट। हेरिटेज कंजर्वेशन एक टेक्निकल फील्ड है। इसके अंतर्गत विभिन्न स्थलों की खुदाई में मिले म्यूजियम ऑब्जेक्ट्स यानी दुर्लभ पांडुलिपियों, मूर्तियों, पुराने सिक्कों या प्राचीन कलाकृतियों को नष्ट होने से बचाने की जानकारी दी जाती है। वहीं, हेरिटेज मैनेजमेंट पूरी तरह से एडमिनिस्ट्रेटिव व आर्किटेक्चरल फील्ड है, जिसमें स्मारकों के प्रबंधन, रखरखाव व साजसज्जा की जानकारी दी जाती है।

पर्सनल स्किल

हेरिटेज कंजर्वेशन बिल्कुल अलग तरह का कोर्स है। इसलिए इस क्षेत्र में वे ही युवा आएं, जिन्हें इतिहास, कला या सांस्कृतिक चीजों में रुचि हो क्योंकि बगैर रुचि और समर्पण के इस क्षेत्र में तरक्की कर पाना मुश्किल है। यदि प्रबंधन क्षेत्र से जुड़ना चाहते हैं, तो आर्किटेक्चरल स्किल, टेक्निकल स्किल के अलावा आपमें प्रशासनिक क्षमता, अच्छी ऑब्जर्वेशन स्किल और विश्लेषण की दक्षता भी होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने उप निबंधक कार्यालय मंझनपुर का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने गुरूवार को उप निबंधक कार्यालय मंझनपुर का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कार्यालय में रजिस्टर मेंनटेन, दस्तावेजों के रख-रखाव एवं साफ-सफाई को देखा। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में उप निबधक अनुपस्थित थी, जिस पर प्रभारी अधिकारी गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि वे चिकित्सीय अवकाश पर हैं। जिलाधिकारी ने वहाँ पर रजिस्ट्री कराने आये लोगों से वार्ता कर जानकारी प्राप्त की कि आप लोगों को किसी प्रकार से परेशान तो नहीं किया जाता है। जिलाधिकारी ने अधिकारियो/कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की कि आज कितनी रजिस्ट्री आयी है, लेकिन मौके पर रजिस्टर मेनटेन नहीं था। जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रतिदिन होने वाली रजिस्ट्री का रजिस्टर हर रोज बनाया जाये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने

निरीक्षण के दौरान दस्तावेज की जांच पड़ताल करते डीएम

कहा कि जो भी बड़ी रजिस्ट्री जॉच को भेजी जाती है, समयबद्ध तरीके से जॉच पूरी करने की अपेक्षित कार्यवाही त्वरित गति से करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही व देरी क्षम्य नहीं होगी।

ओवरलोड परिवहन करने वाले 13 वाहनों के परमिट होंगे निरस्त

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निदेर्शानुसार उपखनिजों का अवैध परिवहन/ओवरलोड परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही हैं।

जिला खनन अधिकारी अजीत कुमार पांडेय ने बताया कि जनपद में दो या दो से अधिक बार उपखनिजों का अवैध परिवहन/ओवरलोड परिवहन में पकड़े गए 13 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए इन वाहनों का परमिट निरस्तीकरण/ब्लैक लिस्ट किये जाने के लिए समबंधित जनपदों के सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया गया है। जिलाधिकारी ने अवैध परिवहन के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए जिला खनन अधिकारी एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को नियमित रूप से उपखनिजों का अवैध परिवहन/ओवरलोड परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि देते शिक्षामित्र

शिक्षामित्रों ने मनाया काला दिवस

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ कौशाम्बी के आह्वान पर शिक्षामित्रों ने गुरुवार को काला दिवस मनाया। जनपद के सैकड़ो शिक्षामित्र ने मंझनपुर के डायट परिसर में इकट्ठा होकर मुख्यमंत्री के नाम अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। तदोपरान्त बेसिक शिक्षा कार्यालय के सामने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर मोमबत्ती जलाकर अपने शहीद शिक्षामित्रो के आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। बीएसए कार्यालय पर एकत्रित शिक्षामित्रो के समूह ने मार्च 2018 के मानदेय की भी मांग की।

संघ के जिलाध्यक्ष रनाकर सिंह ने बताया कि 25 जुलाई 2017 को समायोजन निरस्त होने के बाद से आत्मघाती कदम उठते हुए अब तक लगभग 10 हजार शिक्षामित्रों ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दरशाद अहमद, भूपेन्द्र धनंजय ओझा, राम रूप, भारत सिंह, रामबाबू, सपीना परवीन, शोभा देवी, अजरा, रंजना, मीरा दुबे, विजय बहादुर, कृष्ण कुमार, दीपक उदय, पुष्पा, रुबिदास, सरिता, सुरेश आदि शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

विद्यार्थी का विद्यालय में कराया जाए दाखिला : डीएम

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। साहब! मैंने कक्षा एक से पांच तक की पढ़ाई घर पर ही की है। अब कक्षा छह की पढ़ाई के लिए कौशाम्बी इंटर कॉलेज में प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। प्रधानाचार्य ने गृह शिक्षा के आधार पर विद्यालय में प्रवेश लेने से मना कर दिया है।

यह आपबीती सदर तहसील के कोसम इनाम गांव निवासी जीशान पुत्र एहसान अहमद ने गुरूवार को जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के समक्ष पेश होकर बताई। उसने बताया कि वह बहुत गरीब परिवार से है। उसके पिता बाहर रहकर काम करते है। जिस पर जिलाधिकारी ने जीशान से मौके पर कुछ सवाल पूछे। जवाब सही मिलने पर उन्होने शाबासी देते हुए मौके पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी डॉ. कमलेंद्र कुशवाहा को बुलाकर तत्काल विद्यार्थी का विद्यालय में दाखिला कराने के लिए निर्देशित किया।

बैठक के दौरान उपस्थित कांग्रेस नेता

कांग्रेस का एक ही नारा, महिलाओं को उनका अधिकार दिलाना है : विजय प्रकाश

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। मूरतगंज ब्लॉक के कसिया गांव में गुरूवार को महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम की बैठक कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में हुई।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक चायल विजय प्रकाश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का एक ही नारा है। महिलाओं को उनका अधिकार दिलाना है। हमारे नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी ने महिलाओं को कांग्रेस पार्टी में 50 प्रतिशत की भागीदारी दी है। सभी महिलाओं को जागरुक करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आपके अधिकार की लड़ाई को लड़ती रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय ने कहा की सरकार ने महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया है। कांग्रेस कार्यकर्ता महिलाओं के हक एवं अधिकार की लड़ाई को सड़क से लेकर सदन तक लड़ेंगे और उनका अधिकार उनको दिलाएंगे। बैठक का संचालन कांग्रेस के छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी आजाद ने किया। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष तलत अजीम, शहनाज अली (बेगम), राम बहादुर त्रिपाठी, दीपक पांडेय, निशा अंसारी, सपना, रीना आदि तमाम लोग उपस्थित रहीं।

सांस्कृतिक दिवस पर छात्रों ने किया बूढ़ी काकी कहानी का नाट्यमंचन

शिक्षा सप्ताह के चतुर्थवें दिवस पर सांस्कृतिक दिवस का हुआ आयोजन

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। शिक्षा सप्ताह के अन्तर्गत नेवादा ब्लॉक के पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय अमिरसा में गुरुवार को सांस्कृतिक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने उपन्यासकार मुंशी प्रेमचंद की कहानी बूढ़ी काकी का नाट्य रूपांतरण किया। साथ ही समाजिक मुद्दों से जुड़े नुक्कड़ नाटक व

पीएमश्री विद्यालय अमिरसा में बूढ़ी काकी का मंचन करते छात्र

अपनी कला का प्रदर्शन किया।

मौके पर विद्यालय के शिक्षक सत्यनिधि शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के चतुर्थवीं वर्षगांठ पर 22 जुलाई से 28 जुलाई तक शिक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक दिन अलग-अलग विषय पर दिवस मनाया जा रहा है। प्रथम दिवस शिक्षण अधिगम सामग्री दिवस के रूप में मनाया गया। उसके बाद क्रमशः आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता दिवस, खेल दिवस साथ आज सांस्कृतिक कार्यक्रम दिवस मनाया गया। उसके बाद कौशल दिवस, मिशन जीवन दिवस मनाया जाएगा। शिक्षक पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि सांस्कृतिक दिवस अपने संस्कृति के बारे जागरूक होने व उसे आगे भी जारी रखने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापक व राज्य पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका अनुराधा पाण्डेय, शिक्षिका प्रियंका गुप्ता, नीलम कुमार व दर्जनों की संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

दिव्यांगजन बैंक खाते को आधार से करायें लिंक

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास वर्मा ने बताया कि दिव्यांग व कुष्ठावस्था पेंशन की आगामी किश्त का भुगतान हाह्यआधार बेस्ड पेमेण्टह्ल्ल प्रणाली के माध्यम से आधार लिंक बैंक खाते में होना है। सभी दिव्यांगजन अपने बैंक से समपर्क कर अपने पेंशन सम्बन्धी बैंक खाते को आधार से जल्द से जल्द लिंक कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा उनकी आगामी दिव्यांग पेंशन की धनराशि खाते में अंतरित नहीं की जायेंगी।

ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

स्वतंत्र चेतना

सिराथू, कौशांबी। सैनी कोतवाली के सिराथू करवे के डीएफसी रेल लाइन पर बीती रात एक 50 वर्षीय अधेड़ का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव की शिनाख्त सिराथू करवे के वार्ड नं एक नगर निवासी राम बालक पुत्र जगेश्वर प्रसाद के रूप में करते हुए मामले की जानकारी स्वजनों को दी तो उनमें कोहराम मच गया। रोते बिलखते स्वजन मौके पर पहुंचे। पूछताछ के बाद पुलिस ने शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अधेड़ की मौत से स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

रिक्शे से धार्मिक यात्रा पर निकले संत

स्वतंत्र चेतना

अजुहा, कौशांबी। कोलकत्ता से चलकर मथुरा, वृन्दावन, राम मंदिर, पुरी धाम, मायापुरी केदर्शन के लिए संत सिवास गोस्वामी अपने रिक्शे से तीन माह पूर्व चलकर गुरुवार को अजुहा पहुंचे। जिनका नगर वासियो ने स्वागत किया। रिक्शे को मंदिर का स्वरूप देकर राधा कृष्ण की मूर्ति की सजावट अत्यधिक मनमोहक रही। सिवास गोस्वामी ने बताया कि प्रभू इच्छा से मैने यह कार्य करने का प्रण लिया है। प्रति दिन लगभग 40 किलोमीटर चलता हू और रात मे किसी मंदिर अथवा धर्मशाला मे विश्राम होता है।

संभागीय बैटमिंटन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। चायल कस्बा स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज में बृहस्पतिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक डा. सच्चिदानंद यादव के निर्देश पर संभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्रीड़ा अध्यापक विनोद यादव व प्रधानाचार्य डा. संतोष कुमार मिश्रा की देखरेख में चायल संभाग के समस्त विद्यालयों के बच्चो ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज के बालिका वर्ग में फातिमा, आरती पाल, किरन सरोज, सलोनी सेन, मोनम, प्रियंका गुप्ता विजेता रहीं। महिला निर्णायक मंडल में सरिता पटेल, सरिता शुक्ला, शिवांगी जायसवाल, प्रियंका यादव एवं सहायक कोच कोमल साहू मौजूद रही। सीनियर बालक वर्ग में श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कालेज के साहिल यादव, सरदार पटेल इंटर कालेज सराय अकिल के अबुज एवं मुकेश यादव, मानसिंह इंटर कॉलेज बजहा के अंश केसरवानी विजेता रहे। जूनियर बालक वर्ग में श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज उपलक्ष साहू, सरदार पटेल इंटर कालेज के रजत सेन एवं शिवा शर्मा, पंडित जगत नारायण इंटर कॉलेज रामदयालपुर के आदित्य विजेता रहे। जूनियर बालक वर्ग में श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज के अभी कुमार, सरदार पटेल इंटर कॉलेज के अभिषेक कुमार एवं मानसिंह इंटर कॉलेज बजहा के सामर्थ नारायण पांडेय विजेता रहे। संभाग के समस्त विजेता खिलाड़ी 27 जुलाई को मुख्यालय में होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। निर्णायक समिति में क्रीड़ा अध्यापक विनोद यादव, राहुल यादव, शैलेंद्र कुशवाहा, गिरिजेश नारायण पांडेय, धर्मेंद्र, विशाल एवं कोमल साहू शामिल रही।

प्रमाण-पत्र के साथ उपस्थित स्कूली छात्राएं व शिक्षक

नौगिरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम कर बच्चों ने बिखेरी छटा

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चतुर्थवीं वर्षगांठ मनाए जाने को लेकर परिषदीय स्कूलों में शिक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसको लेकर गुरुवार को चतुर्थवें दिन स्कूलों बच्चों और शिक्षकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया।

इसी क्रम में सिराथू के उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगीरा में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय लोकगीत, लोकनृत्य, भाषण, कविता, चुटकुला आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए। शिक्षक विकास कुमार ने इनके महत्व और उपयोगिता पर विस्तार पूर्वक बच्चों को जानकारी दी। कार्यक्रम में छवि कुशवाहा, सची पांडेय, सोनम देवी, रिया मौर्य, दीपांजलि, अर्पिता, अर्किता, आशु, रानू देवी, आरामां आदि छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए बेहतर प्रस्तुति किया। बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रभारी प्रधानाध्यापक विकास कुमार ने छात्राओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय जानकीपुर, रामपुर समावां, कज़ के हिसामपुर परसखी, नेवादा के पेपई सहित सभी स्कूलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बेसिक के कर्मचारी 31 जुलाई तक देंगे चल अचल संपत्ति का विवरण

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। राज्य कर्मियों की तर्ज पर अब परिषद के कर्मियों को भी 31 जुलाई तक अनिवार्य रूप से अपनी चल अचल संपत्ति का ब्योरा देना होगा। स्कूल शिक्षा महानिदेशालय ने इस बारे में एक आदेश जारी किया है। इसके तहत 31 जुलाई तक अपनी चल अचल संपत्ति का ब्यौरा मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज नहीं करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील नियमावली 1999 के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

महानिदेशालय ने संपत्ति घोषित नहीं करने वाले शिक्षकों के नाम चेतावनी भी जारी की है। जिसमें कहा गया है कि तय तिथि के भीतर पोर्टल पर चल-अचल सम्पत्तियों का विवरण प्रस्तुत नहीं किया जाना प्रतिकूल तथ्य के रूप में लिया जाएगा और शासन से लेकर विभागाध्यक्ष या कार्यालयाध्यक्ष स्तर पर आयोजित होनी वाली विभिन्न चयन समितियों की बैठकों में इस तथ्य को संज्ञान में लेकर ऐसे शिक्षकों की सत्यनिष्ठा को प्रमाणित न मानते उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बीईओ मुख्यालय प्रमोद कुमार गुप्ता ने बताया कि इस सम्बंध में शिक्षा निदेशक (बेसिक) का पत्र प्राप्त हुआ है। मानव सम्पदा पोर्टल पर चल अचल संपत्ति का विवरण दर्ज करने के बारे शिक्षकों व कर्मचारियों को भी जानकारी दी जाएगी। पत्र के मुताबिक विवरण उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

चार हजार के अर्थदंड से दंडित हुआ चोरी का आरोपी

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दीपक कुमार जायसवाल ने कोखराज थाना क्षेत्र के चोरी व बरामदगी के एक मामले में 17 साल बाद आरोपी को जुर्म कबूल करने पर चार हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की रकम कोर्ट में नहीं जमा करने पर 20 दिवस के कारावास की सजा सुनाई है।

कोखराज थाना पुलिस ने वर्ष 2007 में क्षेत्र के अंदावा निवासी राधेश्याम के खिलाफ चोरी व माल बरामदगी का मुकदमा दर्ज किया था। 17 वर्ष बीतने के बाद भी थाना की पुलिस आरोपी के खिलाफ कोई भी गवाह पेश नहीं कर पाई है। इससे आजिज आकर आरोपी ने सीजेएम कोर्ट में अपना जुर्म कबूल करके सजा सुनाने की अपील की। इस पर कोर्ट ने आरोपी को चार हजार रुपए के अर्थदंड अथवा 20 दिन के कारावास से दंडित करने का आदेश दिया है। शाम तक आरोपी ने आदेशित धनराशि कोर्ट में जमा करा दिया है।

चंद्रशेखर सिंह कालेज ऑफ फामेर्सी में छात्रों को वितरित किया गया टैबलेट

स्वतंत्र चेतना

कौशांबी। चायल तहसील के कोइलहा स्थित चंद्रशेखर सिंह कालेज ऑफ फामेर्सी महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को स्वामी विवेकानंद टैबलेट व स्मार्टफोन योजना के अंतर्गत छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरण का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने 110 छात्र छात्राओं को टैबलेट का वितरण करते हुए कहा कि सरकार की यह एक महत्वाकांक्षी योजना है। जो छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की लिए समर्पित है। इससे डिजिटल पढ़ाई के साथ ही बहुत सी जानकरियां मिल सकेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के हेड आफ डिपार्टमेंट एवं नोडल आफिसर प्रोफेसर रीतेश तिवारी ने किया। इस मौके पर असिस्टेंट प्रोफेसर करुणा पांडेय, विभागों के विभागाध्यक्ष समेत शिक्षक उपस्थित रहे।

टैबलेट के साथ उपस्थित कालेज के छात्र व शिक्षक

सभासद प्रतिनिधि ने कार्यों की जांच कराकर ठेकेदार का भुगतान रोकने की डीएम से की मांग

स्वतंत्र चेतना

भरवारी, कौशांबी। नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नं. 25 पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के सभासद प्रतिनिधि विराट गुप्ता ने गुरूवार को जिलाधिकारी मधुसूधन हुल्गी से अपने वार्ड में कराए गए सभी कार्यों के जांच की मांग करते हुए ठेकेदार का भुगतान रोकने की मांग किया। सभासद प्रतिनिधि ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर मूरतगंज में जो भी कार्य कराए गए है, वह मानक विहीन और घटिया किस्म के है। सभी में निम्न क्वालिटी का सामान, रेत की मात्रा की अधिकता, निम्न क्वालिटी की गिट्टी व ईंट का प्रयोग किया गया है। अभी तक नगर पालिका द्वारा मेरे वार्ड में लगभग पांच काम कराए गए है।

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक जखमी

स्वतंत्र चेतना

मंझनपुर, कौशांबी। महेवाघाट थानान्तर्गत सन्यासीपुर गांव के समीप गुरूवार को एक बाइक सवार को पिकअप ने टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ऊनो गांव निवासी राम नरेश पुत्र रामदीन बाइक से किसी काम को लेकर राजापुर गया था। वापस लौटते समय वह जैसे ही सन्यासीपुर गांव के समीप पहुंचा तभी उसे एक तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दिया।

कार्यालय नगर पंचायत अझुवा, कौशाम्बी

पत्रांक: 263/नप0अ0/ नामानरण 2024-25 दिनांक 25.07.2024

नामान्तरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संदीप सिंह व कुलदीप सिंह पुत्रगण श्री सिकंदर सिंह, ग्राम बालकर्रन कोरियाँ परगना कड़ा तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी के निवासी है। इनका एक किता मकान जो वार्ड नं0 7 मोलाना आजाद नगर (टाण्डा रोड) में स्थित है। जिसका टैक्स रजिस्टर के अनुसार मकान सं0- 144 है। जिसकी चौहद्दी पूरब से पश्चिम 55 फिट लम्बा दोनो तरफ व उत्तर से दक्षिण 10 फिट चौड़ा दोनो तरफ यानी कुल 1.33 वर्ग मीटर बैचा तथा जिसके चौहद्दी पूरब टाण्डा लिंक रोड, पश्चिम अब्देश कुमार आदि का प्लाट, उत्तर धर्मेंद्र सिंह का मकान एवं दक्षण प्रवीण विश्वकर्मा का मकान है।

रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 25/04/2024 के आधार पर उपरोक्त लम्बाई चौड़ाई तथा चौहद्दी वाले मकान सं0- 144 पर श्री संदीप सिंह व कुलदीप सिंह पुत्रगण श्री सिकंदर सिंह, वार्ड नं0 7 मोलाना आजाद नगर (टाण्डा रोड) हाल मुकाम ग्राम बालकर्रन कोरियाँ परगना कड़ा तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी का नाम विरासत क्लेक श्री रामप्रसाद पुत्र मोतीलाल निवासी वार्ड नं0 9 सराई मण्डी अझुवा नगर पंचायत अझुवा- कौशाम्बी का नाम दर्ज किया जाता है। यदि किसी को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 35 दिनों के अन्दर कार्यालय नगरपंचायत अझुवा, कौशाम्बी में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें।

यदि कोई आपत्ति नहीं प्राप्त होती तो उपरोक्त लम्बाई चौड़ाई तथा चौहद्दी वाले मकान सं0- 144 पर श्री संदीप सिंह व कुलदीप सिंह पुत्रगण श्री सिकंदर सिंह, वार्ड नं0 7 मोलाना आजाद नगर (टाण्डा रोड) हाल मुकाम, ग्राम बालकर्रन कोरियाँ परगना कड़ा तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी का नाम विरसत क्लेक श्री राम प्रसाद पुत्र मोतीलाल, निवासी वार्ड नं0 7 मोलाना आजाद नगर (टाण्डा रोड) हाल मुकाम वार्ड नं0- 9 इन्दिरा नगर (सराई मण्डी) नगर पंचायत अझुवा- कौशाम्बी का नाम दर्ज कर दिया जायेगा जिसकी कोई भी जिम्मेदारी कार्यालय नगर पंचायत अझुवा कौशाम्बी की नहीं होगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अझुवा, कौशाम्बी

68177 पर आ गया 10 ग्राम सोने का भाव, चांदी 3061 लुढ़की

नई दिल्ली, एजेंसी। बजट के दिन से ही सोने-चांदी के भाव में गिरावट जारी है। आज चांदी 3061 रुपये प्रति किलो सस्ती होकर 81801 रुपये पर खुली। जबकि, सोना 974 रुपये प्रति 10 ग्राम टूटकर 68177 रुपये पर खुला। बजट के दिन मंगलवार को एक झटके में ही सोना 3616 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता हो गया था। जबकि, चांदी 3277 रुपये प्रति किलो के दर से टूट गई। तीन दिन में सोना करीब 5000 रुपये सस्ता हुआ है तो चांदी 6000 रुपये से अधिक टूट चुकी है।

दूसरी ओर आज सुबह एमसीएक्स पर सोने का भाव 1,159 रुपये या 1.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 67,793 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। एमसीएक्स पर चांदी की कीमत 3,343 रुपये यानी 3.94 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,551 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। अंतरराष्ट्रीय मार्केट में स्पॉट गोल्ड 0.9 प्रतिशत गिरकर 2,377.29 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि अमेरिकी सोना वायदा 1.6 प्रतिशत गिरकर 2,376.70 डॉलर पर आ गया।

39884 रुपये में भी मिल रहा 10 ग्राम सोना- आईबीजेए के मुताबिक आज 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 69151

रुपये प्रति 10 ग्राम से घटकर 68177 रुपये पर आ गई है। वहीं, 23 कैरेट गोल्ड का भाव भी 67904 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। 22 कैरेट गोल्ड की कीमत भी अब 62450 और 18 कैरेट गोल्ड 51133 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। 14 कैरेट गोल्ड का भाव भी 39884 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। चांदी में आज बड़ी गिरावट दर्ज की गई है।

सस्ते सोने-चांदी के लिए ग्राहकों में मची होड़- जॉय अलुक्कास के सीईओ बेबी जॉर्ज ने ईटी से कहा, हमारे स्टोर पर ग्राहकों की संख्या बढ़ी है और हमें मांग में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। मांग भारी और हल्के दोनों तरह के आभूषणों की है। यह तिमाही सभी ज्वैलर्स के लिए अच्छी रहेगी। कल्याण ज्वैलर्स के कार्यकारी निदेशक रमेश कल्याणरामन ने कहा कि बुधवार सुबह से ही ग्राहकों की ओर से सोने की ताजा कीमतों और मौसमी ऑफर के बारे में पूछताछ की बाढ़ आ गई है।

क्यों गिरे सोने-चांदी के भाव

दरअसल वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को अपने बजट भाषण में सोने और चांदी पर कस्टम ड्यूटी को 10 प्रतिशत से घटाकर 6 प्रतिशत करने की घोषणा की। इसका असर सर्राफा मार्केट पर भी पड़ा। व्यापार घाटा बढ़ने के बाद जुलाई 2022 में केंद्र ने सोने पर सीमा शुल्क बढ़ा दिया था। चूंकि भारत घरेलू मांग को पूरा करने के लिए सोने के आयात पर निर्भर करता है, इसलिए सोने की खपत में कोई भी वृद्धि व्यापार घाटे को प्रभावित करती है। अगर निर्यात में वृद्धि नहीं होती तो ऐसी स्थिति में सरकार को एक बार फिर सोने पर सीमा शुल्क बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। भारत सालाना 800-850 टन सोना आयात करता है।

डिस्क्लेमर- सोने-चांदी के ये रेट आईबीजेए द्वारा जारी किए गए हैं। इस पर जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज नहीं लगे हैं। हो सकता है आपके शहर में सोने-चांदी के भाव में 1000 से 2000 का अंतर आ रहा हो।

बोनस शेयर के ऐलान से ठीक पहले दमानी ने बेचे लाखों शेयर, घटाया अपना हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी। दिग्गज निवेशक राधाकिशन दमानी ने बोनस शेयर के ऐलान से ठीक पहले वीएसटी इंडस्ट्रीज के लाखों शेयर बेच दिए हैं। दमानी ने ओपन मार्केट ट्रांजैक्शंस के जरिए वीएसटी इंडस्ट्रीज के 142 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे हैं। उन्होंने यह शेयर अपनी दो इनवेस्टमेंट इकाइयों के जरिए बेचे हैं। वीएसटी इंडस्ट्रीज की 25 जुलाई को बोर्ड मीटिंग है। इस बैठक में कंपनी का बोर्ड तिमाही नतीजों के साथ बोनस शेयर जारी करने का ऐलान कर सकता है। वीएसटी इंडस्ट्रीज के शेयर गुरुवार को 5 पर्सेंट की तेजी के सात 4103.70 रुपये पर पहुंच गए हैं।

दमानी ने बेचे 3 लाख से ज्यादा शेयर- राधाकिशन दमानी ने बुधवार को अपनी इनवेस्टमेंट इकाई डेराइव ट्रेडिंग एंड रिजॉर्ट्स के जरिए करीब 2.62 लाख शेयर या कंपनी में 1.7 पर्सेंट हिस्सेदारी बेची है। दमानी ने यह शेयर 4102.57 रुपये प्रति शेयर के दाम पर बेचे हैं और इस ट्रांजैक्शन की वैल्यू 107 करोड़ रुपये थी। वहीं, दमानी की दूसरी इनवेस्टमेंट फर्म दमानी एस्टेट एंड फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड ने वीएसटी इंडस्ट्रीज के 90000 शेयर बेचे हैं। यह शेयर 3983.84 रुपये प्रति शेयर के दाम पर बेचे गए हैं।

दमानी और उनकी इकाइयों की हिस्सेदारी- राधाकिशन दमानी के मालिकाना हक वाली इनवेस्टमेंट फर्म डेराइव ट्रेडिंग एंड रिजॉर्ट्स की वीएसटी इंडस्ट्रीज में 5.24 पर्सेंट हिस्सेदारी थी। यह डेटा जून 2024 तिमाही तक का है। वहीं, दमानी एस्टेट एंड फाइनेंस की वीएसटी इंडस्ट्रीज में 0.60 पर्सेंट हिस्सेदारी थी। वहीं, दमानी की इनवेस्टमेंट फर्म ब्राइट स्टार इनवेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड की वीएसटी

इंडस्ट्रीज में 25.95 पर्सेंट हिस्सेदारी है। ब्राइट स्टार इनवेस्टमेंट के पास वीएसटी इंडस्ट्रीज के 40 लाख से ज्यादा शेयर हैं। इसके अलावा, दमानी के पोर्टफोलियो में भी वीएसटी इंडस्ट्रीज के 5 लाख से अधिक शेयर हैं।

पहली बार बोनस शेयर दे सकती है वीएसटी इंडस्ट्रीज- वीएसटी इंडस्ट्रीज का बोर्ड अगर बोनस शेयर जारी करने की मंजूरी देता है तो यह पहला मौका होगा, जब कंपनी अपने निवेशकों को बोनस शेयर देगी। कंपनी ने कभी अपने शेयरों का बंटवारा (स्टॉक स्प्लिट) भी नहीं किया है।

संक्षिप्त समाचार

नए सरलीकृत आयकर कानून का पहला मसौदा कर विभाग पैनल द्वारा तैयार किया जाएगा: संजय मल्होत्रा

नई दिल्ली, एजेंसी। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने गुरुवार को कहा कि बजट में प्रस्तावित नए सरलीकृत आयकर कानून का पहला मसौदा कर विभाग की एक आंतरिक समिति द्वारा तैयार किया जाएगा। इसके बाद विधेयक को अंतिम रूप देने से पहले हितधारकों से परामर्श किया जाएगा।

प्रक्रिया की स्पष्टता- मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया नई प्रत्यक्ष कर संहिता लाने से जुड़ी नहीं है, बल्कि आयकर कानून की व्यापक समीक्षा से संबंधित है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में घोषणा की थी कि आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा छह महीने में पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा था कि इसका उद्देश्य अधिनियम को संक्षिप्त, सुस्पष्ट और समझने में आसान बनाना है, जिससे विवाद और मुकदमेबाजी कम होगी और करदाताओं को कर निश्चितता मिलेगी।

आगे की योजना- मल्होत्रा ने बताया कि समीक्षा के बाद सरलीकृत आयकर कानून का पहला मसौदा कर विभाग की एक आंतरिक समिति द्वारा तैयार किया जाएगा। उद्योग निकाय फिक्की के साथ एक परिचर्चा सत्र में मल्होत्रा ने कहा, हम एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहेंगे....पहला मसौदा एक आंतरिक दल द्वारा तैयार किया जाएगा। फिर हम देखेंगे कि इसे हितधारकों के परामर्श के साथ आगे कैसे बढ़ना है।

अच्छा रिटर्न दे रहा सुजलॉन एनर्जी का शेयर

लगातार लग रहा अपर सर्किट

नई दिल्ली, एजेंसी। सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयर लगातार फोकस में हैं। कंपनी के शेयर में बंपर खरीदारी हो रही है। सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयर में आज गुरुवार को भी 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लग गया है और यह शेयर 63.74 रुपये के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया। यह इसका 52 वीक का नया हाई है। इससे पहले कल बुधवार और मंगलवार को भी इसमें अपर सर्किट लगा था। शेयरों में इस तेजी के पीछे जून तिमाही के नतीजे हैं। दरअसल, जून तिमाही में सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड को जबरदस्त फायदा हुआ है। जून तिमाही में कंपनी के मुनाफे में 200 प्रतिशत की तेजी देखी गई और यह 302 करोड़ पर पहुंच गया। वहीं, कंपनी ने 30 जून, 2024 तक नेट कैश स्टेटस 1,197 करोड़ बताया है।

29 के पावर शेयर को खरीदने की लूट, लगातार लग रहा अपर सर्किट

नई दिल्ली, एजेंसी। रिलायंस पावर लिमिटेड के शेयर में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। कंपनी के शेयर आज गुरुवार को भी 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा है। रिलायंस पावर के शेयर आज 29.67 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। इससे पहले बुधवार को भी इस शेयर में अपर सर्किट लगा था। कंपनी के शेयर पिछले पांच कारोबारी दिन में 8 प्रतिशत तक चढ़ा है। सालभर में यह शेयर 90 प्रतिशत तक चढ़ गया है। बता दें कि हाल ही में कंपनी ने कर्ज फ्री होने का ऐलान किया है। कंपनी पर करीब 800 करोड़ रुपये का बकाया कर्ज था जिसे बैंकों को चुका दिया गया है।

मार्च तिमाही के नतीजे- आपको बता दें कि रिलायंस पावर लिमिटेड को मार्च तिमाही में 397.66



करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कंपनी को यह घाटा मुख्य रूप से ईंधन की कीमत बढ़ने से हुआ था। पिछले साल की समान अवधि में उसे 321.79 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। कंपनी की कुल आमदनी हालांकि जनवरी-मार्च, 2024 तिमाही में बढ़कर 2,193.85 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले साल समान अवधि में 1,853.32 करोड़ रुपये थी। खर्च की बात करें तो तिमाही के दौरान ईंधन की लागत बढ़कर 953.67 करोड़ रुपये हो गई थी, जो वित्त वर्ष 2022-23 में जनवरी-मार्च अवधि में 823.47 करोड़ रुपये थी। संपूर्ण वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी का घाटा बढ़कर 2,068.38 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 470.77 करोड़ रुपये था। कंपनी ने अभी जून तीमाही के नतीजों का ऐलान किया है।

महिन्द्रा युनिवर्सिटी ने निर्माण में टिकाऊ भविष्य के लिए एनएसी और पीएसआई के साथ समझौता किया

नई दिल्ली/हैदराबाद, एजेंसी। महिन्द्रा युनिवर्सिटी, नेशनल एकैडमी ऑफ कंस्ट्रक्शन (एनएसी) और प्री-इंजीनियर्ड स्ट्रक्चर्स सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीएसआई) ने निर्माण क्षेत्र के लिए एक टिकाऊ भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से एक सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। महिन्द्रा युनिवर्सिटी के परिसर में 19 जुलाई, 2024 को एनएसी के महानिदेशक श्री पी. मधुसुदन रेड्डी

के मार्गदर्शन में हुए इस समझौते के अवसर पर महिन्द्रा युनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर यजुलु मेदुरी, पीएसआई के अध्यक्ष श्री सी.ए. प्रसाद, सीआईआई इंडियन ग्रीन बिल्डिंग कार्उंसिल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, सीआईआई तेलंगाना के पूर्व चेयरमैन, क्रेडाई के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शेखर रेड्डी, एनएसी के निदेशक इंजीनियर एम. राजी रेड्डी, महिन्द्रा युनिवर्सिटी की सहायक डीन प्रोफेसर विसालाक्षी और महिन्द्रा युनिवर्सिटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉक्टर हरि प्रसाद उपस्थित थे। यहां उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में महिन्द्रा युनिवर्सिटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षक डाक्टर कल्याण रामा, डाक्टर दीप्ति अविनेनी, डाक्टर सुलक्षा गौर, डाक्टर जया प्रकाश और डाक्टर संदीपन रॉय, जेएनटीयू हैदराबाद के मानद प्रोफेसर कामेश्वर राव, किरबी की उपाध्यक्ष डाक्टर पद्मजा गोकराजू, ध्यमतरू के प्रबंध निदेशक श्री राजकुमार, एडुटेक के प्रबंध निदेशक श्री सुरेश कोवुरी और पीएसआई के सचिव श्री राम बाबू शामिल रहे।

तनिष्क के फेस्टिवल ऑफ़ डायमंड्स में प्राकृतिक हीरों की अद्भुत जादू का अनुभव करें

मुंबई, एजेंसी। भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का एक हिस्सा, तनिष्क में मनाया जा रहा है फेस्टिवल ऑफ़ डायमंड्स। अपनी खुद की खुशी मनाइए और जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पलों के जश्न को हीरों जैसा चमकीला और यादगार बनाइए। प्राकृतिक हीरों की अद्भुत जादू का अनुभव करें और उनकी कालातीत खूबसूरती से अपने आप को सजाइए! खुशियां मनाने के लिए कुछ बड़ा होने का इंतज़ार मत कीजिए, तनिष्क में आपका स्वागत है, आइए और हीरों की आकर्षक खूबसूरती के साथ अपनी जिन्दगी में नयी खुशियां लेकर आइए!

तनिष्क के फेस्टिवल ऑफ़ डायमंड्स में 10,000 से

ज़्यादा प्राकृतिक हीरों के आभूषणों के डिज़ाइन शामिल किए गए हैं। हर प्रसंग और हर प्रसंग की आवश्यकता यहां पूरी होगी। क्लासिक शान दर्शाने वाले कालातीत सॉलिटेयर्स से लेकर अतुलनीय कारीगरी वाले नाज़ुक मल्टी-स्टोन डिज़ाइन तक हर आभूषण को बहुत ही बारीकी से बनाया गया है, हीरों की प्राकृतिक सुंदरता और उत्कृष्टता को उजागर किया गया है। आकर्षक मिनिमलिस्टिक डिज़ाइन से लेकर शानदार आभूषणों की चमक तक तनिष्क में हर कट, कैरेट और सेटिंग्स के आभूषण हैं। आप अपने हर महत्वपूर्ण पल को हीरों से सजा सकते हैं, ऐसे हीरे जो आपकी अपनी स्टाइल दर्शाते हैं।

न्यू मिनी फैमिली ने मिनी कूपर एस और ऑल-इलेक्ट्रिक मिनी कंट्रीमैन को लॉन्च किया गया

मुंबई, एजेंसी। न्यू मिनी फैमिली को मिनी कूपर एस और नई ऑल-इलेक्ट्रिक मिनी कंट्रीमैन के लॉन्च के साथ भारत में एक नया ठिकाना मिल गया है। ये कारें कम्प्लीटली बिल्ट-अप यूनिट के रूप में मिलेंगी और इन्हें देश भर में सभी मिनी ऑथराइज्ड डीलर्स के साथ ही शाप डाठ इन पर बुक किया जा सकता है। इसकी डिलीवरी सितंबर 2024 से आरंभ होगी।

मिनी कूपर एस की फिफ्थ जनरेशन और इलेक्ट्रीफाइड थर्ड जनरेशन मिनी

कंट्रीमैन में मिनी बॉडी लैंग्वेज एवं ओरिजिन्स के बुनियादी सिद्धांतों के साथ प्रोग्रेसिव टेक्नोलॉजी का संयोजन किया गया है। साथ मिलकर, इनमें नई पर्सनैलिटी एवं ड्राइविंग की हॉलमार्क डायनैमिक्स के साथ एक इनोवेटिव पंच है।

विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, सीईओ बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि, बीएमडब्ल्यू को आज के दौर के लिए हमेशा नए सिरे से लिखा एवं खोजा गया है और इसमें इसके खुद के ओरिजन एवं परंपराओं के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है। न्यू मिनी फैमिली अपनी विशुद्ध डिजाइन, शानदार यूजर अनुभव और रिस्पॉन्सिबल एटीट्यूड एवं करिश्माई सादगी के साथ, ड्राइविंग फन को एक नये युग में लेकर जाती है।

मेटा एआई अब हिंदी और अन्य भाषाओं में उपलब्ध

मुंबई, एजेंसी। मेटा एआई अब हिंदी सहित सात नई भाषाओं और ज्यादा देशों में उपलब्ध है, जिसमें पहली बार लैटिन अमेरिका भी शामिल है। हम नए मेटा एआई क्रिएटिव टूल पेश कर रहे हैं, जिससे अपनी कल्पना को आसानी से छवियों में बदल सकते हैं। अब आपके कठिन गणित और कोडिंग सवालों का हल ढूंढने और जटिल प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के लिए मेटा एआई के सबसे बड़े और सक्षम ओपन-सोर्स मॉडल का इस्तेमाल कर सकते हैं। हम अपने ऐप्स और डिवाइस में मेटा एआई असिस्टेंट की पहुँच बढ़ा रहे हैं और नई सुविधाएं जोड़ रहे हैं ताकि आपको उत्तर देने, विचार करने और प्रेरणा मिल सके। मेटा एआई अब 22 देशों में उपलब्ध है, जिसमें अर्जेंटीना, चिली, कोलंबिया, इक्वाडोर, मैक्सिको, पेरू और कैमरून शामिल हैं। अब आप व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और फेसबुक पर मेटा एआई के साथ नई भाषाओं में भी बात कर सकते हैं।

दो लाख रुपये से व्यवसाय शुरू किया, अब 10,000 करोड़ रुपये का साम्राज्य

नई दिल्ली, एजेंसी। मीरा कुलकर्णी फॉरेस्ट एसेंशियल्स की संस्थापक और सीएमडी हैं। उनकी सफलता के सफर में कदम-कदम पर बाधाएं आईं। लेकिन, वह उनसे जरा भी नहीं घबराईं। 28 साल की उम्र में अपने माता-पिता को खो देने के बाद मीरा कुलकर्णी ने दो लाख रुपये से एक व्यवसाय शुरू किया। यह अब 10,000 करोड़ रुपये का साम्राज्य बन गया है। फॉर्च्यून पत्रिका उन्हें भारत में कारोबार की सबसे शक्तिशाली महिलाओं में से एक का खिताब देती रही है। आइए, यहां मीरा कुलकर्णी के बारे में जानते हैं।

टूट गई शादी, माता-पिता नहीं रहे- मीरा की कहानी कठिनाइयों और दृढ़ता का प्रमाण है। पति के व्यापारिक संकटों और शराब की लत के कारण शादी टूटने के बाद मीरा

अपने दो छोटे बच्चों के साथ माता-पिता के घर वापस चली आई थीं। फिर उन्हें 28 साल की उम्र में अपने माता-पिता दोनों को खो देने का दुख झेलना पड़ा। अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए वह अकेली रह गईं। लेकिन, मीरा ने हार नहीं मानी। हर चुनौती का सामना पूरे साहस से किया।

छोटे से गैरेज से शुरू की कंपनी - 45 साल की उम्र में बेटी की शादी के बाद मीरा को मोमबत्तियां और हाथ से बने साबुन का शौक हुआ। यह शौक आगे चलकर एक व्यावसायिक विचार में बदल गया और 2000 में उन्होंने फॉरेस्ट एसेंशियल्स की स्थापना की। सिर्फ दो लाख रुपये और एक छोटे से गैरेज में दो कर्मचारियों के साथ शुरुआत करके मीरा ने नैचुरल इंग्रीडिएंट्स पर फोकस किया। आयुर्वेद का उपयोग करके अपने उत्पादों को खास बनाया। उनकी कड़ी मेहनत रंग लाई और कंपनी तेजी से बढ़ी। आज फॉरेस्ट एसेंशियल्स भारत के 28 शहरों में फैली हुई है। यह कई करोड़ का व्यवसाय बन गई है।

करोड़ों की बन गईं मालकिन

2008 में एस्टी लॉडर कंपनीज ने फॉरेस्ट एसेंशियल्स में हिस्सेदारी का अधिग्रहण कर महत्वपूर्ण साझेदारी की। हयात और ताज जैसी प्रतिष्ठित होटल श्रृंखलाओं के साथ कोलैबरेशन ने ब्रांड की प्रतिष्ठा को और बढ़ाया। कोटक वेल्थ हुरुन के 2020 के संस्करण के अनुसार, मीरा की कुल संपत्ति 1,290 करोड़ रुपये थी। फॉरेस्ट एसेंशियल्स के अब भारत में 110 से ज्यादा स्टोर हैं। यह चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय स्थानों पर भी उपलब्ध है। ब्रांड ताज और हयात जैसी लग्जरी होटल श्रृंखलाओं के साथ-साथ दुनिया भर के हाई-एंड स्पा को अपने उत्पाद प्रदान करता है।

कड़ी मेहनत सफलता का मंत्र

मीरा कुलकर्णी की कहानी दिखाती है कि कैसे कड़ी मेहनत और दृढ़ता से सपने हकीकत में बदल सकते हैं। चुनौतियों का डटकर सामना करने और अपने जुनून को आगे बढ़ाने की उनकी अटूट भावना ने उन्हें एक सफल उद्यमी बना दिया है। उनकी यात्रा दूसरों को प्रेरित करती है कि वे अपने सपनों का पीछा करें और बाधाओं को खुद को परिभाषित न करने दें।

दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर पेरिस ओलिम्पिक से हटे

पेरिस, एजेंसी। दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर गले में संक्रमण (टॉन्सिल) के कारण बुधवार को पेरिस ओलिम्पिक से हट गए। इटली के इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि डॉक्टर ने उन्हें सलाह दी है कि वह ओलंपिक खेलों में हिस्सा नहीं लें। जनवरी में ऑस्ट्रेलिया ओपन के साथ अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब





जीतने वाले सिनर पिछले महीने फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचकर एटीपी रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बने थे। ओलिम्पिक टेनिस का ड्रॉ गुरुवार को होगा जबकि मुकाबले शनिवार से शुरू होंगे। सिनर ने इतालवी में लिखा कि ओलिम्पिक से चूकना बड़ी निराशा है क्योंकि इस सत्र में यह मेरे मुख्य लक्ष्यों में से एक था। उन्होंने लिखा कि मैं इस बेहद महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान पाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता था।

पेरिस ओलंपिक्स

तैयारी में ज्यादा प्रयोग..., भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को कोच गोपीचंद से मिली खास नसीहत

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के मुख्य राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद ने बुधवार को देश के खिलाड़ियों को पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी तैयारी में ज्यादा प्रयोग नहीं करने की सलाह दी और कहा कि दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु में इस खेल महासमर में फिर से चमकने की काबिलियत है। बैडमिंटन प्रतियोगिता में भारत के सात खिलाड़ी पांच में से चार स्पर्धाओं में प्रतिनिधित्व करेंगे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु (महिला एकल) की अगुआई वाली इस टीम में

एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन (पुरुष एकल), सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी (पुरुष युगल) तथा अश्विनी पोनप्पा और तनिषा क्रास्टो (महिला युगल) शामिल हैं। भारत ने बैडमिंटन में अब तक तीन पदक जीते हैं। इनमें एक रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं। सिंधु ने 2016 रियो ओलंपिक में रजत और 2020 टोक्यो ओलंपिक में कांस्य जीता था। वहीं, साइना नेहवाल ने 2012 लंदन ओलंपिक में कांस्य अपने नाम किया था। गोपीचंद ने शुक्रवार के उद्घाटन समारोह से पहले कहा, मुझे लगता है कि सभी खिलाड़ियों के लिए सामान्य संदेश यही होगा कि इसे एक अन्य मुकाबले की तरह ही लें। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आप तैयारी के लिए कोई प्रयोग नहीं करें। इसे सरल रखें और इसे एक अन्य खेल की तरह ही लें, तैयारी सही करें और मेघ अपने आप ठीक रहेंगे।

पेरिस ओलिम्पिक से पहली खुशखबरी

क्वार्टर फाइनल में पहुंची भारतीय महिला तीरंदाजी टीम

666 अंक से तीरंदाजों में अंकिता सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर रही , भजन कौर 559 अंक से 22वें व दीपिका 658 अंक से 23वें स्थान पर रही

पेरिस। भारतीय महिला तीरंदाजी टीम ने पेरिस ओलिंपिक 2024 से पहली खुशखबरी भेजी है। तीरंदाजों ने रिकर्व के क्वालिफिकेशन राउंड में भारत की तीनों तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम इंडिया को सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया है। भारत ने चौथा स्थान हासिल किया, जिससे महिला टीम वर्ग में मुख्य तीरंदाजी स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल के लिए सीधे क्वालीफाई कर लिया।

अंकिता भक्त के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने तीरंदाजी पदक की तलाश में अपनी राह थोड़ी आसान कर ली है। अपने पहले ओलिंपिक में अंकिता भक्त ने क्या शानदार प्रदर्शन किया। वह महिला व्यक्तिगत स्पर्धा से पहले 11वीं वरीयता प्राप्त कर चुकी हैं। उन्होंने 666 स्कोर बनाया, जो उनका सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। साथ ही 18 वर्षीय भजन कौर 22वीं वरीयता (659 स्कोर) पर रहीं, जबकि अनुभवी दीपिका कुमारी 23वीं वरीयता (658 स्कोर) पर रहीं।

सेमीफाइनल में भारत का सामना दक्षिण कोरिया से हो सकता है

अगर भारत महिला टीम में अपना क्वार्टर फाइनल जीत जाती है तो तो उस-का सामना मौजूदा वैंपियन दक्षिण कोरिया से हो सकता है। माना जा रहा है कि फ्रांस या नीदरलैंड्स से क्वार्टर फाइनल में भिड़ंत हो सकती है। हालांकि, असली टक्कर सेमीफाइनल में होगी। अगर भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंचती है तो उसकी भिड़ंत साउथ कोरिया से होगी। दक्षिण कोरिया ने ओलिंपिक इतिहास में तीरंदाजी में 27 स्वर्ण पदक जीते हैं, जो किसी भी अन्य देश से 13 अधिक है। कोरियाई टीम ओलिंपिक में अपराजेय रही है, उसने तीन साल पहले तोक्यो में लगातार नौवां पदक जीता था।

ये टीमें रहीं टॉप-4 में

टीम स्पर्धा में भारत ने 1983 अंक से चौथा स्थान हासिल किया जिसमें दक्षिण कोरिया 2046 अंक से शीर्ष पर रहा। चीन उपविजेता जबकि मेक्सिको तीसरे स्थान पर रहा। टीम तालिका में शीर्ष चार टीम सीधे क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई करती हैं जबकि पांचवें से 12वें स्थान पर रहने वाली टीम राउंड 16 मुकाबले खेलेंगी। भारत का सामना क्वार्टरफाइनल में फ्रांस और नीदरलैंड के बीच मुकाबले के विजेता से होगा।

लिम सिहयिओन का विश्व रिकॉर्ड

व्यक्तिगत वर्ग में कोरिया की लिम सिहयिओन ने 694 के विश्व रिकॉर्ड स्कोर से तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि उनकी हमवतन सुहियोन नाम 688 अंक से दूसरे स्थान पर रहीं। चीन की यांग जियाओलेई 673 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। दीपिका पहली बार मिश्रित टीम स्पर्धा में नहीं खेलेंगी क्योंकि अंकिता भारतीयों में शीर्ष पर रहीं। अंकिता पुरुष क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहने वाले तीरंदाज के साथ मिश्रित टीम फाइनल्स में जोड़ी बनायेंगी। पुरुष क्वालीफायर दोपहर के सत्र में शुरू होंगे।

महिला टेबल टेनिस

श्रीजा अकुला से ओलम्पिक में पदक आस

पेरिस। भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला के हालिया शानदार प्रदर्शन को देखते हुए पेरिस ओलंपिक 2024 में देश को उनसे पदक की आस है।

पेरिस ओलंपिक में 27 जुलाई से शुरू होने वाले टेबल टेनिस स्पर्धा के महिला एकल वर्ग में 16वीं वरीयता प्राप्त श्रीजा अकुला राउंड ऑफ 64 में स्वीडन की क्रिस्टीना कल्बर्ग से मुकाबला करेंगी।

श्रीजा अकुला ने पेरिस ओलंपिक के लिए टेबल टेनिस के एकल और महिला टीम स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया है।

इस वर्ष श्रीजा अकुला ने अपने करियर में लंबी छलांग लगाते हुए देश की नंबर एक टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा को पीछा छोड़ते हुए नंबर वन का दर्जा हासिल किया हैं। अकुला ने वर्ष 2022 में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में टेबल टेनिस के मिश्रित इवेंट में शरत कमल के साथ मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता था। 25 वर्षीय खिलाड़ी अकुला को उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए वर्ष 2022 में अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

वहीं मनिका बत्रा पेरिस ओलंपिक 2024 में महिला एकल स्पर्धा के पहले दौर में ब्रिटेन की 18 वर्षीय अन्ना हर्सी से मुकाबला करेंगी। अन्ना हर्सी ओलंपिक में अपना पर्दापण करेंगी।

इस बीच, पेरिस 2024 ओलंपिक में पुरुष टीम को इस बार जोरदार टक्कर मिलने वाली है क्योंकि भारतीय टीम का शुरूआती राउंड में चार बार के स्वर्ण पदक विजेता चीन मुकाबला होगा। भारत ने पहली बार ओलंपिक में टेबल टेनिस में टीम स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया है।

पुरुष एकल में अनुभवी शरत कमल पहले राउंड में स्लोवेनिया के 27 वर्षीय डेनी कोजुल से मुकाबला करेंगे। कोजुल ने टोक्यो 2020 में भाग लिया था जबकि शरत कमल पांचवी बार ओलंपिक में हिस्सा ले रहे हैं।

हरमीत देसाई अपने पुरुष एकल अभियान की शुरूआत प्रिलिमिनरी राउंड से करेंगे। देसाई का सामना 27 जुलाई को जॉर्डन के जैद अबो यमन से होगा। पुरुष और महिला एकल के प्रारंभिक राउंड में तीन-तीन मैच होंगे।

प्रारंभिक दौर के विजेता राउंड ऑफ के लिए क्वालीफाई करेंगे। अगर हरमीत देसाई प्रारंभिक जीत जाते हैं, तो उनका सामना मुख्य ड्रॉ में दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के फेलिक्स लेब्रन से होगा।

पेरिस 2024 में टेबल टेनिस प्रतियोगिताएं 27 जुलाई से 10 अगस्त के बीच होंगी। पुरुष एकल, महिला एकल, मिश्रित युगल, पुरुष टीम और महिला टीम समेत सभी पांच प्रतियोगिताएं दक्षिण पेरिस एरिना में होंगी।

पेरिस 2024 ओलंपिक में भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों और टीमों ड्रॉ इस प्रकार है :-

पुरुष टीम : राउंड ऑफ 16 : भारत बनाम चीन, महिला टीम : राउंड ऑफ 16 : भारत बनाम रोमानिया, पुरुष एकल :

प्रारंभिक दौर : हरमीत देसाई बनाम जैद अबो यमन (जॉर्डन), राउंड ऑफ 64 : शरत कमल बनाम डेनी कोजुल (स्लोवेनिया), महिला एकल : राउंड ऑफ 64 : मनिका बत्रा बनाम अन्ना हर्सी (ब्रिटेन), राउंड ऑफ 64 : श्रीजा अकुला बनाम क्रिस्टीना कल्बर्ग (स्वीडन)।

प्रणव सूरमा ने विश्व रिकार्ड के साथ पेरिस ओलम्पिक के लिए किया क्वालीफाई

नयी दिल्ली। प्रणव सूरमा ने दृढ़ संकल्प के साथ अपने शानदार कौशल का प्रदर्शन कर नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए पेरिस पैरालिंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

बेंगलुरू में हाल ही में आयोजित ट्रायल में प्रणव ने एफ51 श्रेणी के क्लब थ्रो में 37.23 मीटर थ्रो फेंक यह उपलब्धि हासिल की, जो कि पिछले विश्व रिकॉर्ड 36.22 मीटर से एक मीटर से अधिक है।

इस उपलब्धि के बाद प्रणव ने कहा, ह्लमई में कोच में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में पदक नहीं जीत पाना निराशाजनक था। मेरे कोच नवल सिंह और मैंने वापस लौटकर कड़ी मेहनत की। पेरिस जाते समय इस प्रदर्शन ने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया है। कोच नवल सिंह ने कहा, प्रणव हमेशा से ही मेहनती रहा है, लेकिन कभी-कभी बाहर का शोर खिलाड़ी की एकाग्रता को तोड़ सकता है। मेरा काम उसका ध्यान वापस उसके खेल पर लाना था। मुझे पूरा यकीन है कि वह पेरिस पैरालंपिक में देश को गौरवान्वित करेगा।

महिला एशिया कप

भारत और पाकिस्तान के बीच हो सकती है खिताबी जंग

दांबुला, एजेंसी। महिला एशिया कप 2024 अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। श्रीलंका में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रदर्शन अब तक शानदार रहा है। भारत ने सेमीफाइनल में जगह बनाई और अब खिताबी जंग से मात्र एक कदम दूर है।

टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले से पहले फैंस के बीच भारत और पाकिस्तान की एक बार फिर टक्कर को लेकर चर्चा शुरू हो चुकी है। दोनों देशों के क्रिकेट फैंस भारत और पाकिस्तान के बीच रोमांचक खिताबी मैच का लुत्फ उठाना चाहते हैं।

दरअसल, महिला एशिया कप 2024 के सेमीफाइनल की तस्वीर साफ हो गई है। टूर्नामेंट के इस संस्करण का पहला सेमीफाइनल भारत और बांग्लादेश के बीच खेला जाएगा। यह मैच शुक्रवार को दोपहर दो बजे से शुरू होगा। जबकि दूसरा सेमीफाइनल उसी दिन पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच शाम 7 बजे खेला जाएगा।

ऐसे में अगर सेमीफाइनल में भारत ने बांग्लादेश और पाकिस्तान ने श्रीलंका को हरा दिया तो भारत और पाकिस्तान के बीच महिला एशिया कप का फाइनल हो सकता है। हालांकि, पाकिस्तान के लिए श्रीलंका को हराना इतना आसान नहीं होगा, क्योंकि मेजबान टीम पाक के मुकाबले मजबूत नजर आ रही है। वहीं, भारत ने इसी साल मई महीने में बांग्लादेश का दौरा किया था। जहां भारत ने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में बांग्लादेश को 5-0 से पटखनी दी थी। भारत एशिया कप के मौजूदा संस्करण में अपने तीनों लीग मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंचा है। जबकि बांग्लादेश को ग्रुप स्टेज में श्रीलंका के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। भारत महिला एशिया कप का प्रबल दावेदार है। हालांकि भारत की तरह ही श्रीलंका भी इस टूर्नामेंट में अब तक अपराजित रहा है। अब तक इस टूर्नामेंट के कुल आठ संस्करण खेले गए हैं जिसमें भारत ने 7 बार इसका खिताब अपने नाम किया है। वहीं 2018 में यह खिताब बांग्लादेश ने जीता था। यह टी20 प्रारूप में महिला एशिया कप का पांचवां संस्करण है, जिसमें तीन बार ट्रॉफी भारत के नाम हुई है।

अर्जेंटीना और मोरक्को के मैच में बवाल

जान बचाकर भागी मेसी की टीम, मारपीट पर उतारू हुए फैंस

पेरिस, एजेंसी। फुटबॉल मैचों के साथ पेरिस ओलिंपिक 2024 का आगाज हो चुका है, लेकिन इसके साथ ह विवाद भी शुरू हो गया। अर्जेंटीना और मोरक्को के बीच खेले गए मुकाबले में वीएआर को लर खूब बवाल मचा। भारी हंगामे के बीच मैच को खाली स्टेडियम में पूरा कराया गया।

अर्जेंटीना के खिलाफ इस मुकाबले में मोरक्को की टीम एक समय तक 2-0 से बढ़त बनाकर मजबूत स्थिति में थी। सेंट एटीने के ज्योफ्री गुइचर्ड स्टेडियम में खेले गए इस मैच में अर्जेंटीना की टीम ने जैसे ही 2-2 की बराबरी की मोरक्को के फैंस और बेकाबू हो गए और मामला बिगड़ गया।

दर्शकों ने बरसाई खिलाड़ियों पर बोतल

मोरक्को के खिलाफ जैसे ही मैच में अर्जेंटीना ने बराबरी की तो बवाल शुरू हो गया। मोरक्को के फैंस पानी की बोतलें खिलाड़ियों पर बरसाने लगे, जिसके कारण खेल को बीच में ही रोकना पड़ गया।

मोरक्को के हक में गया मैच का फैसला- हालांकि, मैच का रिजल्ट अंत में मोरक्को के पक्ष में गया। दरअसल इंजरी टाइम में अर्जेंटीना के लिए क्रिस्टियन मेदिना ने जो बराबरी का गोल दागा था उसे ऑफसाइड करार देकर रद्द कर दिया गया।

स्टेडियम को कराया गया खाली

मैच में बढ़ते बवाल के बाद सुरक्षाकर्मियों ने पूरे स्टेडियम को खाली करा दिया। दर्शकों के स्टेडियम से बाहर जाने के बाद दोबारा मैच को शुरू किया गया। इस मैच में स्टार प्लेयर लियोनेल मेसी अर्जेंटीना के लिए मैदान पर नहीं उतरे थे।

इंडिया वर्सेस श्रीलंका रिकार्डस

भारत या श्रीलंका...टी-20 में कौन है सिकंदर?

सूर्यकुमार यादव के पास इतिहास रचने का मौका

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत और श्रीलंका के बीच 27 जुलाई से टी20 सीरीज का आगाज होने जा रहा है. सीरीज के सभी मैच पल्लेकेल में होंगे. दोनों ही टीमों की कमान इस बार नए हाथों में है. भारत की कमान सूर्यकुमार यादव संभाल रहे हैं, जबकि श्रीलंका की टी20 टीम की कमान चरिथ असलंका संभाल रहे हैं. वहीं, इस सीरीज से भारत के लिए गौतम गंभीर के कोचिंग युग का आगाज होने जा रहा है. ऐसे में इस टी20 सीरीज में कौन से नए रिकॉर्ड बन सकते हैं... पहले दोनों देशों के बीच जब भी इस फॉर्मेट में मैच हुए हैं तो कौन भारी रहा है... दोनों ही देशों के बीच कौन रनवीर और कौन विकेटवीर रहा है. आइए आपको इस बारे में बताते हैं.

टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड बना सकते हैं सूर्या -दोनों ही देशों के बीच सबसे जब भी टी20 मुकाबले हुए हैं तो उसमें सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड दासुन शनाका के नाम है, जो इस बार भी टी20 टीम में शामिल हैं. शनाका ने भारत के खिलाफ 22 टी20 मैचों 430 रन बनाए हैं. वहीं, भारत की ओर से श्रीलंका के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम हैं. रोहित ने

19 टी20 मुकाबलों में 411 रन बनाए हैं, हालांकि रोहित अब इस फॉर्मेट से संन्यास ले चुके हैं. ऐसे में टीम इंडिया के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के पास रोहित के इस रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका है. सूर्या श्रीलंका के अ 5 टी20 मुकाबलों में 254 रन 63.50 के एवरेज और 158.75 के स्ट्राइक रेट से बना चुके हैं.

सूर्या के नाम श्रीलंका के खिलाफ 112 नॉट आउट शतक भी है. सूर्या का जिस तरह का टी20 फॉर्म श्रीलंका के खिलाफ है, वह रोहित का तो रिकॉर्ड तोड़ ही सकते हैं. वहीं शनाका अगर फ्लॉप गड़बड़ रहा तो सूर्या दोनों ही देशों के बीच सबसे ज्यादा टी20 रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन सकते हैं.

टी20 में सबसे ज्यादा विकेट चहल के नाम -दोनों ही देशों के बीच टी20 फॉर्मेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड युजवेंद्र चहल के नाम है. चहल ने कुल 13 टी20 मुकाबलों में 23 विकेट लिए हैं. इसके बाद दुष्मांथा चमीरा (16 विकेट), आर अश्विन (14) हैं. फिर दासुन शनाका (14), वानिंदु हसरंगा (13), कुलदीप यादव (12), हार्दिक पंड्या (11) हैं. इनमें से चमीरा और शनाका चहल का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं. वहीं, इस सीरीज के लिए शामिल सुंदर श्रीलंका के खिलाफ 6 टी20 मैचों में 8 विकेट हैं. दुष्मंता चमीरा श्वसन संबंधित समस्याओं से उबरने में विफल होने के कारण भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू सीरीज से बाहर हो गए हैं.

बजट 2024 से नीतीश की पार्टी सबसे ज्यादा खुश

पटना : बिहार में राजनीतिक दलों के लिए बाढ़ एक बड़ा मुद्दा है। सत्ताधारी दल हो, चाहे विपक्ष बाढ़ की समस्या को सभी लोग सियासी तरीके से भुनाते हैं। उत्तर बिहार की 76 प्रतिशत आबादी बाढ़ के लगातार खतरे में रहती है, ऐसे में जेडीयू का मानना है कि बजट में किया गया खास आवंटन नेपाल से जुड़े एक जटिल मुद्दे से निपटने के लिए एक गंभीर प्रयास है। बिहार के लिए 2024-25 के बजट आवंटन में, राज्य की सत्तासूढ़ जेडीयू राज्य में बाढ़ से बचाव के लिए घोषित 11,500 करोड़ रुपये से सबसे अधिक संतुष्ट है, पार्टी सूत्रों का कहना है, यह एक ऐसा परिव्यय है जिसके लिए पार्टी ने सरकार के साथ

बातचीत की थी।

जेडीयू की खुशी का कारण

जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने हाइडिरन एक्सप्रेस से कहा कि नेपाल में बाढ़ नियंत्रण संरचनाओं के बिहार के महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान देना लंबे समय से अपेक्षित था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस मुद्दे का समाधान खोजने के लिए लगातार अपनी चिंताओं को उठाते रहे हैं और हमें खुशी है कि अब इसका समाधान हो गया है। झा ने कहा कि यह आवंटन – जो त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम और अन्य परियोजनाओं के लिए मार्ग प्रशस्त करता है – पार्टी की दशकों पुरानी चुनौती का समाधान करके बाढ़ नियंत्रण उपायों को मजबूत करने के प्रयासों को बढ़ावा देगा। यही बात अब विपक्ष के लिए पेट में दर्द का कारण बनी है। जानकार मानते हैं कि नीतीश कुमार के कार्यकाल में केंद्र ने बाढ़ से निपटने के लिए विशेष प्रावधान कर दिया। विपक्ष को झटका लगने का ये एक मुख्य कारण हो सकता है।

बाढ़ प्रभावित बिहार

जेडीयू के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि सीएम के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, नीतीश ने सड़कों, कानून और व्यवस्था और कुछ हद तक बिजली के मामले में काफी सुधार किया है, लेकिन वे वार्षिक बाढ़ से जूझ रहे हैं, कारण ये है कि इसमें नेपाल, एक विदेशी देश शामिल है। बिहार भारत का सबसे अधिक बाढ़ग्रस्त राज्य है, जहां उत्तरी बिहार की 76% आबादी बिनाशकारी बाढ़ के खतरे में रहती है। यह राज्य भारत के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का 16.5% हिस्सा बनाता है और भारत की बाढ़ प्रभावित आबादी का 22.1% हिस्सा यहां रहती है। बिहार का लगभग 73.06% भौगोलिक क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित है। लगभग हर साल, नेपाल से निकलने वाली नदियों द्वारा लाए गए अतिरिक्त पानी के कारण मानसून के दौरान उत्तर बिहार के कई जिले बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं। पिछले कुछ सालों में, इन बाढ़ों में हजारों लोगों की मौत हो चुकी है, साथ ही फसलों और पशुओं को भी नुकसान हुआ है। यह समस्या राज्य में एक प्रमुख राजनीतिक मुद्दा है, सबसे ज्यादा प्रभावित कोसी बेल्ट के कुछ बाढ़ प्रभावित गांवों ने इसके विरोध में चुनाव का बहिष्कार किया है।

एक नजर

संघर्ष के बाद गाजा के लिए नेतन्याहू का दृष्टिकोण नहीं स्पष्ट

वाशिंगटन। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को अमेरिकी कांग्रेस में अपने भाषण के दौरान संघर्ष के बाद गाजा के लिए एक अस्पष्ट दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।

श्री नेतन्याहू ने कहा, ह्व हमास को हराने के अगले दिन, एक नया गाजा उभर सकता है। उस दिन के लिए मेरा दृष्टिकोण विसैन्यीकृत और कट्टरपंथ से मुक्त गाजा का है उन्होंने कांग्रेस की एक संयुक्त बैठक में कहा, इजरायल गाजा को फिर से बसाना नहीं चाहता है।

ताइवान में तूफान ह्वगेमी का कहर, डूबा मालवाहक जहाज; चीनी समुद्र तट से टकराने की आशंका

बीजिंग। ताइवान में आए तूफान गेमी ने तबाही मचा दी है, इससे आम जन जीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। तूफान के चलते, दो लोगों की मौत हो गई और 26 लोग घायल हैं, जगह -जगह बाढ़ आ गई। तूफान के ताइवान जलडमरूमध्य से चीन के पूर्वी समुद्री तट से टकराने की उम्मीद जताई जा रही है। बता दें कि चीन की ओर बढ़ने से पहले एक मालवाहक जहाज डूब गया। साथ ही और अधिक मूसलाधार बारिश होने की आशंका है।

पूर्व सेना प्रमुख ने किया फिर चुनाव लड़ने का एलान, विक्रमसिंघे को राष्ट्रपति पद के लिए देंगे टक्कर



कोलंबो। श्रीलंका में जल्द राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं। इसी को लेकर अब बड़ी खबर सामने आई है। पूर्व सेना प्रमुख फील्ड मार्शल सरथ फोनसेका ने गुरुवार को एलान किया कि वह भी राष्ट्रपति चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने औपचारिक रूप से आगामी राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की। फोनसेका श्रीलंका की सेना के 19वें कमांडर थे और उनकी अगुवाई में 2009 में लिट्टे की हार के बाद तीन दशक से चल रहा गृह युद्ध समाप्त हुआ था। वह कुछ समय के लिए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ भी रहे। सेना से जनरल के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद, उन्होंने 2010 के राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के खिलाफ चुनाव लड़कर आम विपक्षी उम्मीदवार के रूप में राजनीति में प्रवेश किया। हालांकि, तब उन्हें करारी हार का सामना करना पड़ा था।

भीषण विमान हादसे में ऐसे बची पायलट की जान, रिपोर्ट में दावा- दुर्घटना में टूटकर अलग हो गया था कॉकपिट

काठमांडू । नेपाल विमान हादसे का एकमात्र जीवित शख्स कैप्टन मनीष राज शाक्य जो उस विमान 18 अन्य लोगों के साथ सवार था। जिसकी धमकारिक रूप से इस भीषण हादसे में जान बच गई है। आज जारी हुए एक रिपोर्ट के अनुसार इस हादसे के दौरान विमान का कॉकपिट एक कंटेनर से टकराकर अलग हो गया था, जिसके बाद विमान के बाकी हिस्से में आग लग गई थी। बता दें कि सौर्य एयरलाइंस के बॉम्बार्डियर सीआरजे-200 विमान में बुधवार को त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (टीआईए) से उड़ान भरने के तुरंत बाद आग लग गई। इस दौरान विमान में दो चालक दल के सदस्य, एयरलाइन के तकनीकी कर्मचारी और एक बच्चा और उसकी मां समेत कुल 19 लोग सवार थे। ये विमान मरम्मत के लिए पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जा रहा था।

आपका राशिफल 26 जुलाई

मेष — मुद्दा पर का दुष्प्रचार — कोई लाभ में स्थिति नहीं होगी। पहुंचना में किसी को सफलता हो। आय-व्यय सामान्य रहेगा। व्यवसाय ठीक रहेगा। कार्य प्रगति में लाभ - शुभ रंग: पीला, पूर्व दिशा। मेष-विवाह में चल बनाने की कोशिश सफल होगी। मान सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक: 2 5 7

वृष — हानि की आशंका — पूर्व दिशा

मिथुन — नया उत्पाद का कार्यक्षेत्र पाकर विस्तार। कर विभाग में काम करने की अधिकता तनाव देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से परिवार में सहयोग में उत्तम सम्मान बढ़ेगा। व्यवसाय में लाभ बढ़ने के संकेत। शुभ रंग: पीला। मिथुन-घर में प्रसन्नता रहेगी। शुभांक: 2-3-8

कर्क — इंडस्ट्रीज — पूर्व दिशा

सिंह — परिश्रमानुसार सफलता न मिलने से मन को व्याकुल करेगा। व्यापार में मान सम्मान बढ़ेगा। साथ ही आय में वृद्धि। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। रोजगार का अनुकूल वातावरण रहेगा। शुभांक: 4-3-9

कन्या — दोपहर में — कार्य

तुला — व्यापार में सहयोग मिलेगा। घर में वातावरण सुख से रहेगा। किसी से वाद-विवाद में न पड़ें। व्यवसाय में लाभ बढ़ने के संकेत। शुभांक: 2-7-9

वृश्चिक — लेन-देन में सावधानी — पूर्व दिशा

धनु — घर का वातावरण सुखमय रहेगा। व्यवसाय में लाभ बढ़ने के संकेत। शुभांक: 1-2-7

मकर — लेन-देन में सावधानी — पूर्व दिशा

कुंभ — कुछ कार्य भी किए होंगे। कार्य की गति धीमी होने से चिंता हो सकती है। विद्यार्थियों के अध्ययन में सफलता मिलेगी। अनुकूल समय का लाभ लें। कुछ कार्य भी संभव हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर करने से ही सफलता हो होगा। घर गृहस्थी का प्रेम बढ़ेगा। रचनात्मक सोच कार्य करेंगे। शुभांक: 5 7 8

मीन — इंडस्ट्रीज — पूर्व दिशा

कमला हैरिस की मजबूत होगी दावेदारी

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में हैरिस का साथ दे सकते हैं बराक ओबामा

वॉशिंगटन। अमेरिका में इसी साल नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। चुनाव के दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं वैसे-वैसे यह दिलचस्प होता जा रहा है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने चुनाव से अपनी दावेदारी वापस ले ली है और राष्ट्रपति के रूप में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के रूप में कमला हैरिस के नाम का समर्थन किया है। इस बीच पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप समर्थन देने जा रहे हैं। यह खबर समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने एनबीसी न्यूज हवाले से दी है। उधर डोनाल्ड ट्रंप से

डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार हैरिस को कड़ी टक्कर मिलती दिखाई दे रही है। चुनाव प्रचार अभियान में एक साथ शामिल हो सकते हैं हैरिस-ओबामा

रॉयटर्स ने रिपोर्ट में कहा है कि ओबामा ने निजी तौर पर हैरिस की उम्मीदवारी का पूरा समर्थन किया है और वे उनके साथ लगातार संपर्क में हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि बराक ओबामा और कमला हैरिस चुनाव प्रचार अभियान में एक साथ आकर शामिल हो सकते हैं। आयोजक दोनों नेताओं को एक साथ लाने के लिए तैयारी कर रहे हैं। हालांकि अभी इसके लिए कोई तारीख तय नहीं की गई है।क्या हैरिस को सपोर्ट कर देंगे ओबामा!

न्यूयॉर्क टाइम्स पोस्ट की रिपोर्ट में ओबामा को नाराज बताया गया है। वहीं दूसरी ओर एनबीसी न्यूज ने दावा किया है कि ओबामा डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप में हैरिस का समर्थन करने की योजना बना रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ओबामा ने निजी तौर पर हैरिस की उम्मीदवारी का समर्थन किया है और उनके साथ नियमित संपर्क में हैं। वह सार्वजनिक तौर भी हैरिस के नाम का समर्थन करेंगे। हालांकि ओबामा कब ऐसा करेंगे, इसकी कोई तारीख रिपोर्ट में नहीं दी गई है।

राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी छोड़ने पर कहा- नई पीढ़ी को मशाल सौंपी

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन कोरोना महामारी से ठीक होकर 7 दिन बुधवार को देश के सामने आए। बाइडेन ने राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी छोड़ने पर ओवल ऑफिस से देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा, मैं नई पीढ़ी को मशाल सौंपना चाहता हूं।बाइडेन का ये ओवल ऑफिस से यह चौथा संबोधन था। बुधवार को उनके एड्रेस के दौरान पत्नी जिल बाइडेन, बेटी ऐशले बाइडेन, बेटा हंटर बाइडेन समेत बाइडेन के नाती-पोते भी वहां मौजूद रहे।

बाइडेन की सीट के पीछे भी परिवार के साथ उनकी अलग-अलग तस्वीरें रखी हुई थीं। अपनी 11 मिनट की स्पीच के दौरान बाइडेन ने अमेरिका की राजनीति में उतरने और शिखर तक पहुंचने के बारे में बात की। उनके स्पीच के दौरान पत्नी समेत पूरा परिवार भावुक हो गया। बेटी ऐशले ने बाइडेन को गले भी लगाया। हाहकलाते बच्चे को राष्ट्रपति बनने का मौका दिया

बाइडेन ने कहा, ह्वमैं राष्ट्रपति पद का सम्मान करता हूं, लेकिन मैं अपने देश से ज्यादा प्यार करता हूं।ह्व बाइडेन बचपन में हकलाते थे। उसका जिक्र करते हुए बाइडेन ने कहा, ह्वआपने एक हकलाने वाले बच्चे को आगे बढ़ने का मौका दिया। मैं इसके लिए सबका शुक्रगुजार हूं। मैंने अपने जीवन के 11 साल देश की सेवा में दिए हैं। यह सिर्फ अमेरिका में ही हो सकता है।ह्वडेन ने कहा, ह्वअमेरिका के बारे में सबसे अच्छी बात है कि यहां किसी राजा या तानाशाह का शासन नहीं है। यहां लोगों का राज है। अब इतिहास लिखना आपके हाथ में है।

भारतवंशी कनाडाई सांसद बोले- खालिस्तानियों ने देश प्रदूषित किया

ओटावा। भारतीय मूल के एक कनाडाई सांसद चंद्र आर्य ने कहा है कि खालिस्तानियों ने कनाडा को प्रदूषित कर दिया है। सांसद ने आरोप लगाया कि खालिस्तानी अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग कर रहे हैं।

कनाडा में बढ़ते हिंदूफोबिया के बीच अल्बर्टा राज्य के एडमंटन में सोमवार को कट्टरपंथियों ने इज़ढर स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की थी। साथ ही मंदिर की दीवार पर भारत विरोधी नारे भी लिखे गए थे।

मंदिर की दीवारों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा में हिंदू सांसद चंद्र आर्य के खिलाफ नफरत भरे शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। खालिस्तानी समर्थकों ने लिखा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडाई सांसद हिंदू आतंकवादी है और वे कनाडा विरोधी हैं। खालिस्तानी समर्थकों से हिंदू और भारतीय चिंतित

सांसद आर्य ने कहा, ह्वकनाडा में पिछले कुछ समय से हिंदू मंदिरों और समुदाय के लोगों को निशाना बनाए जाने से भारतीय समुदाय चिंतित है। पिछले कुछ सालों में ग्रेटर टोरंटो एरिया, ब्रिटिश कोलंबिया और कनाडा के अन्य स्थानों पर हिंदू मंदिरों को नफरत भरी भाषा का इस्तेमाल कर नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

सिख फॉर जस्टिस के आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने खुलेआम हिंदुओं को निशाना बनाया है। पिछले सात उसने सार्वजनिक रूप से हिंदुओं से भारत लौटने का आह्वान किया था।ह्वनफरत फैलाने का बावजूद बच निकलते हैं खालिस्तानी

कनाडा के सांसद चंद्रा आर्य इस घटना से चिंतित हैं। उन्होंने कहा- ब्रैम्पटन और वैंकूवर में खालिस्तानी समर्थकों ने रोड शो में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की तस्वीरें दिखाकर और घातक हथियार लहराकर सार्वजनिक रूप से जश्न मनाया। जैसा कि मैंने हमेशा कहा है, खालिस्तानी चरमपंथी अपनी नफरत और हिंसा की सार्वजनिक बयानबाजी से आसानी से बच निकलते हैं।

नीतीश कुमार के सपोर्ट में उतरीं शांभवी चौधरी समझाया महिलाओं पर दिए बयान का असली मतलब

पटना। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने बुधवार को विधानसभा राजद विधायक को टोकते हुए महिलाओं पर टिप्पणी की। इसके बाद, विपक्ष ने हंगामा करना शुरू कर दिया। अब तक बवाल थमा नहीं है। इस बीच, समस्तीपुर से लोजपा (रामविलास) की सांसद शांभवी चौधरी ने नीतीश कुमार का सपोर्ट किया है। इसके साथ, उन्होंने नीतीश के बयान का मतलब भी समझाया है।

शांभवी चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार यह कह रहे थे कि महिलाएं जो आज सदन में आकर बोल रही हैं, वो अधिकार हमने दिया है। महिलाएं जो हाय-हाय कर रही थीं, उस पर वो कह रहे थे कि आप ऐसा क्यों कर रहीं है? आपको अधिकार तो हमने दिया है।

नीतीश कुमार और एनडीए की वजह से महिलाओं की गूंज रही आवाज- शांभवी

शांभवी ने आगे कहा कि उनका (नीतीश कुमार) का कहने का मतलब यह था कि महिलाओं की जो आवाज आज सदन में गूंज रही है वो नीतीश कुमार और एनडीए की वजह से मिली है।

वियनतियाने पहुंचे जयशंकर, आसियान की बैठक में भाग लेंगे; अन्य देशों के समकक्षों से भी कर सकते हैं मुलाकात

वियनतियाने (लाओस)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर आसियान बैठक के लिए गुरुवार को लाओस की राजधानी वियनतियाने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह दक्षिण पूर्वी राष्ट्रों के संगठन के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए उत्सुक हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत अपनी ह्वएक्ट ईस्ट नीति के 10 साल पूरे कर रहा है।

जयशंकर को लाओस के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री सेलुमक्से कोमासिथ ने आसियान-भारत, पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) और आसियान क्षेत्रीय मंच (एआरएफ) के प्रारूप में आसियान ढांचे के तहत विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। विदेश मंत्री ने एक्स पर लिखा, ह्वआसियान की बैठकों के लिए लाओस के वियनतियाने पहुंच गया हूं। हम आसियान के साथ भारत के संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि हम एक्ट ईस्ट नीति का एक दशक पूरा कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने उनकी यात्रा से पहले एक बयान में कहा, यह दौरा आसियान केंद्रित क्षेत्रीय वास्तुकला, आसियान एकता, हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर आसियान आउटलुक (एओआईपी) और आसियान-भारत की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए भारत की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एमईए ने कहा, इस दौरे का खास महत्व है, क्योंकि भारत अपनी एक्ट ईस्ट नीति के दस साल पूरे कर रहा है।

पासपोर्ट के मामले में पाकिस्तान की स्थिति खराब, रैंकिंग में नीचे से चौथे स्थान पर

इस्लामाबाद। विश्व स्तर पर सबसे खराब पासपोर्ट के मामले में पाकिस्तान ने अपनी स्थिति बरकरार रखी है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स के अनुसार, सबसे खराब पासपोर्ट के रूप में पाकिस्तान चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान ने अपनी यह स्थिति पिछले चार साल से बरकरार रखी है। मंगलवार को जारी ताजा रैंकिंग में पाकिस्तान का पासपोर्ट यमन के साथ 100वें स्थान पर है। पाकिस्तान के पासपोर्ट के जरिए केवल 33 देशों में बिना वीजा के प्रवेश लिया जा सकता है।। सबसे खराब पासपोर्ट के मामले में पाकिस्तान केवल ईरान (01), सीरिया (102) और अफगानिस्तान (103) से आगे है।

अफगानिस्तान का पासपोर्ट सबसे कमजोर रैंकिंग को लेकर एक विज्ञप्ति में कहा गया, अफगानिस्तान के पासपोर्ट को दुनिया का सबसे कमजोर पासपोर्ट बताया गया है। इस पासपोर्ट के जरिए केवल 26 देशों में बिना वीजा के प्रवेश पा सकते हैं। पिछले 19 वर्षों में यह इतिहास का सबसे कम स्कोर है। सबसे मजबूत पासपोर्ट के मामले में सिंगापुर शीर्ष पर है। सिंगापुर के पासपोर्ट के जरिए 195 देशों में बिना वीजा प्रवेश ले सकते हैं। दूसरे स्थान पर जर्मनी, इटली, जपान, फ्रांस, और स्पेन है। इनके पासपोर्ट के जरिए 192 देशों में वीजा फ्री एंट्री ले सकते हैं।

तीसरे स्थान पर ऑस्ट्रिया, फिनलैंड, आयरलैंड, लक्समबर्ग, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया और स्वीडन है, जिनके पासपोर्ट के जरिए 191 देशों में यात्रा कर सकते हैं। चौथे स्थान पर बेल्जियम, डेनमार्क, न्यूजीलैंड, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड है। इनके पासपोर्ट के जरिए 190 देशों में घूम सकते हैं। सबसे ताकतवर पासपोर्ट के मामले में अमेरिका आठवें स्थान है। शीर्ष-10 में पहली बार संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने पहली बार जगह बनाई है। यूएई के पासपोर्ट के जरिए 185 देशों में बिना वीजा के घूम सकते है। दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट की लिस्ट में भारत एक पायदान फिसल गया है। हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2024 में भारत इस बार 82वें नंबर पर है और भारतीय पासपोर्ट धारक 58 देशों में बिना वीजा के प्रवेश पा सकते है।

टू-व्हीलर बाजार के किए 4जी स्मार्ट एंड्रॉइड क्लस्टर और 4जी स्मार्ट मॉड्यूल लॉंच

मुंबई। सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक और जियो विंग्स लिमिटेड ने दोपहिया बाजार के लिए ह्वमेड इन इंडियाह्व स्मार्ट डिजिटल क्लस्टर और स्मार्ट मॉड्यूल लॉंच करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इससे दोपहिया यानी टू-व्हीलर बाजार में और खासकर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कैटेगरी में हलचल मच सकती है। जियो विंग्स लिमिटेड एंड-टू-एंड इंटरनेट ऑफ विंग्स सॉल्यूशन्स देने वाली और जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड की एक सहायक कंपनी है।

मीडियाटेक के कॉरपोरेट वरिष्ठ उपाध्यक्ष और इंटेलिजेंट डिवाइस बिजनेस ग्रुप के महाप्रबंधक जेरी यू ने कहा, ह्वमीडियाटेक द्वारा संचालित 2-व्हीलर स्मार्ट डिजिटल क्लस्टर पर जियो विंग्स के साथ सहयोग आईओटी और ऑटोमोटिव दोनों क्षेत्रों में इनोवेशन को लेकर हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। यह क्लस्टर 2-व्हीलर स्मार्ट डैशबोर्ड के भविष्य के लिए हमारे विजन के अनुरूप है कंपनी ने अपने बयान में कहा है कि अत्याधुनिक चिपसेट बनाने में मीडियाटेक की महारत और प्रोडक्ट इनोवेशन में जियो का इतिहास इस सॉल्यूशन को न केवल भारत में बल्कि वैश्विक बाजारों में भी एक टर्न-की आधार पर पेश करेगा। भारतीय दोपहिया ईवी बाजार के 2025 के अंत तक 10,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है जिसमें 30 लाख से अधिक वाहन सड़क पर होंगे। जियो विंग्स और मीडियाटेक के बीच यह सहयोग ऑटोमोटिव उद्योग में इलेक्ट्रॉनिक वाहनों की बढ़ती मांग को पूरा करेगा।

लगातार पांचवें दिन भी गिरा शेयर बाजार

मुंबई । विश्व बाजार की गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर तिमाही परिणाम कमजोर रहने से एक्सिस बैंक के शेयरों के पांच प्रतिशत से अधिक गिरने से आज शेयर बाजार लगातार पांचवें दिन भी गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 109.08 अंक टूटकर 80,039.80 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 7.40 अंक की मामूली गिरावट लेकर 24,406.10 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.22 प्रतिशत उतरकर 46,715.80 अंक और स्मॉलकैप 0.14 प्रतिशत फिसलकर 53,758.01 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4023 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1812 में गिरावट जबकि 2097 में तेजी रही वहीं 114 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 25 कंपनियों में बिकवाली जबकि 25 में लिवाली हुई।

स्वतंत्र चेतना
प्रकाशक, मुद्रक आर.सी.गुप्त द्वारा डी.ए.चेतना प्रकाशन प्रा.लि. के लिए 8-ए हेस्टिंग्स रोड, इलाहाबाद से मुद्रित तथा प्रकाशित फोन नं. 0532-2423438
आर.एन.आई. संख्या 54328/91

सम्पादक : आर.सी.गुप्त

दिल्ली कार्यालय : ए-29, द्वितीय तल, विक्रम नगर, फिरोजशाह कोटला/फोन नं. 011-23724374
गोरखपुर कार्यालय
शाहमारूफ, हिन्दी बाजार, गोरखपुर
फोन-0551-2341010
लखनऊ कार्यालय
15, ए.पी.सेन रोड, चारबाग, लखनऊ
फोन-0522-4101353
कानपुर कार्यालय
16/17 सिविल लाइन्स कानपुर
फोन-0512-2304107
आजमगढ़ कार्यालय
चेतना भवन, एलवल (निकट आर्य समाज मन्दिर) फोन-05462-223430 फैक्स-05462-223431
फैजाबाद कार्यालय
2/1/51/ए-4 बड़ा डाकखाना के बगल में सिविल लाइन्स,फैजाबाद
फोन : 05278-223035
वाराणसी कार्यालय:
18/20,बी,1/11 इमलीक कालोनी प्रथम तल चेतना भवन अनन्ता कालोनी, नदेसर, वाराणसी। फोन: 0542-2502011
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद गोरखपुर न्यायालय के अधीन ही होंगे।
email-anandchetnanews@gmail.com

बिल्व पत्र के बिना अधूरी रहती है शिव पूजा

ताजे बिल्व पत्र न मिले तो पुराने पत्तों को ही धोकर फिर से चढ़ा सकते हैं शिवलिंग पर

अभी सावन महीना चल रहा है और इस महीने में शिव जी की विशेष पूजा की जाती है। शिव पूजा में बिल्व पत्र का महत्व काफी अधिक है। इन पत्तों के बिना शिव पूजा अधूरी मानी जाती है। बिल्व पत्रों से शिवलिंग का श्रृंगार करना चाहिए। भोग लगाते समय भी प्रसाद के साथ बिल्व पत्र रखे जाते हैं।

उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, शिव पूजा में जल के साथ ही बिल्व पत्र अनिवार्य है। शिवलिंग पर चढ़े हुए बिल्व पत्र खाने की परंपरा भी है। बिल्व के सेवन से धर्म लाभ के साथ ही स्वास्थ्य लाभ भी मिल सकते हैं।

मान्यता है कि अगर कोई व्यक्ति जल के साथ सिर्फ बिल्व पत्र ही शिवलिंग पर चढ़ा देता है तो उसे शिव कृपा बहुत जल्दी मिल जाती है। एक पौराणिक कथा के अनुसार एक शिकारी शिकार के लिए बिल्व पत्र के पेड़ पर चढ़ गया था। शिकार की राह देखते समय शिकारी

ने अनजाने में ही बिल्व पत्र तोड़कर नीचे फेंकना शुरू कर दिए। पेड़ के नीचे शिवलिंग था, उस शिकारी के फेंके हुए बिल्व पत्र शिवलिंग पर गिर रहे थे। इससे शिव जी प्रसन्न हो गए और उस शिकारी को दर्शन दिए थे। इस वजह से शिवलिंग पर बिल्व पत्र चढ़ाने की महिमा बताई गई है।

बिल्व पत्र से जुड़ी ये बातें ध्यान रखें

अष्टमी, चतुदर्शी, अमावस्या और रविवार को बिल्व पत्र नहीं तोड़ना चाहिए। इन दिनों में बाजार से खरीदकर लाए हुए बिल्व पत्र शिवलिंग पर चढ़ा सकते हैं।

शिवलिंग पर चढ़ाए गए बिल्व पत्र बासी नहीं माने जाते हैं। एक ही बिल्व पत्र को बार-बार धोकर अगले दिन फिर से पूजा में चढ़ाया जा सकता है।

अगर ताजे बिल्व पत्र नहीं मिल रहे हैं तो शिवलिंग पर चढ़े हुए बिल्व पत्र को धोकर फिर से शिवलिंग पर चढ़ा सकते हैं।

शिवपुराण में बिल्व वृक्ष को शिव जी का ही रूप बताया गया है। इसे श्रीवृक्ष भी कहते हैं। श्री देवी लक्ष्मी का ही एक नाम है। इस कारण बिल्व की पूजा से लक्ष्मी जी की भी कृपा मिलती है।

इस पेड़ की जड़ों में गिरिजा, तने में महेश्वरी, शाखाओं में दक्षायनी, पत्तियों में पार्वती, फूलों में गौरी और फलों में देवी कात्यायनी वास करती हैं। इसी वजह से इस वृक्ष को दैवीय वृक्ष कहा जाता है।